RNI NO.: MAHHIM/2010/41894

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित




https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 14 ■ अंक 116 ■ पुणे, गुरुवार 13 मार्च 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



लाल-गुलाल अमोल लिए हैं, तरू-तरू के तन खोल दिए हैं

पेज-4



इस्लाम से भी पहले के ग्रंथों में है संभल, 1526 में विष्णु मंदिर तोड़ा गया : योगी

पेज-6



विधि पूर्वक और नियमों के साथ करें होलिका दहन

पेज-8



WPL : गुजरात जॉइंट्स पर मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी

पेज-9

### सूचना

रंगों के त्यौहार होली के उपलक्ष्य में 'हमारा महानगर' कार्यालय में गुरुवार 13 मार्च 2025 को अवकाश रहेगा। इसलिए शुक्रवार 14 मार्च 2025 का अंक प्रकाशित नहीं होगा। अब हमारी अगली मुलाकात शनिवार 15 मार्च 2025 को होगी।

-संपादक

## Short News एक नजर

### यूपी में मस्जिदों को तिरपाल से ढंका

**शाहजहांपुर।** इस बार होली 64 साल बाद रमजान के जुमे के दिन है। इससे पहले 1961 में 4 मार्च को होली और रमजान का शुक्रवार (जुमा) साथ-साथ था। रंग में भंग न पड़ जाए, इसके लिए उत्तर प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट है। प्रदेश के 10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदल दिया गया है। मस्जिदों को रंग-गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 मस्जिदों को तिरपाल और पन्नी से ढंका गया है। यहां लाट साहब के जुलूस के लिए पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रही है। एक हजार से ज्यादा पुलिस जवान दूसरे जिलों से आए हैं। शाहजहांपुर में जूता मार होली खेलने की परंपरा 300 सालों से चली आ रही है। होली के दिन यानी 14 मार्च को लाट साहब का लंबा-चौड़ा जुलूस निकलेगा। इसमें एक व्यक्ति को लाट साहब बनाकर भैंसा गाड़ी पर बिठाया जाता है। लोग उस पर रंग, जूते-चप्पल बरसाते हैं।

### प्रेमी संग मिलकर पति की कर दी हत्या

**पुणे।** पुणे जिले के भोर तालुका में नीरा नदी के किनारे बोरी में एक युवक की लाश मिली। पुणे पुलिस ने कुछ ही घंटों में हत्या का खुलासा कर दिया। मृतक की कमीज पर लगे टेलर के टैग ने पुलिस को उसकी पहचान करने में मदद की। इससे पुलिस उसकी पत्नी और उसके प्रेमी तक पहुंची, जिन्होंने कथित तौर पर अपने अवैध संबंध का खुलासा होने पर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार महिला योगिता भिसे और उसके प्रेमी शिवाजी बसंत सुतार आरोपी हैं। मृतक पति का नाम सिद्धेश्वर भिसे है। पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने इसकी जानकारी दी है। पत्नी ने स्वीकार किया है कि उसने अपने प्रेमी की मदद से अपने पति की हत्या की है।

# संगीनों के साए में बरसेंगे रंग

## मुंबई की सुरक्षा के लिए 11 हजार पुलिसकर्मी तैनात



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

मुंबई पुलिस ने होली को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस दिन लगभग 11 हजार पुलिसकर्मी सड़कों पर तैनात रहेंगे, जो किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इस पर ध्यान रखेंगे। इसके अलावा बेवजह हुड़दंग मचानेवालों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

13 मार्च और 14 मार्च को होलिका दहन और होली खेली जानी है, जिसे लेकर मुंबई पुलिस ने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को तैनात किया है। इस दिन मुंबई में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है। इस अवसर पर कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए मुंबई में कुल 10989 पुलिसकर्मी और अधिकारी के अलावा अलग-अलग सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। होली को सुरक्षित और सुचारू रूप से मनाने के लिए, मुंबई पुलिस बल ने ट्रैफिक विभाग के साथ 07 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त,19 पुलिस उपायुक्त, 51 सहायक पुलिस आयुक्त समेत 1767 पुलिस अधिकारियों और 9145 पुलिस कॉन्सटेबल को तैनात किया गया है। इसके अलावा एस.आर.

### ▶▶ हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई

पी.एफ प्लाटून,आरसीपी प्लाटून, क्यूआरटी टीम, बीडीडीएस टीम, होम गार्ड जैसी समुचित पुलिस व्यवस्था की गयी है।

### 'ड्रंक एंड ड्राइव' के खिलाफ विशेष अभियान

उक्त दिन बृहन्मुंबई पुलिस बल विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी करेगा और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर गश्त की जाएगी। यातायात नियमों के उल्लंघन और 'ड्रंक एंड ड्राइव' के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले और अपराधियों की जांच करने के लिए एक अभियान भी चलाया जाएगा। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले व्यक्तियों, सार्वजनिक स्थानों पर अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्तियों, अनधिकृत शराब बेचने वाले प्रतिष्ठानों, अवैध गतिविधियों जैसे नशीली दवाओं की बिक्री या सेवन आदि के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सभी बंधक रिहा, 33 विद्रोही ढेर

## बलूच लड़ाकों का दावा:दो दिन में पाकिस्तानी सेना के 100 जवान मारे गए

**महानगर नेटवर्क**

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने अपहृत की गई रेलगाड़ी के 190 यात्रियों को बचाते हुए 33 उग्रवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग आईएसपीआर ने कहा कि इस दौरान 21 बंधकों और फ्रंटियर कोर के चार जवान भी मारे गए हैं। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि कुछ बंधकों की भी मौत हुई है। बलूच उग्रवादियों ने मंगलवार को एक सुरंग में हमला कर इस रेलगाड़ी पर कब्जा कर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों एवं उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही।

BLA का दावा है कि उसने 60 पाकिस्तानी सैनिकों को मार दिया है, इससे पहले मंगलवार को 40 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की थी। अब तक 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। BLA का दावा है कि अब भी 150 बंधक उसकी कैद में हैं। अगर अगले 20 घंटे में पाकिस्तान



सरकार ने बलूच कैदियों को रिहा नहीं किया तो इन सभी लोगों को भी मार दिया जाएगा।

इससे पहले बुधवार दोपहर को पाकिस्तानी सरकार ने बलूचिस्तान के क्वेटा में 200 ताबूत भेजे थे, जिसके लिए दावा किया था कि यह प्रोटोकॉल के तहत भेजे गए हैं। पाकिस्तानी सरकारी मीडिया का कहना है कि सभी बलूच लड़ाके मारे जा चुके हैं और कुछ बंधक भी मारे गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मारे गए लोगों के लिए संवेदना जाहिर की है।

**महिलाओं और बच्चों को बनाया ढाल**

पाकिस्तानी सेना के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बुधवार को इस ऑपरेशन की पुष्टि करते हुए कहा कि कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि विद्रोहियों ने महिलाओं और बच्चों को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया था।

### पाकिस्तान की सुरक्षा की नाकामी

इस घटना के 24 घंटे बाद भी, पाकिस्तान केवल 155 बंधकों को ही रिहा कर पाया है, जबकि बाकी बंधक अब भी आतंकियों के कब्जे में हैं। पाक की सेना और बीएलए के बीच मुठभेड़ जारी है, लेकिन सेना की रणनीति काफी सतर्कतापूर्वक की जा रही है क्योंकि विद्रोही आत्मघाती हमलावरों के रूप में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। यह घटना पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था की नाकामी को उजागर करती है।

### भारत पर बिना सबूत के आरोप

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने इस मामले में भारत पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बिना किसी ठोस सबूत के कहा कि बलूच विद्रोहियों को भारत का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत अफगानिस्तान में बैठकर बलूच विद्रोहियों की मदद कर रहा है। राणा सनाउल्लाह ने कहा, 'भारत ही इन विद्रोहियों की मदद कर रहा है और अफगानिस्तान में उन्हें पनाह मिल रही है।' उन्होंने अफगानिस्तान को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने यह मदद बंद नहीं की तो पाकिस्तान कार्रवाई करेगा।

# भारत और मॉरीशस के बीच अहम समझौते



**महानगर नेटवर्क**

**मॉरीशस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने बुधवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद दोनों की मौजूदगी में भारत और मॉरीशस के बीच अहम समझौते भी किए गए। दोनों देशों ने आज 8 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान दोनों नोताओं ने संयुक्त बयान भी जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मॉरीशस हमारा एक अहम साझेदार है। सभी के लिए सुरक्षा और विकास- 'सागर' की परिकल्पना की नींव 10 साल पहले मॉरीशस में रखी गई थी। 'ग्लोबल साउथ' के लिए हमारा दृष्टिकोण 'महासागर' यानी सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति होगा। हमारा दृष्टिकोण विकास के लिए व्यापार, उन्नति के वास्ते दक्षता विकास और साझा भविष्य के लिए आपसी सुरक्षा पर केंद्रित है। ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आमतौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, '140 करोड़ भारतीयों की ओर से मैं मॉरीशस के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं देता हूं। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर फिर से आने का अवसर मिला है।

# हरियाणा में अब ट्रिपल इंजन की सरकार

## 10 में से 9 शहरों में BJP के मेयर, कांग्रेस के खाते में जीरो



**महानगर नेटवर्क**

**चंडीगढ़**

हरियाणा नगर निकाय चुनाव में 10 में से 9 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के कैंडिडेट्स ने जीत का परचम लहराया है, तो वहीं एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई है। कांग्रेस पार्टी का किसी भी निगम में खाता तक नहीं खुल सका है। यहां तक कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ रोहतक में भी कांग्रेस पार्टी अपना खाता नहीं खोल पाई है। सिरसा से भी बीजेपी की जीत हुई है। यहां से भी भारतीय जनता पार्टी का चेयरमैन बना।

हरियाणा में मेयर पद के लिए हुए चुनाव में बीजेपी ने पानीपत, गुरुग्राम, रोहतक, हिसार, करनाल, अंबाला, सोनीपत, फरीदाबाद और यमुनानगर की 9 सीटों पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। मानेसर सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. इंद्रजीत यादव से बीजेपी की उम्मीदवार हार गई। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुंदर लाल को करारी शिकस्त दी।

भारतीय जनता पार्टी की नगर निकाय चुनाव में जीत पर मुख्यमंत्री सैनी ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, 'आज आए स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों में हरियाणा की जनता ने ट्रिपल इंजन सरकार पर अपनी मुहर लगाई है। मैं हरियाणा की जनता का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। चुनाव आयोग और सभी अधिकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए धन्यवाद देता हूं। हमारी स्थानीय निकाय सरकार और यह ट्रिपल इंजन सरकार पीएम नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगी।

**हरियाणा के नौ शहरों में बीजेपी के मेयर**

| | |
|---|---|
| पानीपत | कोमल सैनी (बीजेपी) |
| गुरुग्राम | राजरानी मल्होत्रा (बीजेपी) |
| रोहतक | राम अवतार (बीजेपी) |
| हिसार | प्रवीण पोपली (बीजेपी) |
| करनाल | रेणु बाला गुप्ता (बीजेपी) |
| अंबाला | शैलजा सचदेवा (बीजेपी) |
| सोनीपत | राजीव जैन (बीजेपी) |
| फरीदाबाद | प्रवीन जोशी (बीजेपी) |
| यमुनानगर | सुमन बहमनी (बीजेपी) |
| मानेसर | डॉ. इंद्रजीत यादव (निर्दलीय) |

# पिता के बाद अब उदयनिधि बोले- जल्द बच्चे पैदा करें

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन ने राज्य के लोगों से जल्द से जल्द बच्चे पैदा करने की अपील की है। साथ ही बच्चों के नाम तमिल में रखने को कहा है। उदयनिधि ने कहा-हमने राज्य की जनसंख्या नियंत्रित की लेकिन अब हमें इससे समस्या हो रही है। मैं नए शादीशुदा जोड़ों से अनुरोध करता हूं कि वे जल्द से जल्द बच्चे पैदा करें। अगर परिसीमन होता है तो हम लोकसभा में आठ सीटें खो देंगे जबकि उत्तरी राज्यों को 100 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। चेन्नई के एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद उदयनिधि यह बात कही।



# एयरटेल के बाद जियो की भी स्पेस-X से डील




**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**


एयरटेल के बाद अब देश की सबसे बड़ी टेलिकॉम सर्विस प्रोवाइडर रिलायंस जियो ने भी इलॉन मस्क की कंपनी स्टार लिंक के साथ सैटेलाइट इंटरनेट प्रोवाइड करने के लिए करार किया है। कल यानी मंगलवार (11 मार्च) को टेलिकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने अमेरिकी कंपनी के साथ करार किया था। एयरटेल ने कल स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। समझौते के तहत, स्पेसएक्स और एयरटेल बिजनेस, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों और दूरदराज के क्षेत्रों में स्टारलिंक सर्विसेस देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

# सात महीने के निचले स्तर पर आई महंगाई

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सब्जियों और प्रोटीन युक्त खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण फरवरी में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.61 प्रतिशत पर आ गई। यह सात महीने का निचला स्तर है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए अगले महीने ब्याज दरों में दूसरी बार कटौती की गुंजाइश बनी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई दर जनवरी में 4.26 प्रतिशत और फरवरी 2024 में 5.09 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि फरवरी 2025 के लिए साल-दर-साल मुद्रास्फीति दर 3.75 प्रतिशत थी।



एनएसओ ने अपने आंकड़े में कहा, जनवरी 2025 की तुलना में फरवरी 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति में 222 आधार अंकों की तीव्र गिरावट देखी गई है। फरवरी 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति मई 2023 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा कि फरवरी के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस और मछली, दालों और उत्पादों; तथा दूध और उत्पादों की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण हुई है। आरबीआई, जिसे खुदरा महंगाई दर को 4 प्रतिशत (दो फीसदी ऊपर या नीचे) के दायरे में बनाए रखने का दायित्व सौंपा गया है। रिजर्व बैंक ने महंगाई के मोर्चे पर चिंता कम करने के लिए पिछले महीने अल्पकालिक उधार दर (रेपो) में 25 आधार अंकों की कटौती की थी।




# भारत में बिना वैध पासपोर्ट घुसने पर पांच साल जेल

## लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पेश; जो विदेशी भारत के लिए खतरा, उसे एंट्री नहीं

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत आने वाले विदेशी नागरिकों की आवाजाही प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के लिए केंद्र सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में इमिग्रेशन और विदेशी विधेयक-2025 पेश किया। इस बिल के मुताबिक यदि कोई गैर कानूनी तरीके से किसी विदेशी को देश में लाता, ठहराता या बसाता है, तो उसे 3 साल जेल या 2 से 5 लाख रुपए का जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है।



भारत में आने के लिए किसी भी विदेशी के पास 'वैध पासपोर्ट और वीजा' होना अनिवार्य होगा। विपक्ष ने लोकसभा में इस बिल का विरोध किया।

पासपोर्ट एक्ट, 1920 विदेशी पंजीकरण एक्ट, 1939 फॉरेनर्स एक्ट, 1946 इमिग्रेशन एक्ट, 2000 यदि कोई शिक्षण या मेडिकल संस्थान, अस्पताल या निजी आवास के मालिक किसी विदेशी नागरिक को रखते हैं तो उन्हें पहले इसकी सूचना सरकार को देनी होगी। कोई भी विदेशी किसी भी संस्थान में दाखिला लेता है तो उसे एक फॉर्मेट में अपनी जानकारी भरकर पंजीकरण अधिकारी को देनी होगी। इस कानून का मकसद राष्ट्रीय सुरक्षा तय करना है। साथ ही भारत में आने-जाने और रहने से जुड़े नियमों को सख्त बनाना है।

## सोने से जड़ा, संगमरमर से सजा,500 करोड़ खर्च

# एक और 'शीशमहल' की चर्चा तेज



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के 'शीशमहल' पर विवाद अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी के भव्य बंगले पर सियासी घमासान मच गया है। विशाखापट्टनम के ऋषिकोंडा इलाके में करीब 10 एकड़ में फैला यह आलीशान महल 500 करोड़ की लागत से बना है। अब राजनीतिक हलकों में चर्चा का केंद्र बन चुका है। रेड्डी का यह महल किसी राजसी हवेली से कम नहीं है। इसमें इटालियन संगमरमर की फर्श, सोने की कारीगरी से जड़े दरवाजे और खिड़कियां, महंगे विदेशी फर्नीचर और तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। इस बंगले में चार ब्लॉक्स बनाए गए हैं, जिनके लिए पहाड़ तक काट दिए गए।

# लाडली बहनों की संख्या में 13 लाख का इजाफा!

## ● महिला और बाल विकास मंत्री ने विधानसभा में दी जानकारी

महानगर संवाददाता
मुंबई



पिछले कुछ दिनों से चर्चा थी कि विधानसभा चुनाव के बाद महायुति सरकार ने मुख्यमंत्री मेरी लाडकी बहीण योजना के लाभार्थियों की संख्या में कटौती की है। बुधवार को महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले अर्थात अक्टूबर 2024 में लाडली बहन योजना के लाभार्थियों की संख्या 2 करोड़ 33 लाख 64 हजार थी, जो फरवरी माह में बढ़कर में 2 करोड 47 लाख हो गई है। यानी विधानसभा चुनाव के बाद महिला लाभार्थियों की संख्या में तकरीबन 13 लाख का इजाफा हुआ है। लाडली बहनों को हर माह मिलने वाली राशि 1500 रुपए से बढ़ाकर 2100 रुपए कब की जाएगी? इस सवाल के जवाब में महिला बाल विकास मंत्री ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार इस बारे में फैसला लेंगे। महायुति सरकार की इस पर नजर है कि लाडली बहनों के साथ कोई धोखाधड़ी न हो। विधानसभा चुनाव में लाडली बहन योजना की वजह से महायुति सरकार को बड़ा प्रतिसाद मिला। हालांकि विपक्ष सरकार पर लगातार आरोप लगा रहा था कि चुनाव के बाद योजना के लाभार्थियों की संख्या में कटौती की जा रही है। गुरुवार को राज्य विधानसभा में लाडली बहन योजना के क्रियान्वयन को लेकर राकांपा शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार ने सवाल उठाया।



### आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए 21 करोड़ की रकम

उन्होंने मंत्री से सवाल किया कि लाडली बहनों के रजिस्ट्रेशन में सहयोग करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं को अभी भी प्रोत्साहन रकम नहीं मिली है? साथ ही जिन महिला कृषकों को कृषि सम्मान योजना का लाभ मिलता है, उन्हें योजना का लाभ से वंचित किया जा रहा है?
इस सवाल का जवाब देते हुए महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि हमनें लाडली बहन योजना शुरू करते वक्त आंगनबाडी सेविकाओं को इंटेसिव देने की घोषणा की थी। इसके लिए 21 करोड़ रुपए की रकम जमा करा दी गई है। 24 जिलों से अधिक आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के खाते में रकम जमा करने की शुरुआत कर दी गई है। दूसरे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि लाडली बहन योजना की जब घोषणा की गई थी, तभी शासन निर्णय में यह बात स्पष्ट की गई थी कि जो महिला लाभार्थी किसी सरकारी योजना में 1500 रुपए या उससे अधिक का लाभ ले रही हैं, उसे इस योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

### नमो कृषि योजना के तहत महिलाओं को 1,000 रुपए

अगर नमो कृषि योजना के तहत महिलाओं को 1,000 रुपए मिल रहे हैं, तो लाडकी बहन योजना के तहत अतिरिक्त 500 रुपए दिए जाते हैं। इसलिए भले ही अन्य योजनाओं के लाभार्थी हों, लेकिन अंतर की राशि सरकार द्वारा दी जा रही है।
अदिति तटकरे ने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले अर्थात अक्टूबर 2024 में लाडली बहन योजना के लाभार्थियों की संख्या 2 करोड़ 33 लाख 64 हजार थी, जो वर्ष 2025 के फरवरी माह में बढ़कर में 2 करोड 47 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ 1500 रुपए से बढ़ाकर 2100 रुपए करने का निर्णय राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दोनों उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार लेंगे। चर्चा में वरुण सरदेसाई सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने का कानून होगा कठोर

## सूचना देने के लिए 104 नंबर कार्यरत

## नंबर को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा

महानगर संवाददाता
मुंबई

कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए सरकार मौजूदा कानून में संशोधन कर उसे कठोर बनाएगी। विधानसभा में इस बात की घोषणा स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने की। विधानसभा सदस्य श्वेता महाले ने सवाल उठाया था कि राज्य में बड़े पैमाने पर कन्या भ्रूण हत्या और अवैध गर्भपात का बड़ा रैकेट काम कर रहा है और इसमें स्थानीय डॉक्टरों और गर्भपात सेंटरों की मिलीभगत है। इस मामले के आरोपियों को जमानत नहीं मिले, सरकार इसका प्रावधान करेगी? इस सवाल के जवाब में मंत्री प्रकाश आबिटकर ने कहा कि सरकार ने राज्य में लड़कियों की जन्म दर बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। पीसीपीएनडीटी एक्ट के माध्यम से कन्या भ्रूण हत्या जैसे अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा

पुलिस महानिरीक्षक, जिला कलेक्टर, जिला पुलिस प्रमुख और जिला शल्य चिकित्सक की अध्यक्षता में समितियां गठित की गई हैं। ये समितियां हर जिले में सक्रिय हैं और कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए काम कर रही हैं।
उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए फर्जी (डिकॉय) मामले में महिला को एक लाख रुपए की सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया है तथा इसका क्रियान्वयन शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि अवैध कन्या भ्रूण हत्या के बारे में सूचना देने के लिए 104 नंबर शुरू है। इस नंबर को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध गर्भ परीक्षण रोकने के लिए दूसरे राज्यों के गिरोह पर छापा मारने, जांच करने और उन पर कठोर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। इसके साथ जिला पुलिस प्रमुख और जिला कलेक्टर के स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रश्नोत्तर पर चर्चा में रोहित पवार और रणधीर सावरकर आदि ने भाग लिया।



## आग मामले में कॉन्ट्रेक्टर गिरफ्तार

**मुंबई।** एमआईडीसी पुलिस द्वारा महानगर गैस पाइपलाइन आग मामले में जेसीबी चालक और कॉन्ट्रेक्टर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए कॉन्ट्रेक्टर का नाम प्रवीण खैरनार है। खैरनार ने बिना परमिशन के जेसीबी लगाकर गड्डा खोदना शुरू कर दिया था। इस वजह से गैस की पाइपलाइन फटी और आग लग गई। पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है। अंधेरी स्थित एमआईडीसी इलाके में हुए पाइपलाइन गैस हादसे में एमआईडीसी पुलिस ने वहां काम करनेवाले ठेकेदार और जेसीबी चालक पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया था। आग लगने से हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दो में से एक कि मृत्यु भी हो गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

## मनपा ने 75 अवैध निर्माणों को हटाया

### सड़क चौड़ा होने से एक घंटे का सफर 15 मिनट में होगा पूरा

महानगर संवाददाता
मुंबई



मनपा प्रशासन ने भांडुप स्थित कक्कया शेट्टी मार्ग पर बने 75 निर्माणों को निष्काशित कर दिया। मनपा की इस कार्रवाई से 3 मीटर की हुई सड़क अब 18,30 मीटर हो गई। मनपा उपायुक्त संतोष धोड़े के निर्देश पर एस वार्ड के सहायक आयुक्त भास्कर कासगीकर ने कार्रवाई करते हुए भांडुप पश्चिम में कक्कय्या शेट्टी मार्ग पर बनी 75 अवैध निर्माण को निष्काशित करने का काम किया। इस निर्माण में 62 घरें और 13 दुकानें शामिल थीं। इस कार्रवाई के बाद हिंद रेक्टिफायर कंपनी से कक्कय्या शेट्टी तक की सड़क जो कि 3 मीटर संकरा मार्ग थी वह अब 18.30 मीटर चौड़ा हो गया है। मनपा ने इस अभियान में दो बुलडोजर, दो जेसीबी, दो अन्य वाहन, 80 श्रमिक, 30 इंजीनियर और 15 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। बता दे कि मनपा एस वार्ड में हिंद रेक्टिफायर कंपनी से कक्कय्या शेट्टी मार्ग पर अवैध निर्माणों के कारण यह रास्ता मात्र 3 मीटर चौड़ा रह गया था, जिससे इस मार्ग से एक समय में केवल एक ही वाहन गुजर सकता था। इसके अलावा कई नागरिकों को गावदेवी और तुळशेतपाड़ा जाने के लिए करीब दो किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ता था।

## मंत्री नितेश राणे पर भड़के डिप्टी सीएम अजित पवार

महानगर संवाददाता
मुंबई

महाराष्ट्र में इन दिनों हलाल मीट को लेकर घमासान छिड़ा है। इस बीच राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार ने इससे किनारा करते हुए कहा कि इस तरह के बयानों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे की तरफ इशारा करते हुए कहा, "विपक्ष हो या सत्ता पक्ष...महाराष्ट्र में ऐसा बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। महाराष्ट्र का नेतृत्व करने वाले सभी गणमान्य लोगों ने सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की कोशिश की।" एनसीपी अध्यक्ष अजित पवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदवी स्वराज्य की स्थापना करते समय जातियों या समुदायों के बीच भेदभाव नहीं किया। उन्होंने सभी को साथ लेकर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की। नई पीढ़ी को यह हमेशा याद रखना चाहिए." उन्होंने कहा, "दोनों पक्षों के सदस्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी बयान से कानून और व्यवस्था की समस्या न हो।

## दो लाख की एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार,पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**भिवंडी।** शहर में लगातार बढ़ रही ड्रग्स तस्करी पर लगाम कसते हुए भिवंडी पुलिस की अपराध शाखा ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक एमडी ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 1 लाख 93 हजार 500 रुपये की 58 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी का नाम एजाज अहमद निसार अहमद अंसारी (57 वर्ष) बताया जा रहा है। भिवंडी अपराध शाखा को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि एजाज अहमद नामक व्यक्ति कासिमपुरा रोड स्थित बाबा होटल के पास निझामुीन कंपाउंड में एमडी ड्रग्स की तस्करी कर रहा है। इस सूचना के आधार पर 11 मार्च की रात पुलिस की एक विशेष टीम ने कासिमपुरा कब्रिस्तान के पास जाल बिछाया और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने जब एजाज अहमद की तलाशी ली तो उसके पास से 58 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

# छोटे बच्चों की मदद से शादी समारोहों से उड़ा ले जाते थे लाखों रुपए

### अंतर्राज्यीय गिरोह "कड़िया सासी" का एक आरोपी गिरफ्तार



**विरार।** शादी समारोह में छोटे बच्चों की मदद से कीमती सामान चुराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह "कड़िया सासी" के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विरार के बोलिंज पुलिस स्टेशन की अपराध जांच शाखा की टीम ने मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले से आरोपी को हिरासत में लिया और 7.90 लाख रुपए नकद बरामद किए। यह कार्रवाई डीसीपी (जोन 3) जयंत बजबले और एसीपी विजय लगारे के मार्गदर्शन में बोलिंज पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रकाश कावले और अपराध पुलिस निरीक्षक प्रकाश सावंत के नेतृत्व में की गई। 20 फरवरी को रात करीब 9.45 बजे, विरार पश्चिम में ओल्ड विवा कॉलेज के पीछे मैदान में शादी समारोह चल रहा था। उसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने स्टेज पर रखे सूटकेस से 8 लाख रुपये नकद और 3 तोला सोने के गहने चोरी कर लिए। पुलिस जांच में सामने आया कि यह चोरी "कड़िया सासी" गिरोह ने की थी, जो मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के कड़िया, गुलखेड़ी और हुलकेड़ी गांवों में सक्रिय है। यह गिरोह नाबालिग बच्चों की मदद से भारत के अलग-अलग राज्यों में शादी समारोहों में चोरी की वारदातें अंजाम देता रहा है, गांव में कोई पुलिस की टिम इन को पकड़ने जाते तो यें गिरोह पुलिस टिम पर हमला कर देते थे। अधिकारियों के निर्देश पर अपराध जांच शाखा की टीम मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में पहुंची।

## प्लंबर पर पानी चोरी का केस दर्ज




**भिवंडी।** भिवंडी-निजामपुर शहर महानगर पालिका के जल आपूर्ति विभाग ने पानी चोरी और नगर पालिका की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बार फिर शांति नगर के प्लंबर शाह आलम पर शिकंजा कसा है। भरारी पथक के प्रमुख विराज भोईर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के तहत प्लांबर शाह आलम के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोप है कि प्लांबर शाह आलम ने नगर पालिका की मुख्य जलवाहिनी में अवैध रूप से छेद कर एक आधे इंच का नल कनेक्शन जोड़ा, जिससे न केवल 1,55,990 रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ, जिसमें 84,000 रुपए मूल्य का पानी भी चोरी का समावेश है। भिवंडी महानगर पालिका के अभियंता संदीप पटनावर, उप अभियंता सरफराज अंसारी के नेतृत्व में भरारी पथक ने जल चोरी पर नकेल कसने का अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जल संसाधनों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध हथियार बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**विरार।** क्राइम ब्रांच यूनिट-3 अवैध हथियार बेचने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह पूरी कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में यूनिट 3 के पुलिस निरीक्षक शाहुराज रणवरे के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक सुहास कांबले की टीम की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि,11 मार्च को लगभग 20:00 बजे,क्राइम ब्रांच यूनिट -3, विरार के एपीआई सुहास कांबले द्वारा प्राप्त एक गोपनीय रिपोर्ट के अनुसार,"यह पता चला था कि, कुछ लोग बिना लाइसेंस के पिस्तौल बेचने के लिए वैगनार कार में नालासोपारा पश्चिम,साईं सिटी के पास खारटन क्षेत्र में आने वाले हैं। वरिष्ठों ने रिपोर्ट की जांच करने और कार्रवाई करने का आदेश दिया था। उसके बाद एपीआई सुहास कांबले और उनकी टीम ने उक्त स्थान पर जाल बिछाया और एक सफेद रंग को वैगनार कार 3 शख्स (1) अब्दुल करीम शेख ,सद्दाम अब्बासअली शेख और राजकुमार मातादीन गौतम को हिरासत में लिया। उसकी तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोहे की पिस्तौल, मैगजीन, 5 जिंदा कारतूस,एक वैगनार कार सहित कुल 3,55,000 रुपए का माल बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ नालासोपारा पुलिस स्टेशन में अपराध शस्त्र अधिनियम, 1959 की धारा 3, 25 (1) (ए) और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 37 (1) (ए), 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच पुलिस कर रही है।




## सायबर जालसाजों द्वारा ठगी की गई रकम पुलिस ने वापस दिलाई

**काशीमिरा।** काशीमिरा के रहवासी एक व्यक्ति से सायबर जालसाजों ने करीब 5 लाख 25 हजार की रकम अपने खाते मे ट्रांसफर करा ली। इस व्यक्ति को इन जालसाजों ने अधिक लाभ का लालच देकर यह रकम अपने खातों मे जमा कराई थी । जब उस व्यक्ति को अपने साथ जालसाजी होने की बात मामुल पड़ी तो उसने सायबर पुलिस थाने मे इसकी शिकायत दर्ज कराई। साइबर पुलिस ने उस व्यक्ति द्वारा जमा कराएं गए खातों मे पहले वह रकम रूकवाई। इसके बाद उस व्यक्ति को सहयोग करके न्यायालय द्वारा उसकी जमा कराई गयी रकम में से 1 लाख 86 हजार उसे बैक द्वारा वापस दिलाएं। मिरा-भायंदर,वसई - विरार आयुक्तालय के गुनाह शाखा के पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे,सहा.पुलिस आयुक्त मदन बल्लाल के मार्गदर्शन मे सायबर पुलिस के प्रभारी अधिकारी सुजित कुमार गुंजकर एवं उनके सहयोगियों द्वारा इस मामले को हल किया गया ।

### विधान परिषद में मुख्यमंत्री फडणवीस ने दी जानकारी

## एमपीएससी की सभी परीक्षाएं मराठी में ली जाएंगी

महानगर संवाददाता
मुंबई



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि एमपीएससी के सभी तकनीकी प्रतियोगिता परीक्षा मराठी में आयोजित की जाएगी। बुधवार को विधान परिषद में यूबीटी सदस्य मिलिंद नार्वेकर ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग( एमपीएससी) प्रतियोगिता का मुद्दा उपस्थित किया था जिसमे नार्वेकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में एमपीएससी की परीक्षा अंग्रेजी में आयोजित किया जाता है परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थी की अंग्रेजी कमजोर होने के कारण फेल होने की डर से परीक्षार्थी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाते नार्वेकर ने कहा कि एमपीएससी की सभी प्रतियोगिता परीक्षा मराठी में आयोजित की जाए इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि चूंकि इंजीनियरिंग की किताबें मराठी में उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए ये परीक्षाएं अंग्रेजी भाषा में आयोजित की जाती हैं। लेकिन, अब मराठी भाषा में भी इंजीनियरिंग की पढ़ाई की इजाजत दे दी गई है. इसलिए इस कोर्स की किताबें अब मराठी भाषा में उपलब्ध होंगी. उसके अनुसार, सरकार ने इंजीनियरिंग परीक्षाओं का पाठ्यक्रम मराठी भाषा में तैयार करने और सभी तकनीकी पदों की प्रतियोगी परीक्षाएं मराठी में आयोजित करने की योजना बनाई है।

## करंट लगने से महिला की मौत

महानगर संवाददाता
नालासोपारा



पेल्हार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक 52 वर्षीय विवाहिता महिला को करंट लगने से मौत होने की घटना समाने आई है। इस मामले में पेल्हार पुलिस ने एडीआर के तहत केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार,रीता राकेश यादव उम्र 52 वर्ष,निवासी-मनिचापाड़ा रिचर्ड कंपाउंड, पेल्हार नालासोपारा पूर्व में रहती थी। बताया गया है कि,रीता 11 मार्च को शाम लगभग 6 बजे के आसपास कपड़े धोने के बाद उसे घर के बाहर दीवार के सहारे सुखाने के लिए टांगने चली गई,बिजली का मीटर दरवाजे के ठीक बगल में लगा था और बिजली के मीटर से जोरदार झटका लगा,जिससे रीता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि,उक्त घटना के मामले में बीएनएसएस की धारा 194 के तहत केस दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

### भूमि अधिग्रहण अब भी अधर में

## दिवा में अस्पताल के वादे पर सवाल

महानगर संवाददाता
ठाणे



दिवा क्षेत्र के निवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित अस्पताल की घोषणा तो हो चुकी है,लेकिन इसकी जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया अब भी अधूरी है। 2021 में ठाणे मनपा ने अगासन क्षेत्र में 100 बेड के अस्पताल समेत अन्य सुविधाओं के लिए 13.87 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय को भेजा था, लेकिन अब 2025 आ चुका है और जमीन का सर्वे भी पूरा नहीं हुआ है।
बता दें कि मनपा ने इस परियोजना के लिए 58 करोड़ रुपये की राशि सरकार से प्राप्त कर ली है, लेकिन स्थानीय निवासियों के विरोध के कारण अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। पहले नगर निगम ने मुआवजे के रूप में ट्रांसफर डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) देने का प्रस्ताव रखा था, जिसे निवासियों ने ठुकरा दिया। इसके बाद प्रशासन ने बाजार मूल्य पर मुआवजा देने की पेशकश की, लेकिन विवाद अब भी जारी है। दिवा की बढ़ती आबादी के बावजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है, जिससे स्थानीय लोगों को ठाणे या मुंबई जाकर इलाज कराना पड़ता है। इस क्षेत्र में अस्पताल की मांग लंबे समय से उठ रही है, लेकिन प्रशासनिक देरी और कानूनी प्रक्रियाओं में उलझने के कारण यह सपना साकार नहीं हो पा रहा है। हाल ही में ठाणे मनपा ने एक और पत्र कलेक्टर कार्यालय को भेजकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध किया है। अब देखना यह है कि यह अस्पताल वाकई बन पाएगा या फिर यह भी सरकारी कागजों में अटकी एक और योजना बनकर रह जाएगा।

## परे के कई स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर रोक




महानगर संवाददाता
मुंबई

आगामी त्योहारी सीज़न के दौरान होने वाली भारी भीड़ के मद्देनज़र पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस कदम का उद्देश्य प्लेटफॉर्म पर भीड़ को नियंत्रित करना और स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करना है। प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से लगा प्रतिबंध 16 मार्च, तक लागू रहेगा।
पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निम्नलिखित स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है।
**मुंबई सेंट्रल, बांद्रा टर्मिनस ,वापी,वलसाड , उधना, सूरत**
विनीत ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों, बुजुर्गों, महिला यात्रियों आदि की सहायता के लिए आने वालों को कुछ छूट दी गई है, ताकि उनकी यात्रा आसान हो सके। यात्रियों से अनुरोध है कि वे त्योहार के दौरान सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए तदनुसार योजना बनाएं और नए नियमों का पालन करें।

# पश्चिम रेलवे की दो महिला टिकट चेकिंग कर्मचारियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

### पश्चिम रेलवे नारी शक्ति की अदम्य भावना को सलाम करती है

महानगर संवाददाता
मुंबई

भारतीय रेल महिलाओं को सशक्त बनाने में सबसे आगे रहा है, उन्हें अपना कौशल और सामर्थ्य दिखाने के अवसर प्रदान करता है। रेलवे में नारी शक्ति की भूमिका बहुआयामी है और संगठन के विकास और सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में पश्चिम रेलवे की महिला टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने टिकट रहित यात्रा से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति दिखाई है। मुख्य टिकट निरीक्षक/सूरत नयना पटेल और उप मुख्य टिकट निरीक्षक/दादर मल्लिगा,ऐसी दो कर्मचारी हैं, जिन्होंने इस कार्य में अनुकरणीय प्रदर्शन किया है। वे दोनों क्रमशः गैर-उपनगरीय और उपनगरीय खंड में टिकट चेकिंग में सबसे अधिक राजस्व हासिल करने में सफल रही हैं।



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेलवे में महिलाओं ने रूढ़ियों को तोड़ा है और खुद को साबित किया है। मुख्य टिकट निरीक्षक नयना पटेल ने 2024 में असाधारण सेवा और कार्य का प्रदर्शन करते हुए अपने दृढ़ संकल्प और बड़े उत्साह के साथ स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता का परिचय दिया। उनके अथक प्रयासों से पश्चिम रेलवे के गैर-उपनगरीय खंड पर 4,470 से अधिक अनधिकृत यात्रियों का पता लगाकर टिकट जांच से लगभग 33 लाख रुपये की रिकॉर्ड तोड़ आय हुई, जबकि पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड की देखरेख करने वाली उप सीटीआई/दादर मल्लिगा ने जनवरी से दिसंबर, 2024 तक प्रभावशाली परिणाम प्राप्त किए,टिकट रहित यात्रा के लगभग 7,820 मामलों का पता लगाया और कैलेंडर वर्ष 2024 में 21.50 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया। विनीत ने बताया कि श्रीमती नयना पटेल और मल्लिगा की असाधारण समर्पण, सतर्कता और राजस्व संरक्षण तथा यात्री अनुपालन के प्रति प्रतिबद्धता ने अन्य महिला कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# बनकर रहेगा शक्तिपीठ महामार्ग : फडणवीस

## विपक्षी दलों की तरफ से एक्सप्रेस-वे का विरोध, आजाद मैदान के मोर्चे में शामिल हुए हजारों किसान






महानगर संवाददाता

मुंबई

विपक्ष दलों की तरफ से मुंबई के आजाद मैदान में शक्तिपीठ महामार्ग का विरोध करने के लिए मोर्चा निकाला गया, लेकिन विधान परिषद में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुलंद आवाज में शक्तिपीठ महामार्ग बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शक्तिपीठ महामार्ग बनाना चाहती है,क्योंकि इस महामार्ग के लिए सैकड़ों किसानों ने निवेदन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्तिपीठ महामार्ग नागपुर से सिंधुदुर्ग तक 12 जिलों से होकर गुजरेगा और महाराष्ट्र के महत्वपूर्ण शक्तिपीठों को जोड़ेगा। इससे मराठवाड़ा, विदर्भ और पश्चिमी महाराष्ट्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोल्हापुर जिले के कई किसानों ने स्वेच्छा से इस महामार्ग के लिए जमीन देने की इच्छा जताई है। कोल्हापुर हवाई अड्डे पर महामार्ग के समर्थन में एक हजार किसानों के निवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि हम किसानों की कठिनाइयों को समझने के लिए चर्चा करेंगे, उनकी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे, लेकिन यह महामार्ग महाराष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और यह बनकर रहेगा।

### 8 अप्रैल को लातूर में विशाल सभा

इधर कोल्हापुर, सोलापुर, सांगली, सिंधुदुर्ग, यवतमाल, वर्धा, बीड, परभणी, हिंगोली, नांदेड़, धाराशिव और लातूर जैसे 12 जिलों के किसानों ने बुधवार को शक्तिपीठ महामार्ग को रद्द करने की मांग को लेकर आजाद मैदान में विरोध प्रदर्शन किया। शक्तिपीठ विरोधी संघर्ष समिति की पहल और विधान परिषद में कांग्रेस गुट के नेता सतेज पाटिल के नेतृत्व में निकाले गए मोर्चे में हजारों किसानों ने भाग लिया। इस मौके पर राकांपा शरदचंद्र पवार के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, विजय वडेट्टीवार,पूर्व सांसद राजू शेट्टी सहित अन्य नेता उपस्थित थे। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने इस मौके पर तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के भाषण का एक वीडियो क्लिप चलाया, जिसमें वे कह रहे है कि शक्तिपीठ महामार्ग को रद्द करने की घोषणा कर रहे हैं। दानवे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर आरोप लगाया कि अब इसे रद्द नहीं कर पा रहे हैं, इसका मतलब है कि फडणवीस आपकी बात नहीं सुन रहे हैं। शक्तिपीठ महामार्ग के खिलाफ लड़ाई जारी रखने के लिए 8 अप्रैल को लातूर में एक विशाल सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# एसटी महामंडल बसों के लिए निकाले गए टेंडर की होगी जांच

## एक महीने के भीतर जांच पूरी,दोषियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन (एसटी) महामंडल की तरफ से एसटी बसों को किराए पर लिए जाने के लिए जारी की गई टेंडर प्रक्रिया में हुई अनियमितता की जांच की जाएगी और एक महीने के भीतर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को विधान परिषद में फडणवीस ने ऐसी घोषणा की है। सदस्य राजेश राठौड़ ने प्रश्नकाल के माध्यम से एसटी महामंडल द्वारा किराए पर लिए जाने वाली बसों के टेंडर रद्द किए जाने का मुद्दा उठाया था,जिसके जवाब में फडणवीस बोल रहे थे।



### सत्ता पक्ष - विपक्ष के सदस्यों में नोकझोंक

राठौड़ ने कहा कि एसटी महामंडल ने भाड़े पर बस लेने के लिए टेंडर निकाला था लेकिन अचानक मुख्यमंत्री ने टेंडर को रद्द कर दिया। टेंडर में बड़ा घोटाला हुआ है उसकी जांच की जाए। राठौड़ के सवाल पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने जवाब देते हुए कहा कि एसटी महामंडल के टेंडर निकाले जाने के बाद कुल नौ कंपनियों ने टेंडर भरा था, इसमें कई कम्पनियो का रेट अधिक था, जिनसे बातचीत कर रेट में सुधार किया गया लेकिन फिर भी रेट ज्यादा था इससे सरकार को भारी नुकसान हो रहा है था इसलिए टेंडर रद्द किया गया। सरनाईक के उत्तर से असंतुष्ट यूबीटी के सदस्य अनिल परब ने कहा कि पिछले दिसंबर नागपुर में शीतकालीन सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टेंडर को सही बताया था अब सरकार ने अचानक टेंडर रद्द कर दिया, इसका कारण बताना चाहिए परब के सवाल के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों में नोकझोंक शुरू हो गया इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस को जवाब देना पड़ा।

# समय पर नाला सफाई करने में चूकी मुंबई महानगर पालिका

## एक अप्रैल से नाला सफाई शुरू होने की संभावना

**मुंबई।** नाला सफाई की शुरुआत हर साल एक मार्च से शुरू हो जाती थी। मनपा ने इस साल 15 मार्च तक नाला सफाई शुरू करने की योजना बनाई थी। ठेकेदारों को अभी तक काम करने का र्वक आर्डर नहीं दिया गया है,जिससे इस साल अब अप्रैल एक तक नाला सफाई की शुरुआत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। मनपा ने प्री.मॉनसून नाला सफाई के तहत 31 मई तक 80 प्रतिशत नाला सफाई का टारगेट रखा है। बता दें कि मुंबई में हर साल भारी बारिश के दौरान नालों में उफान आने पर आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति का लोगों को सामना करना पड़ता है। मनपा 31 मई तक 80 प्रतिशत तक नालों की सफाई का दावा करती है। मनपा नियम के अनुसार मुंबई में नालों की सफाई का कार्य 31 मार्च करीब 20 प्रतिशत पूरा हो जाना चाहिए। मनपा अब तक नाला सफाई के लिए वर्क आर्डर तक नहीं दे पाए है। इस साल अब तक सफाई का काम शुरू नहीं हो सका है,जबकि मार्च समाप्त होने में सिर्फ 18 दिनों का समय बचा है। मनपा ने जनवरी में ही नालों की सफाई के लिए करीब 500 करोड़ रुपए का टेंडर जारी कर दिया था। मनपा द्वारा निकाले गए 26 टेंडर में 26 टेंडर को रिस्पॉन्स मिला था जिसमे ठेकेदार की नियुक्ति भी कर दी गई।

# फर्जी जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने पर होगी कार्रवाई




## जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम में संशोधन

**मुंबई।** विदेशी नागरिकों द्वारा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए सरकारी प्रणाली की खामियों का फायदा उठाने की समस्या पर अब अंकुश लगेगा। राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में एक निवेदन में बताया कि विलंब से जन्म और मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सरकारी निर्णय के अनुसार बुधवार से महाराष्ट्र में नए बदलाव लागू होंगे। नए बदलाव के अनुसार फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने पर आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

इन प्रमाणपत्रों को जारी करने के लिए सत्यापन के तीन स्तर निर्धारित किए गए हैं। 17 शर्तें पूरे करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। हालांकि यदि आवेदक द्वारा संलग्न दस्तावेज (साक्ष्य) फर्जी पाए जाते हैं, तो तत्काल आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा फर्जी प्रमाण पत्रों के वितरण पर अंकुश लगाने के लिए जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम में संशोधन किया गया है। इस अनुसार अब जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र तीव्र गति से प्राप्त किये जा सकेंगे तथा गलत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए जाने पर सीधी आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। स्कूल में प्रवेश, पासपोर्ट, भूमि अभिलेख, अन्य शैक्षिक मामलों आदि के लिए जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र आवश्यक हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नागरिकों को समय पर जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त हों, राजस्व विभाग के 21 जनवरी, 2025 के आदेश के अनुसार विलंबित जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने पर लगी रोक हटा दी गई है। विलंब से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता, शिथिलता एवं फर्जी प्रमाण-पत्रों के वितरण की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 एवं संशोधन अधिनियम, 2023 के अंतर्गत विलंब से जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया के संबंध में लोक स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सरकारी निर्णय द्वारा व्यापक प्रक्रिया तय की गई है। ऐसे मामलों में जहां जन्म और मृत्यु के पंजीकरण के बारे में सूचना एक वर्ष से अधिक की अवधि के बाद प्राप्त होती है।

# मरोल में बनेगा अंतरराष्ट्रीय मछली बाजार और कोली भवन

## मछली पालन मंत्री नितेश राणे का दावा

महानगर संवाददाता

मुंबई

राज्य के मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने संबंधित अधिकारियों को दुबई और सिडनी की तर्ज पर अंधेरी पूर्व के मरोल में एक अंतरराष्ट्रीय मानक मछली बाजार और कोली भवन स्थापित करने का निर्देश दिया है।

मुंबई मनपा के तहत मरोल में अंतर्राष्ट्रीय कोली भवन और मछली बाजार और मछुआरों की समस्याओं की समीक्षा के लिए मंत्रालय में मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बृहन्मुंबई नगर निगम के आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी,मत्स्य पालन विभाग के सचिव रामास्वामी एन. आयुक्त किशोर तावड़े, मत्स्य निगम की महाप्रबंधक अंकिता मेश्राम और बंसल कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मछली बाजार



मछुआरों को अधिक सुविधाएं प्रदान करेगा और मछली पकड़ने के उद्योग को बढ़ावा देगा। उन्होंने यह भी कहा कि मरोल क्षेत्र में कोली बंधुओं के पारंपरिक व्यवसाय को और अधिक आधुनिक बनाने तथा वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बनाने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण होगी. राणे ने बताया कि बंसल कंपनी के प्रतिनिधियों को प्रजेंटेशन के जरिए मछली बाजार और कोली भवन के निर्माण की जानकारी दी गई।

## विवाहित महिलाओं के समक्ष बड़ा सवाल?

# नाम के साथ मां का उपयोग करें या पति का?

### राकांपा विधायक सना मलिक ने उठाया मुद्दा

महानगर संवाददाता

मुंबई

राज्य की सत्तारूढ़ दल की एक महिला विधायक ने 14 मार्च के 2024 के महिला व बाल विकास विभाग के सरकारी निर्णय पर सवाल उठाया है। राकांपा अजित पवार गुट की विधायक सना मलिक ने विधानसभा में कहा कियह निर्णय लागू होने से विवाहित महिलाओं के समक्ष बड़ा सवाल पैदा हो गया कि वे अपने नाम में मां का नाम जोड़े या फिर पति का? साल भर पहले जारी आदेश में सरकारी दस्तावेजों में बच्चों के नाम के साथ पिता और मां का नाम और फिर सरनेम जोड़ने का फरमान जारी किया गया है। राकांपा अजित पवार गुट के नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक की बेटी और विधायक सना मलिक ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि महिलाएं एक साथ मां और पति के नाम का उल्लेख कैसे करें? उन्होंने सरकार से विवाहित महिलाओं को दो विकल्प देने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने अपनी कानून की डिग्री पूरी की तो उनके प्रमाण पत्र पर उनके साथ-साथ उनकी माता और पिता का नाम भी अंकित हो गया। हालांकि विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद अधिकारियों ने उन्हें अपने नाम में अपनी मां और पति का नाम लिखने का निर्देश दिया। सना मलिक ने कहा कि ऐसे में विवाह-पूर्व और विवाह-पश्चात नाम लिखने का विकल्प मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे अपने नाम के साथ विवाह के पहले और विवाह के बाद का सरनेम उपयोग करना चाहती हैं। सना मलिक ने सरकार से इस मामले पर उचित निर्णय लेने का अनुरोध किया। इस सवाल पर संज्ञान लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने सरकार को इस संबंध में उचित निर्णय लेने और सरकारी निर्णय जारी करने का निर्देश दिया। नार्वेकर ने कहा कि एक विवाहित महिला के लिए अपनी मां और पति का नाम लिखना मुश्किल है, इसलिए उन्होंने सुझाव दिया कि महिलाओं को विवाह-पूर्व और विवाह-पश्चात अपने उपनामों का उपयोग करने की अनुमति दी जाए। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सकारात्मक जवाब दिया।



### अध्यक्ष ने लिया संज्ञान उचित निर्णय लेने का निर्देश

महिला एवं बाल कल्याण विभाग की ओर से 14 मार्च 2024 यानी एक साल पहले एक सरकारी फैसला जारी किया गया, जिसमें कहा गया है कि मां का नाम अनिवार्य करने का फैसला 1 मई 2024 के बाद पैदा होने वाले बच्चों पर भी लागू होगा। विवाहित महिलाओं के मामले में मौजूदा व्यवस्था के अनुसार महिला के विवाह के बाद उसका नाम, उसके बाद पति का नाम और फिर सरनेम दर्ज करना अनिवार्य होगा। साथ ही महिलाओं को संपत्ति के दस्तावेज में अपना विवाह पूर्व नाम दर्ज कराने की अनुमति देने को भी मंजूरी दी गई है।

# महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2024' की जल्द की जाएगी घोषणा : फडणवीस

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2024 अंतिम निर्णय जल्द ही घोषित किया जाएगा। बुधवार को विधान भवन में 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2024' चयन समिति की बैठक के बाद वे में बोल रहे थे। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री अजित पवार, सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार, सांस्कृतिक कार्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खरगे,मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रधान सचिव अश्विनी भिड़े, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी,सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक विभीषण चावरे, महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार चयन समिति के गैर सरकारी सदस्य डॉ. अनिल काकोडकर, टेलीविज़न सिस्टम के माध्यम से महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार चयन समिति के गैर-सरकारी सदस्य, अधिवक्ता उज्ज्वल निकम, वासुदेव कामत, श्रीगो. बी.देगुलकर, डॉ. शशिकला वंजारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। फडणवीस ने कहा कि राज्य से प्राप्त अनुशंसा प्रस्ताव में सभी महानुभावों ने महाराष्ट्र के लिए बहुत मूल्यवान योगदान दिया है। फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार महाराष्ट्र का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है और यह पुरस्कार उस व्यक्ति को दिया जाता है,जिसने किसी भी क्षेत्र में पूर्ण मनोयोग से सेवा की हो और मानव जीवन के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया हो।'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार 2024'पुरस्कार के लिए सरकार द्वारा प्राप्त अनुशंसित प्रस्तावों में से किसी एक का चयन करना बहुत कठिन कार्य है। पुरस्कार चयन समिति सदस्यों द्वारा सुझाए गए नामों को ध्यान में रख कर जल्द ही सभी संबंधित पक्षों से विचार विमर्श करने बाद पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी।

पश्चिम रेलवे
विद्युत कार्य
वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा ई-निविदा सूचना क्र. : ईएल-81-79-18-डब्ल्यूए-50 (आर) दिनांक 10.03.2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान : सचिन – लूप लाइन क्र. 1 पर होम प्लेटफॉर्म तथा प्लेटफॉर्म नं. 2, आइलैंड प्लेटफॉर्म के विस्तार और ऊंचाई बढ़ाने के संबंध में विद्युत (ऊर्जा) कार्य. कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,04,90,903.00, ईएमडी : ₹ 2,02,500, जमा करने की तिथि एवं समय : 07.04.2025 को 15.00 बजे तक, खुलने की तिथि एवं समय : 07.04.2025 को 15.30 बजे, अधिक जानकारी के लिये कृपया www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 1174
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
ट्रैकमेन हेतु टूल रूम सह रेस्ट रूम का प्रावधान
मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/306 दिनांक : 11.03.2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम : विरार – जोरावासन अनुभाग : ट्रैकमेन हेतु टूल रूम सह रेस्ट रूम तथा टीएफआर – 22.138 टीकेएम के संबंध में वरि. डीईएन/उत्तर के क्षेत्राधिकार में ट्रैकमेन हेतु टूल रूम सह रेस्ट रूम प्रदान करना. इलेक्ट. (पी) पोर्शन सहित संयुक्त निविदा. कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 4,46,69,821.29, ईएमडी : ₹ 373400.00, जमा करने की तिथि एवं समय : 08.04.2025 को 15.00 बजे तक, खुलने की तिथि एवं समय : 08.04.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 1172
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

INDIA'S BEST PERFORMING PORT
जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)
संक्षिप्त ई-निविदा सूचना
निविदा संख्या: पीपीडी/डीजीएम/डीआई पाइपलाइन /टी-08/2025 दिनांक 10.03.2025
जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण उन अनुभवी ठेकेदारों से "ऑनलाइन" निविदाएं मांग रही है, जो इस निविदा में दिए गए "न्यूनतम पात्रता मानदंड" को पूरा करते हैं। निविदाएं 13.03.2025 से 02.04.2025 तक दो कवरों में स्वीकार की जाएंगी। यह निविदा "चांदनी चौक से CFS तक पानी पहुंचाने के लिए डीआई पाइपलाइन बिछाने" के काम के लिए है। कार्य का अनुमानित खर्च ₹ 67,97,459.70/- (जीएसटी छोड़कर) है। निविदा सुचना के लिए विस्तृत आमंत्रण जेएनपीए की वेबसाइट www.jnport.gov.in या https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है।
मुख्य महाप्रबंधक
पत्तन योजना एवं विकास विभाग

# गोदाम से 15 लाख के इंडस्ट्रियल टूल्स चोरी

**भिवंडी।** भिवंडी के दापोड़ा गांव में स्थित एक गोदाम से 15 लाख रुपये के महंगे इंडस्ट्रियल टूल्स चोरी होने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। नारपोली पुलिस ने इस मामले में कामतघर निवासी अभिजीत चंद्रकांत टेकले के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 331(3), 331(4) और 305 के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता जयेश नानुभाई पटेल, जो कि इंडस्ट्रियल टूल्स सप्लायर्स के मालिक हैं, ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने सुनियोजित तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह घटना 7 अक्टूबर 2023 की सुबह 9:30 बजे के आसपास हुई। आरोपी ने पहले गोदाम के गाला क्रमांक 15 का ताला बदला, फिर शटर की जाली काटकर अंदर प्रवेश किया।

# डंकी रूट से अमेरिका भेजे जाने के मामले में काउंसलेट ने लिखा पुलिस को पत्र

## जांच के लिए हर संभव योगदान देने के लिए तैयार

**मुंबई।** फर्जी पासपोर्ट और वीजा का इस्तेमाल कर अमेरिका भेजे जाने के मामले में अमेरिकी काउंसिलेट ने पत्र लिखकर मुंबई पुलिस को मामले में सभी प्रकार के सहयोग देने की बात कही है। डंकी रूट के जरिये 80 लोगों को फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर अमेरिका ले जाने का मामला प्रकाश में आया था,जिसकी खबर मुंबई पुलिस को मिली तभी कार्रवाई करते हुए 8 एजेंटों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अमेरिकी काउंसलेट ने एक पत्र लिखकर वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने का समय मांगा है। सूत्र बताते हैं कि अमेरिकी काउंसलेट के अधिकारी ने इस मामले को लेकर एकसाथ काम करने के लिए मीटिंग का समय मांगा है। पत्र में अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल कराए गए 80 लोगों का पता करने और उन पर कानून के मुताबिक कार्रवाई करने की भी बात अमेरिकी अधिकारियों ने कही है। पूरे मामले की जांच मुंबई पुलिस द्वारा की जा रही है।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने कुछ दिन पहले एक गिरोह का भांडाफोड़ किया था, जिसमें फर्जी वीजा और पासपोर्ट के जरिए लोगों को कनाडा, तुर्की, पोलैंड और यूएई लोगों को भेज जा रहा था। वहां से डंकी रूट का इस्तेमाल कर लोगों को अमेरिका भी भेजा गया है। जांच में पता चला है कि एजेंटों ने अलग अलग डंकी रूट से आरोपियों को अमेरिका में भेजा है। उन्हें वहां भेजने के बदले एजेंटों ने उनसे 30 से 60 लाख रुपये भी लिए हैं।

# विठ्ठलवाड़ी बस डिपो के लिए केवल एक सुरक्षा गार्ड

**उल्हासनगर।** विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास विठ्ठलवाड़ी बस डिपो लगभग साढ़े तीन से चार एकड़ का विशाल क्षेत्र है,लेकिन इतने बड़े इलाके में सिर्फ एक सुरक्षा गार्ड तैनात होने से यात्रियों की सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। पहले केवल विठ्ठलवाड़ी बस डिपो की बसें ही विठ्ठलवाड़ी डिपो से प्रस्थान करती थीं, अब कल्याण डिपो के लिए भी कुछ हिस्सा दिया गया है। इसलिए दोनों बस डिपो से बाहर जाने वाली बसों की संख्या बढ़ गई है। इस बस डिपो में एसटी निगम का एक सीएनजी पेट्रोल पंप, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवास और एक कार्यशाला है, जहां बसों की मरम्मत की जाती है, यहां से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री यात्रा करते हैं, लेकिन चिंता की बात यह है कि पूरे बस डिपो में कुल तीन निजी सुरक्षा गार्डों में से एक शिफ्ट में केवल एक ही निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किया जाता है और एक शिफ्ट में केवल एक ही व्यक्ति को तैनात किया जाता है, इस पूरे इलाके की सुरक्षा की जिम्मेदारी उन्हीं की है। इसलिए यहां की सुरक्षा और खासकर महिला यात्रियों की सैकड़ों यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा खतरे में है।

# सेक्स रैकेट का भांडाफोड़

**ठाणे।** क्राइम ब्रांच की अनैतिक मानव तस्करी निषेध प्रकोष्ठ ने ठाणे (पश्चिम) के मानपाड़ा इलाके में एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ कर एक महिला दलाल को गिरफ्तार किया और दो पीड़ित महिलाओं को रेस्क्यू किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी को सूचना मिली थी कि सिल्वरडोर बुटीक होटल, आर मॉल के सामने, घोड़बंदर सर्विस रोड पर एक महिला दलाल कुछ असहाय लड़कियों को वेश्यावृत्ति के लिए बहला-फुसला रही है। इस आधार पर पुलिस टीम ने होटल के पास जाल बिछाकर आरोपी महिला को रंगे हाथों पकड़ लिया और दो पीड़िताओं को बचा लिया।

महाराष्ट्र शासन
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय
यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग, सहकार विद्या मंदिर समोर,
जुना मुंबई पुणे राष्ट्रीय महामार्ग कळवा, ठाणे पिन: ४००६०५
ई-मेलपत्ताः- eemsddkalwa@yahoo.co.in दुरध्वनी क्र. ०२२-२५३७४७७
ई-निविदा सूचना क्र.२७ सन २०२४-२५
महाराष्ट्र राज्याच्या राज्यपालांच्या वतीने कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग, कळवा-ठाणे, जलसंपदा विभाग, महाराष्ट्र शासन हे सक्षम निविदाकारांकडून खालील कामाकरिता ई-निविदा B-1 नमुन्यातील ई-निविदा प्रणालीद्वारे (ऑनलाईन) ई-निविदा मागवित आहेत. ई-निविदा कागदपत्रे शासनाचे संकेतस्थळ http://mahatenders.gov.in येथुन डाउनलोड करण्यात यावीत. सविस्तर ई निविदा सूचना व निविदेबाबत सर्व माहितीशासनाच्या संकेत स्थळावर उपलब्ध आहे.
निविदा स्वीकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, कार्यकारी अभियंता, यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग, कळवा-ठाणे, यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्वीकारली जाणार नाही.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कामाचे नांव | अळवंडी प्रकल्प ता. इगतपुरी जि. नाशिक (वक्रद्वारे १२.१९ मी x ४.२६ मी-५ नग) व यांचे उच्चालक दुरुस्ती व देखभाल व इतर आनुषंगिक यांत्रिकी कामे करणे. |
| | जिल्हा | नाशिक |
| | निविदेची किंमत रुपये | ₹ २३,११,८५८/- |

| | |
|---|---|
| निविदा उपलब्ध कालावधी | दिनांकः १७/०३/२०२५ ते दिनांकः २४/०३/२०२५ |
| निविदा उघडण्याचा दिनांक | दिनांकः २५/०३/२०२५ |

जा.क्र. यांभाविवि/लेशा-२/५८४/ सन २०२५
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग,
कळवा-ठाणे.
सही/-
(सं.ना. रोकडे)
कार्यकारी अभियंता
यांत्रिकी भांडार व विकास विभाग
कळवा-ठाणे
दिनांक- ०४/०३/२०२५.
जा.क्र. जिमाका-नाशिक ३८१/२०२४-२५
जिल्हा माहिती कार्यालय, वकीलवाडी, नाशिक,
दिनांक- ११/०३/२०२५.

नाशिक महानगरपालिका, नाशिक
सार्वजनिक बांधकाम विभाग
ई-निविदा सुचना क्र. २१ (सन २०२४-२५)
नाशिक महानगरपालिका, नाशिक सार्वजनिक बांधकाम विभागाच्या १२ कामांची ई-निविदा सुचना क्रमांक २१ (सन २०२४-२५) दिनांक १३/०३/२०२५ पासुन दिनांक २१/०३/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपावेतो मा.शासनाचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दिसेल. निविदा स्विकृतीची अंतिम दिनांक २१/०३/२०२५ राहील.
टीप – यापुढील सर्व आवश्यक सुचना / शुध्दीपत्रक हे Online website वर प्रसिध्द करणेत येतील.
Sdxxx
शहर अभियंता
नाशिक महानगरपालिका, नाशिक
Sdxxx
आयुक्त तथा प्रशासक
नाशिक महानगरपालिका, नाशिक
जनसंपर्क/जा.क्र/३८४/२०२५/दि.१२/०३/२०२५ "पर्यावरण बचे, तो प्राण बचे।"

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
के/पश्चिम वार्ड
घनकचरा प्रबंधन
अभिरूचि की अभिव्यक्ति
के/पश्चिम वार्ड अंतर्गत 'रस्ते स्वच्छता योजना' को लागू करने के लिए, के/पश्चिम वार्ड के क्षेत्राधिकार में पंजीकृत स्थानीय श्रमिक सहकारी संस्थाएं, सेवा सहकारी संस्थाएं, बेरोजगार सेवा सहकारी संस्थाएं, गैर-सरकारी संगठन आदि को पात्र संस्थाओं की सूची से लॉटरी प्रणाली द्वारा चयनित किया जाएगा.
विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र और अभिरुचि पत्र के लिए इच्छुक संस्थाओं को http://portal.mcgm.gov.in वेबसाइट पर अथवा सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम), के/पश्चिम वार्ड कार्यालय से संपर्क करना चाहिए.
संस्था को 13.03.2025 सुबह 11:00 बजे से 20.03.2025 दोपहर 01:00 बजे तक विभागीय कार्यालय से निविदा प्रपत्र खरीदना आवश्यक है. संस्था को 20.03.2025 दोपहर 01:00 बजे तक विभागीय कार्यालय में निविदा प्रपत्र जमा करना होगा.
हस्ता./-
सहायक अभियंता
(घनकचरा प्रबंधन)
के/पश्चिम वार्ड
पीआरओ/2796 /विज्ञा./2024-25
खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ अच्छी तरह साफ करें

## तापमान का सितम

देशभर में तापमान बढ़ने का सिलसिला जारी है। रोज तापमान एक से दो डिग्री बढ़ रहा है। मौसम विभाग की मानें, तो इस बार पिछले साल की तुलना में ज्यादा गर्मी पड़ने और लंबे समय तक लू चलने के आसार हैं। इसका कारण यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण ठंडक पहुंचाने वाला नीना अपना असर खो रहा है। गौरतलब है कि 2024 को विगत 125 साल में सबसे अधिक गर्म वर्ष आंका गया था। पर इस साल मार्च की शुरुआत में ही ओडिशा और केरल में लू चलने की चेतावनी जारी कर दी गयी। मुंबई और उसके आसपास के इलाकों के लिए भी ऐसी चेतावनी दी गयी है। मौसम विभाग का यह भी आकलन है कि इस बार बेंगलुरु दिल्ली की तुलना में अधिक गर्म रहने वाला है। देश-दुनिया का बढ़ता तापमान कई तरह के गुल खिलाने लगा है। हाल ही में उत्तराखंड के माणा में हिमस्खलन ने सीमावर्ती जवानों और श्रमिकों को अपनी चपेट में ले लिया। हिमखंड बेस कैंप पर गिरा और करीब 55 लोग दब गये। उनमें से कुछ को दुर्भाग्यवश बचाया नहीं जा सका। यह समस्या केवल भारत तक सीमित नहीं है,आर्कटिक, अंटार्कटिका क्षेत्रों में भी ग्लेशियरों के हिमस्खलन से हालात नियंत्रण से बाहर हो चुके हैं। अपने देश में इसका एक सीधा कारण पश्चिमी विक्षोभ है, जिसे दिसंबर-जनवरी के आसपास आना था। लेकिन बदलती जलवायु के कारण यह फरवरी-मार्च में आया। इसके कारण उच्च हिमालय में जो बर्फ गिरी, वह कच्ची रह गयी और टिक नहीं पायी, जिससे माणा में कई लोगों की जान चली गयी। कुछ वर्ष पहले उत्तराखंड में रैणी की घटना भी इसी कारण घटी थी। उस समय भी कई मजदूरों ने अपनी जान सिर्फ इसलिए गंवायी, क्योंकि हिमस्खलन हुआ, जो बाढ़ के रूप में नीचे आया। उसके साथ जुड़े मलबे ने टनल को, जो एक हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए बनायी जा रही थी, अपनी चपेट में ले लिया और कई मजदूरों की जान चली गयी। नियमित अंतराल पर ऐसी घटनाओं के घटने का एकमात्र कारण यह है कि पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसका असर समुद्र से पहाड़ों तक दिखाई दे रहा है। अगर हम 100-125 साल पहले की स्थिति से आज की स्थिति की तुलना करें, तो पाते हैं कि दुनिया का तापमान बहुत तेजी से बढ़ा है। और मनुष्य का लालच ही इन सबका कारण है। इस समस्या का बीज तब बोया गया था, जब हजारों वर्ष पहले सभ्यता का जन्म हुआ था। तब मनुष्य ने जंगल में भोजन की तलाश करना बंद कर खेती शुरू की। खेती ने पृथ्वी पर नया बोझ डाल दिया। खेती-बाड़ी और सुरक्षा के लिए बाड़बंदी की गयी, रहने के ठिकाने बनाये गये और धीरे-धीरे दुनिया बदलने लगी। सबसे बड़ा परिवर्तन तब आया, जब औद्योगिक क्रांति हुई। मनुष्य ने सुविधाएं जुटानी शुरू कीं और आरामदायक जीवन की खोज में जुट गया। औद्योगिक क्रांति ने विकास की पूरी परिभाषा ही बदल दी। इन बदलावों से ऊर्जा के उपयोग में भारी वृद्धि हुई। चाहे कोयला हो या हाइड्रो पावर, इन सबके कारण वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी गैसों की मात्रा बढ़ती चली गयी। आज कार्बन डाइऑक्साइड को तापमान वृद्धि के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार माना जाता है,क्योंकि दुनिया की ऊर्जा का 65 प्रतिशत अब भी कोयले पर निर्भर है। अगर हम पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े देखें, तो 2022-23 की तुलना में हमने 1.1 प्रतिशत अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित किया, जो 37.4 अरब टन के बराबर था। वर्ष 2024 के आते-आते इसमें 1.08 प्रतिशत की और वृद्धि हुई और यह 37.41 गीगा टन तक पहुंच गयी। इसका सबसे बड़ा स्रोत कोयला है। कोयले का उपयोग केवल आवश्यकताओं के लिए ही नहीं, बल्कि विलासिता के लिए भी ज्यादा किया जा रहा है। दूसरी ओर, मीथेन भी एक गंभीर समस्या बन गयी है। यह कार्बन डाइऑक्साइड से 20 गुना अधिक घातक है. मीथेन के प्रमुख स्रोतों में खेती-बाड़ी, पशुपालन और कचरे का बढ़ता ढेर शामिल हैं। वर्तमान में वातावरण में 50 करोड़ टन मीथेन मौजूद है, जिसमें से 13.5 करोड़ टन ऊर्जा क्षेत्र से उत्पन्न होती है। वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार, इसकी मात्रा और बढ़ गयी है, और इस साल इसके नये रिकॉर्ड तोड़ने की आशंका है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी बार-बार कह रही है कि हमें 2030 तक मीथेन उत्सर्जन में 30 प्रतिशत की कमी लानी होगी, अन्यथा स्थितियां और गंभीर हो जायेंगी। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि हम इसका इस्तेमाल रोक पायेंगे, क्योंकि दुनिया विकास की होड़ में लगी है। ग्लोबल वार्मिंग का असर केवल पानी, जंगल, हवा और मिट्टी तक सीमित नहीं रहने वाला। उच्च हिमालय में पिघलते ग्लेशियर और वहां बढ़ती झीलों की संख्या भी बड़ा खतरा बन चुकी हैं। हिमखंड झीलों का रूप ले रहे हैं, जो भविष्य में विनाशकारी बाढ़ ला सकते हैं. वर्ष 2013 की केदारनाथ त्रासदी इसका उदाहरण था। इसके अलावा, इन झीलों में मौजूद बैक्टीरिया और माइक्रोऑर्गेनिज्म वातावरण में मीथेन उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे स्थिति और बिगड़ सकती है। लगातार बिगड़ती परिस्थितियों के बीच हम हर साल इस उम्मीद में काट देते हैं कि आने वाला वर्ष बेहतर होगा। लेकिन यह एक भ्रम ही है। इसी भ्रम के कारण हम ग्लोबल वार्मिंग के प्रति गंभीर नहीं हो पा रहे हैं और वैश्विक तापमान में वृद्धि का सिलसिला जारी है। दुनिया के अलग-अलग हिस्से में चल रहा युद्ध भी पर्यावरण को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रहा है। इस्राइल-हमास संघर्ष तथा रूस-यूक्रेन युद्ध में जिस स्तर पर बारूद का इस्तेमाल हुआ या अब भी हो रहा है, उसने भी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया है। दुनिया की सबसे बड़ी चुनौती, जाहिर है, जलवायु परिवर्तन है। लेकिन ताकतवर देश इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। वे केवल युद्ध, हथियारों की खरीद-बिक्री और सत्ता की लड़ाई में उलझे हुए हैं. अमेरिका ने पेरिस समझौते से खुद को बाहर कर लिया। अमेरिका का अनुसरण करते हुए कई अन्य देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. भारत, चीन और अन्य देश भी विकास के उस मॉडल को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं, जो प्रकृति और पर्यावरण के शोषण पर टिका हुआ है। प्रकृति का एक नियम है- जब संतुलन बिगड़ता है, तब प्रकृति ही खुद निर्णय लेती और सब कुछ नष्ट कर देती है. यही सब कुछ हमारे साथ हो रहा है।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*जो जैसा भी करेगा, भोगेगा परिणाम*
*भुगत रहा है आजकल, पाक वही अंजाम*
*पाक वही अंजाम,पालकर के आतंकी*
*नाच रहे थे खूब वहां कठमुल्ले सनकी*
*कह सुरेश जिनको पाला अब वही डॅसे हैं*
*देख-देख कर सारी दुनिया आज हॅसे हैं*

# बहुत विश्वसनीय नहीं ट्रंप की दोस्ती

> दरअसल डोनाल्ड ट्रंप दूसरी पारी में 'अमेरिका फर्स्ट' के ध्येय वाक्य से बनी छवि को बरकरार रखना चाहते हैं। सच तो यह है कि अमेरिका ने जेलेंस्की को अपने देश में बुलाया ही धमकाने के लिए था, क्योंकि अमेरिका यूक्रेन पर जिस तरह से हथियार देने में खर्च कर रहा था, उसके बदले में उसे बहुत कुछ चाहिए था मगर जेलेंस्की ने वह देने से मना कर दिया और देने की बात आने पर वह भी बराबर का सौदा करना चाहते थे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी तरह फॉर्म में हैं। चाहे वह ,'अमेरिका फर्स्ट' का मुद्दा हो या यूक्रेन का अथवा कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो को धमकाना हो अथवा भारत के साथ टैरिफ के मुद्दे को लेकर उलझना हो, ट्रंप हर जगह अपनी उपस्थिति ही दर्ज नहीं कर रहे हैं अपितु एक दबंग अमेरिकी राष्ट्रपति की तरह का व्यवहार कर रहे हैं। भले ही दुनिया भर के देश एवं उनके नेता इस बात से परेशान हो लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में रहते हुए उम्मीदवार के रूप में उन्होंने जो वादा किया था कि इस बार उनके कार्यकाल में उनका एकमात्र मुद्दा अमेरिका फर्स्ट होगा, उस पर भी खरे उतर रहे हैं। अब इसके लिए चाहे उन्हें अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक एवं राजनीतिक शिष्टाचार की मर्यादाएं लांघनी पड़ें या फिर अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सद्भाव की सीमाओं को पार करना पड़े ट्रंप ज़रा भी हिचक नहीं रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने अपने गहरे दोस्त कहे जाने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी को भी आईना दिखा दिया है। इतना ही नहीं, यह जानते हुए भी कि यूक्रेन ने अमेरिकी शह एवं मदद के दम पर ही रूस से टक्कर ली थी, अब अपने हितों को साधने के लिए ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को जिस तरह से अपमानित किया, वह भी एक देखने वाली बात है। अभी पिछले दिनों यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के बीच जिस तरह से मीडिया के सामने तीखी बहस हुई, वह कूटनीतिक दृष्टि से हैरतअंगेज़ है। प्रायः देखने में आता है कि चाहे दो देशों के बीच में कितने भी कटु संबंध क्यों न हों लेकिन दोनों देशों के प्रमुख आमने-सामने बैठकर और वह भी मीडिया की उपस्थिति में कभी इस तरह से बहस नहीं करते , और खास तौर से एक मेजबान देश होने के नाते तो मेहमान राष्ट्राध्यक्ष को 'स्टुपिड' कहना या खुले आम धमकाना किसी भी तरह से जायज़ नहीं कहा जा सकता है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप दूसरी पारी में 'अमेरिका फर्स्ट' के ध्येय वाक्य से बनी छवि को बरकरार रखना चाहते हैं । सच तो यह है कि अमेरिका ने जेलेंस्की को अपने देश में बुलाया ही धमकाने के लिए था, क्योंकि अमेरिका यूक्रेन पर जिस तरह से हथियार देने में खर्च कर रहा था, उसके बदले में उसे बहुत कुछ चाहिए था मगर जेलेंस्की ने वह देने से मना कर दिया और देने की बात आने पर वह भी बराबर का सौदा करना चाहते थे। ट्रंप ने अपने मंतव्य को जेलेंस्की को समझाने के लिए अपने उपराष्ट्रपति को लगाया लेकिन मीडिया के सामने उन्होंने जो कहा, वह जेलेंस्की को गवारा नहीं हुआ और उन्होंने भी पलट कर तीखे जवाब ही नहीं दिए अपितु साफ कर दिया कि वे बिना सुरक्षा की गारंटी मिले कतई दबाव में नहीं आने वाले हैं। हद तो तब हो गई जब ट्रंप ने मीडिया के सामने ही खुलकर कहा 'या तो आप डील कीजिए नहीं तो फिर भुगतने के लिए तैयार रहिए।' वैसे तो अमेरिका का तो इतिहास रहा है कि स्वार्थों को पूरा करने के लिए न केवल दूसरे देशों पर आक्रमण किया अपितु वहां के स्थापित नेताओं को हटाकर अपनी पसंद के कठपुतले बैठा दिए । इराक में सद्दाम हुसैन, लीबिया में कर्नल गद्दाफी की तरह ही अमेरिका की मनमानी अफगानिस्तान, पाकिस्तान बांग्लादेश कनाडा, दक्षिण कोरिया, और दूसरे कई देशों में चली। इतना ही नहीं संयुक्त सोवियत गणराज्य के टुकड़े करवाने के लिए भी उसने बहुत कुछ किया और अपने तरीके से उन्होंने अपना उद्देश्य पूरा करके अपने बहुत बड़े कट्टर प्रतिद्वंद्वी को काफी कमजोर कर दिया। फिर रूस के दबदबे को कम करने के लिए उसने एवं यूरोप के देशों ने यूक्रेन को नाटो से जोड़ने के लिए सारे घोड़े खोल दिए। कहने के लिए एक छोटा सा मुद्दा था और हर देश की पसंद या नापसंद की स्वतंत्रता को इंगित करता था लेकिन यह भी सच है कि यदि यूक्रेन आसानी से नाटो से जुड़ जाता तो फिर रूस विरोधी यूरोपीय देश एवं अमेरिकी ताकतें रूस के क्षेत्र में आसानी से हस्तक्षेप करने की स्थिति में आ जाती। अब यूक्रेन में राष्ट्रपति जेलेंस्की हों या कोई और, इससे अमेरिका को फर्क नहीं पड़ता। उन्हें तो बस अपने हितों को साधने वाला एक 'पपेट' चाहिए और जब तक जेलेंस्की एक कठपुतली के रूप में काम करते रहेंगे, तब तक अमेरिका उनके पीछे खड़ा रहेगा और जब वें अमेरिका के खिलाफ बोलेंगे या अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश करेंगे तो फिर उन्हें भी उठकर डस्टबिन में डाल दिया जाएगा और उनकी जगह कोई दूसरा विकल्प यूक्रेन में बैठा दिया जाएगा जो अमेरिका के स्वार्थ की आसानी से पूर्ति कर सके।_कुल मिलाकर अमेरिका का एक ही लक्ष्य है और वह है दुनिया भर में अपनी दादागिरी स्थापित करना और जो भी इस बीच में आता है,अमेरिका ने कभी उस पर रहम नहीं दिखाया है। यह सोचना कि यदि डोनाल्ड ट्रंप की जगह कोई और राष्ट्रपति होता तो ऐसा नहीं होता गलत है। हां, यह सच है कि डोनाल्ड ट्रंप कुछ अलग ही किस्म के व्यक्ति हैं और एक उद्योगपति के रूप में उन्हें न केवल अमेरिका अपितु अपना भी स्वार्थ साधना है। बहुत लंबे समय से अमेरिका दूसरे देशों के प्राकृतिक संसाधनों को अपने हितों के लिए उपयोग करता रहा है। अरब क्षेत्र में पेट्रोलियम एवं खनिज पदार्थ को कौड़ियों के दाम में लेने के लिए वह कूटनीतिक षड्यंत्र रचता रहा है। पाकिस्तान को भी उसने इसीलिए लंबे समय तक गोद में बैठाए रखा ताकि वहां के प्राकृतिक खनिजों का उपयोग कर सके और एशिया क्षेत्र में भारत व चीन पर निगाह रख सके । वियतनाम में वह 20 साल तक जूझता है तो केवल अपने स्वार्थ के लिए। मौका पड़ने पर तो वह उत्तर कोरिया को भी अपने पाले में खींचने के लिए सारे आदर्श एक तरफ रख देता है। यानी उसे न लोगों की चिंता होती है न दुनिया भर में युद्ध के उन्माद में मरने वालों की। उसका एक ही लक्ष्य है कि उसका सिक्का चलता रहे। जहां तक यूरोपीय देशों की बात है तो वे अमेरिका के साथ ही रहने वाले देशों के रूप में जाने जाते रहे हैं। पर, एक बात जान लीजिए कि यूक्रेन से निकट भविष्य में रूस हटने वाला नहीं है और न ही पुतिन इस भुलावे में आने वाले नेता हैं कि डोनाल्ड ट्रंप पर आंख मुड़कर विश्वास कर लें क्योंकि वे जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में जिसका मौका लगता है, वहीं दूसरे को पटखनी दे देता है। इस संदर्भों में भारतीय कूटनीतिज्ञों एवं राजनेताओं को भी बहुत सजग, सतर्क रहना पड़ेगा क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप जैसे अस्थिर मन वाले व्यक्ति पर आंख मूंद कर विश्वास करना या यह मान लेना कि वह दोस्ती निभाने के लिए अपने या अपने देश के हितों से पीछे हट जाएंगे, सही नहीं होगा।



**-डॉ. घनश्याम बादल**

# लाल-गुलाल अमोल लिए हैं, तरू-तरू के तन खोल दिए हैं

14 मार्च को होली है। रंगों का त्योहार होली की बात ही कुछ निराली है।होली के दिन जहां एक ओर रंग उड़ते हैं, तो वहीं दिल से दिल भी मिलते हैं। इस दिन लोग आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गालों पर रंग(गुलाल-अबीर) लगाते हैं और ये रंग दिलों में मिठास घोलने का काम करतें हैं। हंसी-ठिठोली, हुड़दंग बाजी, उल्लास और खुशियों से सरोबार करने वाला बहुत ही पावन और पवित्र त्योहार है होली। रंगों बिना जीवन हमेशा फीका होता है, इसलिए जीवन में भी रंगों का होना बहुत ही जरूरी है। वास्तव में देखा जाए तो होली 'राग' का त्योहार है, 'रंगों' का त्योहार है। 'राग' का तात्पर्य होता है-'अनुराग' या 'प्रेम'। जहां 'अनुराग' और 'रंग' है, वहां होली है और जहां 'होली' है वहां हंसी है,खुशी है, पवित्रता है, स्नेह है, आपसी सद्भाव है, प्यार है, प्रेम है, बंधुत्व की भावना है। द्वेष और वैर-भाव से परे है होली। होली तो दिलों को मिलाने का मौसम है, आपसी दूरियां सभी मिटाने का मौसम है, होली का त्योहार ही ऐसा है, रंगों में डूब जाने का मौसम है। प्रकृति भी अपने पावन रंगों में होती है, जब होली के त्योहार का आगमन होता है। कहना चाहूंगा कि राग-रंग से परे होकर रंग जाना ही तो होली है। वास्तव में फाल्गुन के महीने(फाग महीना) में ही जीवन और प्रकृति में उल्लास छाने लगता है, जो होली पर अपने चरम पर होता है। सच तो यह है कि होली न सिर्फ बाहर से बल्कि भीतर से भी रंग जाने की सीख देती है। होली नेह की ज्योति को जगमग करता है। यह रोमांच और प्रेम-आह्वान का त्योहार है।जब होली आती है तो प्रकृति के मनोहारी व लुभावने रूप को निहार कर हर जीव के भीतर राग हिलोरें लेने लगता है। ये भीतर की हिलोरें, जब बाहर प्रकट होती हैं तो उत्सव का रूप ले लेती हैं और रंगों का पर्व होली मनाया जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि होली शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का सांकेतिक पर्व है।यह वह समय होता है जब पलाश के फूल खिलते हैं और आम्र की मंजरिया महक-महक सी उठतीं हैं। हवाएं, फिजाएं अपना बासंती रंग प्रकृति के कण-कण में उड़ेलती नजर आतीं हैं। ढ़ोलक की थाप, स्वांग निकालना, चंग-डफ, बांसुरी मन को जैसे मोह लेते हैं।जगह-जगह पर धमाल की धमक ह्रदय को सुकून और असीम आनंद की अनूभूति प्रदान करती है। होली में रंग हैं और रंग ही जीवन हैं। बिना रंगों के जीवन कुछ भी नहीं है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रंगों में तीन रंग सबसे प्रमुख माने गए हैं- लाल, हरा और नीला। इस जगत में मौजूद बाकी सारे रंग इन्हीं तीन रंगों से पैदा किए जा सकते हैं। जो रंग सबसे ज्यादा हमारा ध्यान अपनी ओर खींचता है- वह है लाल रंग, क्योंकि सबसे ज्यादा चमकीला लाल रंग ही है। मानवीय चेतना में अधिकतम कंपन लाल रंग ही पैदा करता है। जोश और उल्लास का रंग लाल ही है। लाल रंग उत्साह, सौभाग्य, उमंग, साहस और नवजीवन व जोश का प्रतीक है। होली में भी यही है। होली में उत्साह होता है, सौभाग्य का प्रतीक है होली। होली हमें नवजीवन का संदेश देती है, यह होली ही जो हमारी रगो में स्फूर्ति और आनंद का संचालन करती है। देवी (चैतन्य का नारी स्वरूप) इसी जोश और उल्लास का प्रतीक है। वास्तव में, उनकी ऊर्जा में भरपूर कंपन और उल्लास होता है। देवी से संबंधित कुछ खास किस्म की साधना करने के लिए लाल रंग की जरूरत होती है। महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला जी भी अपनी एक कविता में "लाल गुलाल' की बात करते हैं। वे कहते हैं -'केशर की, कलि की पिचकारी पात-पात की गात संवारी। राग-पराग-कपोल किए हैं, लाल-गुलाल अमोल लिए हैं तरू-तरू के तन खोल दिए हैं, आरती जोत-उदोत उतारी-गन्ध-पवन की धूप धवारी। गाए खग-कुल-कण्ठ गीत शत, संग मृदंग तरंग-तीर-हत भजन-मनोरंजन-रत अविरत, राग-राग को फलित किया री विकल-अंग कल गगन विहारी।' वहीं हरा रंग विश्वास, उर्वरता, खुशहाली, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक है। उर्वरता का तात्पर्य यहां विचारों की उर्वरता से है। हमारे विचार, हमारा मन द्वेष से परे होता है। हरा रंग समृद्धि से जुड़ा है, हमारा जीवन हर प्रकार से समृद्ध हो, यही होली का संदेश है। वैसे भी दर्शन शास्त्र के अनुसार, हरे रंग को उत्सव के माहौल से भी जोड़ा जाता है। इसलिए होली खेलने में इस रंग (हरे रंग का) महत्व विशेष हो जाता है। प्रकृति से जुड़ा यह रंग हमारे विचारों में हरियाली का आविर्भाव करता है। वहीं पर नीला रंग सबको समाहित करके चलने का रंग है।आकाश नीला होता है, समुद्र भी नीला ही दिखता है। नीला रंग शांति और स्थिरता का प्रतीक है।आप देखिए कि इस जगत में जो कोई भी चीज बेहद विशाल और हमारी समझ से परे है, उसका रंग आमतौर पर नीला है। आकाश और समुद्र इन विशाल चीजों में से एक हैं। वास्तव में नीला रंग शुद्धता, सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर हम किसी दिन स्वयं को बहुत उदास महसूस करते हैं, तो हम नीले रंग की किसी चीज को ध्यान से देखते रहें, इससे हमें थोड़ी राहत महसूस होगी।नीले रंग को एकाग्रता, शांत और चिंतनशील होने से जोड़कर देखा जाता है।जिस प्रकार पानी बहता रहता है और उसकी तरलता किसी भी चीज को साफ कर देती है, उसी तरह पानी भी किसी के नकारात्मक विचारों को साफ करके किसी व्यक्ति को अच्छी चीजों को देखने का नजरिया देता है। पानी जिस तरह बहता रहता है, उसे निकलने के लिए एक छोटी-सी जगह चाहिए होती है, उसी तरह नीला रंग भी रंगों के बीच में अपनी अलग जगह बना ही लेता है। नीला रंग विशुद्ध चक्र (थ्रोट चक्र) को संतुलित रखने में हमारी मदद करता है। विशुद्ध चक्र संचार और अभिव्यक्ति से जुड़ा होता है। होली का त्योहार भी आदमी की आत्मा, उसके मन-मस्तिष्क में जगह बनाता है, वह नकारात्मक ऊर्जा, नकारात्मक विचारों को साफ करने का काम करता है।



**- सुनील कुमार महला**

## बिहार में कांग्रेस का 'कन्हैया' दांव

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस के कदम से राजद की परेशानी बढ़ जाएगी। पार्टी ने यह रणनीति 2025 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बनाई है। कन्हैया कुमार के नेतृत्व में बिहार में कांग्रेस की रोजगार और पलायन के मुद्दे पर पदयात्रा शुरू होने वाली है। कांग्रेस की यह यात्रा अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने का प्रयास है। इस यात्रा के कई तरह के मायने निकाले जा रहे हैं जिसे 'नौकरी दो, पलायन रोको' का नाम दिया गया है। यह यात्रा 16 मार्च से आरंभ होनेवाली है। यह यात्रा महात्मा गांधी की कर्मभूमि चंपारण से आरंभ होगी। इस यात्रा के माध्यम से बिहार में रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे वुनियादी मसलों को उठाएंगे। कन्हैया कुमार बिहार की सियासत में राजद नेता तेजस्वी यादव के मुद्दे को राजनीतिक धार देते नजर आएंगे तो जनसुराज पार्टी वाले प्रशांत किशोर के सियासी नक्शेकदम पर चल कर कांग्रेस को आत्मनिर्भर बनाने की है। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्ण अल्लावरू के अनुसार कांग्रेस की पदयात्रा पलायन और नौकरी के मुद्दे पर है. जो इस मुद्दे से भटकाने की कोशिश करेगा, मतलब वह बिहार सरकार की मदद करेगा। साथ ही कन्हैया कुमार ने कहा कि युवा कांग्रेस और एनएसयूआई की बैठक में फैसला लिया गया कि बिहार का जो सबसे दर्दनाक पहलू है, उसके संबंध में एक पदयात्रा करनी चाहिए। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ जिस जगह से चंपारण आंदोलन की शुरुआत की थी, उसी जगह से कांग्रेस की यात्रा शुरू करने जा रही है। कांग्रेस की यह यात्रा बिहार के विभिन्न जिलों से होते हुए पटना में समाप्त होगी। कांग्रेस इस यात्रा में प्रमुख रूप से शिक्षा, नौकरी और पलायन का मुद्दा उठाएगी। बिहार और बिहार के लोग पढ़ाई के लिए दवा के लिए और कमाई के लिए ही बिहार से पलायन करने को मजबूर हैं। कन्हैया ने कहा, बिहार में समय से नौकरी के पदों को नहीं भरा जाता है। आज भी बीपीएससी से जुड़ा हुआ मामले को लेकर बिहार के छात्र नौजवान आंदोलनरत हैं। कन्हैया कुमार ने कहा कि "बिहार में रोजगार की भारी कमी है। युवा शिक्षा और इलाज के लिए भी बाहर जाने को मजबूर हैं। यह सबसे बड़ा मुद्दा है जिसे लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। हमारी यात्रा इसी उद्देश्य के लिए है कि सरकार को युवाओं की समस्याओं पर ध्यान देना पड़े।" उन्होंने नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि डोमिसाइल नीति के तहत बिहार के युवाओं का हक छीना जा रहा है और नौकरियां बाहरी लोगों को दी जा रही हैं। जब उनसे महागठबंधन के संभावित मुख्यमंत्री उम्मीदवार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि "जिसके पास संख्या होगी, वही मुख्यमंत्री बनेगा। जनता जिसे समर्थन देगी, वह आगे आएगा।" हालांकि, जब उनसे खुद के विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने इसे टाल दिया।

**- कुमार कृष्णन**

### आज का कार्टून




साभार

# आप और पंजाब का दस्तूर

यह पंजाब का दस्तूर है कि वहां सत्ता चलाने के रास्ते 2 ही हैं या खुलकर तुष्टिकरण या प्रदेश भर में 'डांग फेरी जाए' (लट्ठ चलाए)। समय रहते ही कट्टरवादी पंथकों पर डंडा नहीं चलाने वाली सरकारों के हाल बुरे ही हुए हैं जैसे ज्ञानी जैल सिंह , दरबारा गवर्नमेंट,बरनाला सरकार,भट्ठल गवर्नमेंट,सुखबीर बादल सरकार,चन्नी सरकार। थोड़ा सा पीछे जाते हुए तब के घटनाक्रमों पर नजर डालें तो AAP द्वारा 2017 चुनाव में खुलकर तुष्टिकरण किया गया जिससे पंजाब में उसने पांव मजबूत कर लिए। 2022 में AAP सरकार बनवाने में सबसे बड़ा रोल किसान_आंदोलन का था। पंजाब चुनाव से डेढ़ वर्ष पहले दिल्ली में धरना देकर आंदोलन खड़ा करने की रूपरेखा तैयार हो गई थी। पंजाब की सभी किसान यूनियनों के संपर्क में रहती थी दिल्ली में AAP सरकार। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में राकेश टिकैत को अलग से धरनास्थल मुहैया करवाया। फिर केजरीवाल की पार्टी और राकेश टिकैत में मजबूत संबंध पैदा हुए। यहां केजरीवाल और किसान यूनियनों के बीच पंजाब चुनाव को लेकर एक राय स्थापित हो गई थी कि चुनाव आंदोलनकारी संयुक्त_किसान_मोर्चा से गठबंधन कर लड़ा जाएगा लेकिन पिछले दरवाजे से AAP अपना आधार स्वयं किसानों में जमाने जुटी हुई थी। इसके पीछे की चालाकी संयुक्त किसान मोर्चा नहीं समझ पाया। चुनाव के ऐन मौके पर AAP और संयुक्त किसान मोर्चे में सीटों के बंटवारे की बातचीत पटरी से उतर गई। उसी तरह खालिस्तानी नेता सिमरनजीत मान से भी AAP की गठबंधन पर बात लगभग फाइनल हो चुकी थी. वह भी पटरी से उतर गई क्योंकि तब तक स्वयं AAP डायरेक्ट तरीके से पंजाब के किसान वर्ग यानी जट्ट सिक्खों में पॉपुलर हो चुकी थी। इसलिए उन्होंने सीट शेयरिंग का प्रस्ताव रद्दी के टोकरे में डाल सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए। 2022 के चुनाव में ध्रुवीकरण जट्ट सिख vs दलित था क्योंकि कांग्रेस का CM प्रत्याशी दलित था। फिर भी दलितों के 2 तिहाई वोट कांग्रेस और 1 तिहाई वोट AAP को गए क्योंकि यह वोट फ्री की रेवड़ियों पर आकर्षित थे । सिख और किसान वोटों का ध्रुवीकरण AAP के पक्ष में इतना जबरदस्त था कि मालवा (दक्षिण पंजाब) की 69 सीटों में से AAP 66 पर जीती। इसी मालवा बेल्ट में तत्कालीन सीएम चन्नी अपनी दोनों सीट पर हार गए। हालांकि लुधियाना जिले से कांग्रेस कुछ सीट जीत सकती थी लेकिन तत्कालीन CM चन्नी द्वारा प्रवासी बिहारियों/पूर्वांचलियों के खिलाफ दिए गए बयानों के चलते लुधियाना में भी माहौल कांग्रेस के विरुद्ध हो गया था। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में जट्ट सिख AAP के पक्ष में इतने मजबूती से गोलबंद हो गए थे कि उस चुनाव में दोनों बादल पिता-पुत्र,मनप्रीत बादल,कैप्टन अमरेन्द्र,सुरजीत सिंह रखड़ा,ढींढसा,जत्थेदार तोता सिंह,दर्शन सिंह बराड़ खोट्टे,बलबीर सिद्धू, बीबी भट्ठल,गोल्डी खंगूड़ा सिद्धू मूस्सेवाला, ex Cm हरचरण बराड़ की बहू , पूर्व CM सुरजीत बरनाला का बेटा, सिमरनजीत मान,किसान यूनियन के मुखिया राजेवाल और रुल्दू सिंह मानसा,दिल्ली आंदोलन में नया किसान नेता बने गैंगस्टर लक्खा सिधाणा,जनमेजा सिंह सेखों,कुलबीर जीरा,नवतेज चीमा,गुरप्रताप वडाला,आदेश प्रताप कैरों,विक्रम मजीठिया,नवजोत सिद्धू, हरप्रताप अजनाला, रविकर्ण काहलों जैसे तमाम बड़े जट्ट चेहरे हार गए जो कांग्रेस या अकाली दल से प्रत्याशी बने थे। दिल्ली चुनाव में केजरीवाल की बुरी हार के बाद उसके द्वारा पंजाब में डेरा लगाने और सत्ता को स्वयं सीधे तौर पर चलाने के प्रयासों से घबराए भगवंत द्वारा कुछ ऐसा किया जा रहा है कि पंजाब में आए केजरीवाल के सामने ऐसा संघर्ष छेड़ दिया जाए जिससे केजरीवाल के भी हाथ जल जाएं और सिख पंथक राजनीति के उग्र होने से स्वयं CM बनने की ना सोचे। भगवंत मान और पंजाब में AAP समझ चुकी है 2027 में पंजाब में वापसी नहीं होने वाली. सिख तुष्टिकरण और किसान तुष्टिकरण का कार्ड भी खेला जा चुका है. अब इसे और भुनाया नहीं जा सकता, सो अब वह पंजाब में किसान यूनियनों पर डांग फेरने (डंडा चलाने) वाली पॉलिटिक्स का सहारा लेने की सोच रहे हैं।

**- शिवानंद मिश्रा**

# उद्योगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना प्रशासन की उच्च प्राथमिकता : पुलकुंडवार

महानगर नेटवर्क

पुणे

जिले में अधिक से अधिक औद्योगिक निवेश और विकास को बढ़ावा देने के लिए उद्योग अनुकूल नीति लागू की जा रही है। प्रशासन का उच्च प्राथमिकता उद्योगों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। यदि किसी भी स्तर पर उद्योगों को कोई परेशानी हो रही है, तो वे बेझिझक और निर्भीक होकर इसकी जानकारी दें, ऐसा आह्वान संभागीय आयुक्त डॉ. चंद्रकांत पुलकुंडवार ने किया। एमसीसीआईए में आयोजित औद्योगिक संघटनाओं, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, बड़े उद्योगपतियों और बैंकर्स की औद्योगिक निवेश परिषद में वे बोल रहे थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र डूडी, पुणे संभाग के उद्योग उपसंचालक शैलेश राजपूत, मराठा चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एग्रीकल्चर (एमसीसीआईए) के महानिदेशक प्रशांत गिरबाने, महाराष्ट्र उद्यमिता विकास केंद्र के कार्यकारी निदेशक विक्रांत बगाडे, जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक अर्चना कोठारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। डॉ. पुलकुंडवार ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था और विकास में उद्योग क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने और उद्योगों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इसी दिशा में महाराष्ट्र उद्योग, व्यापार और निवेश सुविधा (मैत्री 2.0) पोर्टल बनाया गया है, जो उद्योगों को सभी आवश्यक अनुमतियां और सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर प्रदान करेगा। इससे औद्योगिक निवेश और नए उद्योगों की स्थापना को गति मिलेगी। उद्योगों की स्थापना, आधारभूत संरचना संबंधी समस्याओं और असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पन्न बाधाओं के समाधान के लिए नियमित संवाद करता रहेगा। हर तीन महीने में उद्योगों की समस्याओं की समीक्षा की जाएगी। MIDC क्षेत्रों में कई बड़े उद्योग स्थापित हो चुके हैं, इसलिए अब निजी क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना आवश्यक है।



उद्योगों को कोई परेशानी हो तो वे बेझिझक होकर दें इसकी जानकारी

## 'विकास के लिए सरकार और उद्योग मिलकर करें प्रयास'

जिलाधिकारी जितेंद्र डूडी ने कहा कि पुणे जिला औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी है और इसके विकास के लिए सरकार और उद्योगों को मिलकर प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, जिला स्तर पर एक समिति गठित की गई है, जो प्रत्येक दो महीने में उद्योगपतियों की बैठक आयोजित करेगी। इस दौरान, उद्योगों को आवश्यक भूमि, बिजली, पानी और मानव संसाधन जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ सार्वजनिक परिवहन और MIDC क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी कार्य किया जा रहा है। पुणे और मुंबई को जोड़ने वाले औद्योगिक कॉरिडोर को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर योजनाएं बनाई जा रही हैं।


# प्राध्यापकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी : चंद्रकांतदादा

### राज्य सरकार ने वित्त विभाग को पुनः प्रस्ताव भेजने का लिया निर्णय

महानगर नेटवर्क

पुणे





महाराष्ट्र के अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों में प्राध्यापकों के 4,435 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इस संबंध में राज्य सरकार ने वित्त विभाग को पुनः प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया है। यह जानकारी राज्य के उच्च व तंत्रशिक्षण मंत्री चंद्रकांत पाटील ने विधानमंडल में दी। विधानमंडल में सार्वजनिक विश्वविद्यालयों और अनुदानित महाविद्यालयों में प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों और अन्य कर्मचारियों की रिक्तियों को लेकर तारांकित प्रश्न उठाया गया था। इस पर जवाब देते हुए मंत्री पाटील ने कहा कि शिक्षकीय एवं शिक्षकेतर पद सेवानिवृत्ति, राजीनामा और मृत्यु जैसे कारणों से रिक्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रणाली विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत, किसी भी शैक्षणिक संस्थान में कम से कम 75% नियमित एवं स्थायी नियुक्तियां अनिवार्य होंगी। इसी संदर्भ में UGC ने निर्देश जारी किए हैं और इस पर सुझाव व प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। राज्य के अकृषि विश्वविद्यालयों में प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया को भी मंजूरी दी गई है। हालांकि, कुलपतियों ने कुछ शर्तों के अधीन इस प्रक्रिया पर अस्थायी रोक लगा दी है। अकृषि विश्वविद्यालयों में 80% शिक्षकीय पदों को भरने की मंजूरी मिल चुकी है और इसके लिए 28 फरवरी 2025 को राज्यपाल की स्वीकृति से आदेश जारी किए गए हैं।

## ऑनलाइन सेवा को लेकर वाहन मालिक चिंतित

**पुणे।** हर दिन, कई वाहन मालिक 'उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट' लगवाने के लिए अपने वाहनों को ऑनलाइन पंजीकृत कराने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, तकनीकी कठिनाइयों के कारण यह प्रक्रिया समय लेने वाली और निराशाजनक साबित हो रही है। कभी सिस्टम में खराबी आ जाती है, कभी बोर्ड लगाने वाले केंद्र में खराबी आ जाती है। कुछ केन्द्र स्टाफ के अभाव के कारण बंद हो गये हैं। ऑनलाइन सुविधा में दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन पुणे के लोगों की मांग है कि आरटीओ प्रशासन पहल करे और ऑफलाइन सुविधा भी मुहैया कराए।

# अब मोबाइल पर एक क्लिक में मिलेगा खून

### स्वास्थ्य विभाग की अनोखी पहल

महानगर नेटवर्क

पुणे

राज्य के जरूरतमंद मरीजों को रक्त की उपलब्धता, रक्तदान शिविरों और अन्य संबंधित जानकारियां आसानी से मिल सकें, इसके लिए केंद्र सरकार ने ई-रक्तकोष पोर्टल विकसित किया है। इस पोर्टल पर सभी रक्त केंद्र अपनी जानकारी नियमित रूप से अपडेट करते हैं, जिससे थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, सिकल सेल जैसे रक्त संबंधी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को रक्त के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। अब सिर्फ एक क्लिक पर http://www.eraktkosh.



mohfw.gov.in पर रक्त संबंधी पूरी जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर की पहल से इस सेवा को प्राथमिकता दी गई है। महाराष्ट्र में 395 रक्त बैंक/रक्त केंद्र संचालित हैं, जिनमें सरकारी, अर्ध-सरकारी, ट्रस्ट, कॉरपोरेशन और निजी रक्त बैंक शामिल हैं। अब मरीजों को रक्त के लिए इधर-उधर भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि ई-रक्तकोष पोर्टल के माध्यम से उनके मोबाइल पर ही रक्त की उपलब्धता की जानकारी मिल जाएगी। यह पहल उन मरीजों के लिए बेहद लाभकारी होगी, जिन्हें बार-बार रक्त की आवश्यकता होती है, जैसे – थैलेसीमिया, सिकल सेल, हीमोफीलिया, कैंसर आदि। साथ ही, बड़े ऑपरेशन वाले मरीजों और रेयर ब्लड ग्रुप (निगेटिव ग्रुप) वाले मरीजों को भी इस पोर्टल के माध्यम से रक्त की उपलब्धता की सही जानकारी मिलेगी।

#### रक्तदान शिविरों और रक्तदाताओं को भी मिलेगा लाभ

ई-रक्तकोष पोर्टल के माध्यम से रक्तदाताओं को उनके निकटतम रक्त केंद्र, रक्त बैंक और रक्तदान शिविरों की जानकारी भी आसानी से उपलब्ध होगी, जिससे वे समय-समय पर रक्तदान कर सकेंगे।

# पुराने परियोजना को नया बताकर पुणेकरों को 'धोखा'

### पुराने कचरे से बिजली उत्पादन परियोजना सात वर्षों से है लंबित



**पुणे।** पुणे महानगरपालिका ने अपने बजट में एक पुराने कचरे से बिजली उत्पादन परियोजना को नया और अनोखा प्रोजेक्ट बताकर पुणेकरों को चौंका दिया है। यह परियोजना पिछले सात वर्षों से लंबित है, लेकिन अब 2025-26 के बजट में इसे एक नवीन परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया गया है। रामटेकड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कचरे से बिजली उत्पादन की इस परियोजना की शुरुआत 2012-13 में हुई थी। पहले यह प्रोजेक्ट देवाची उरुली कचरा डिपो में दो चरणों में 500 और 250 टन क्षमता के संयंत्र के रूप में प्रस्तावित था, लेकिन स्थानीय विरोध के कारण इसे रामटेकड़ी में 750 टन क्षमता के एकल संयंत्र के रूप में स्थानांतरित किया गया। परियोजना को लागू करने वाली कंपनी बिजली उत्पादन करने में विफल रही, जिससे इस पर कई सवाल उठे।

# संपत्ति कर विभाग ने की एसटीईएस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई


### सिंहगढ टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी की 128 संपत्तियों पर तालाबंदी



**पुणे।** पुणे महानगरपालिका (पीएमसी) के संपत्ति कर विभाग ने सिंहगढ टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी (एसटीईएस) के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए वडगांव और कोंढवा स्थित 128 संपत्तियों को सील कर दिया है। यह कार्रवाई 345.43 करोड़ रुपये की बकाया संपत्ति कर राशि की वसूली के लिए की गई है।महानगरपालिका का वित्तीय वर्ष समाप्त होने में मात्र 20 दिन शेष हैं, जिसके चलते अधिकतम बकाया कर की वसूली के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। इससे पहले, दिसंबर 2024 में, एरंडवणे स्थित एसटीईएस के मुख्यालय को सील कर नोटिस जारी किया गया था, लेकिन अब तक संस्था ने बकाया राशि जमा नहीं की है। महानगरपालिका के अनुसार, वडगांव बुद्रुक स्थित 43 इमारतों पर 198.61 करोड़ रुपये, एरंडवणे की संपत्तियों पर 47.43 करोड़ रुपये और कोंढवा बुद्रुक की छह संपत्तियों पर 20.50 करोड़ रुपये की संपत्ति कर बकाया है। संपत्ति कर विभाग के उपायुक्त माधव जगताप ने बताया कि न्यायालय में लंबित संपत्तियों को छोड़कर अन्य संपत्तियों पर कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले, एरंडवणे स्थित सिंहगढ इंस्टीट्यूट के मुख्यालय को 47.43 करोड़ रुपये की बकाया राशि के कारण सील किया गया था। अब महानगरपालिका इस संपत्ति की नीलामी प्रक्रिया जल्द शुरू करने की तैयारी में है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था, जिसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की। मनसे के महासचिव हेमंत संभूस ने मांग की है कि सील की गई संपत्तियों से अब तक कितनी राशि की वसूली हुई, इसकी जानकारी उपायुक्त माधव जगताप सार्वजनिक करें।

# होली का उमंग: बाजारों में रौनक, घरों में तैयारियां जोरों पर

**पुणे।** गुरुवार 13 मार्च को होली और 14 मार्च को धूलिवंदन का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। भारतीय संस्कृति और परंपराओं में होली का विशेष महत्व है। होली को होलिकादहन भी कहा जाता है। इस अवसर पर घरों और गलियों में रंगोली बनाई जाती है, पताकाएं सजाई जाती हैं और होली दहन के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। गृहिणियां होली के लिए पारंपरिक गोरियां बनाने में व्यस्त हैं, तो दूसरी ओर बाजारों में भी भारी चहल-पहल देखने को मिल रही है। धूलिवंदन, जिसे रंगों का त्योहार भी कहा जाता है, के लिए बाजारों में रंगों और पिचकारियों की भरमार है। बच्चे अपनी पसंद की पिचकारी और रंग खरीदने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। खासकर बच्चों के लिए बाजारों में रंग-बिरंगी पिचकारियों की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। खरीदारी के दौरान एक दादी अपने नातियों को पिचकारी खरीदकर देती नजर आईं, जिससे त्योहार का उमंग और बढ़ गया।



# मुंढवा जत्रा में शुरू हुई महिला कुश्ती की परंपरा

### सौ. गौरी बेनकर-पिंगले की पहल से रचा गया इतिहास

महानगर नेटवर्क

पुणे



कभी मेलों में कुश्ती देखने पर भी महिलाओं को रोक दिया जाता था, लेकिन इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंढवा गांव ने इतिहास रच दिया। महिलाओं के सशक्तिकरण की नई इबारत लिखते हुए, पहली बार मुंढवा गांव के अखाड़े में महिला कुश्ती का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक पहल को सफल बनाने में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सौ. गौरी पिंगले ने अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों के चलते मुंढवा के इतिहास में पहली बार महिला कुश्ती आयोजित की गई। खास बात यह रही कि इस वर्ष मुंढवा जत्रा (मेला) 8 मार्च को होने के कारण महिला सशक्तिकरण की यह मिसाल कायम हो सकी। इस रोमांचक कुश्ती मुकाबले में राष्ट्रीय विजेता सोनाली मंडलिक और संजना दिसले आमने-सामने थीं, जिसमें सोनाली मंडलिक ने शानदार जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए गौरी अक्षय पिंगले की पहल महत्वपूर्ण रही। उन्होंने अपने ससुर स्व. प्रताप पांडुरंग पिंगळे की स्मृति में विजेता महिला पहलवान को 51,000 नकद पुरस्कार और मानचिन्ह देकर सम्मानित किया। उनकी इस प्रेरणादायी पहल से प्रभावित होकर गांव के लोगों ने घोषणा की कि अब से हर वर्ष महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गौरी पिंगळे ने कहा,"महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा के लिए उन्हें बचपन से ही अखाड़े की लाल मिट्टी में तैयार करना चाहिए। हर माता-पिता को अपनी बेटियों को आत्मरक्षा की शिक्षा देनी चाहिए, तभी महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोका जा सकता है।

## बोरी बुद्रुक-पानंद सड़क का उद्घाटन

**अलेफाटा।** 'बोरी बुद्रुक के किसानों ने मतगणना के बाद भी अन्य किसानों की समस्याओं को समझा और स्वयं ही सड़कें साफ कर दीं। यह प्रशासन के लिए गौरव की बात है। जुन्नार तालुका तहसीलदार डॉ. ने कहा, "स्मार्ट गांव के अंतर्गत बनने वाली सड़कें तालुका के लिए प्रकाश स्तंभ साबित होंगी।" बोरी बुद्रुक में सुनील शेलके ने किया। स्मार्ट विलेज कार्डिंग प्रोजेक्ट तथा राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के शिव, पानंद सड़कों के संबंध में वे जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी के आदेश के तहत प्रांतीय मजिस्ट्रेट गोविंद शिंदे के मार्गदर्शन में बोरी बुद्रुक (ताल, जुन्नर) गांव में पानंद, शिव सड़क के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे।

# कुख्यात बदमाश ने पुलिस चौकी में किया हंगामा

### पुलिस से धक्का-मुक्की के आरोप में गिरफ्तार

महानगर नेटवर्क

पुणे

लोहियानगर क्षेत्र में एक कुख्यात अपराधी ने पुलिस चौकी में हंगामा किया और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की की। इस मामले में पुलिस ने सराइत अपराधी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में कुख्यात गुंडा अभिषेक उर्फ बुचड्या ससाणे और कुणाल ससाणे शामिल हैं। इसके अलावा, ससाणे की मां, पत्नी, मौसी और एक दोस्त के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस सिपाही संतोष साबळे ने खडक पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, लोहियानगर क्षेत्र में एक किराना दुकानदार को धमकाने के आरोप में पुलिस अभिषेक ससाणे के खिलाफ जबरन वसूली का मामला दर्ज कर रही थी। इसी दौरान सोमवार (10 मार्च) को ससाणे अपने दोस्त विवेक उर्फ दांड्या अडागळे के साथ लोहियानगर पुलिस चौकी पहुंचा और वहां हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान उसने पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज की और धक्कामुक्की की। इतना ही नहीं, उसने आत्महत्या करने की धमकी देते हुए अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। पुलिस ने उसे तुरंत ससून अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां भी उसने हंगामा मचाया।



#### जबरन वसूली का मामला दर्ज

लोहियानगर क्षेत्र में एक किराना दुकानदार को कोयते (धारदार हथियार) से डराकर जबरन वसूली करने के आरोप में अभिषेक ससाणे और विवेक अडागळे के खिलाफ खडक पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## सातपुते, खरमाले रजत पदक के लिए चयनित

**नारायणगांव।** जुन्नर वन उपमंडल में कार्यरत उप वन संरक्षक अमोल सातपुते और वनरक्षक रमेश खरमाले को राज्य स्तरीय पदक चयन समिति द्वारा राज्य स्तर पर दिए जाने वाले रजत पदक (2020-21) के लिए चुना गया है। उप वन संरक्षक सातपुते को वन एवं वन्य जीव संरक्षण के लिए उनके अभिनव योगदान के लिए रजत पदक के लिए चुना गया है। वन एवं वन्य जीव प्रबंधन के लिए उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए रजत पदक के लिए चुना गया है। वन संसाधनों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करने वाले अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

# पुणे के स्नेह फाउंडेशन को मिला ग्लेनमार्क फाउंडेशन का पुरस्कार

### भारत में कुपोषण के खिलाफ नवाचार, प्रभाव और स्थिरता का जश्न

महानगर नेटवर्क

पुणे

ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी शाखा, ग्लेनमार्क फाउंडेशन की ओर से ग्लेनमार्क पोषण पुरस्कार 2025, पुणे स्थित संगठन स्नेह फाउंडेशन को प्रदान किया गया। यह पुरस्कारों का पांचवा वर्ष है, जो नवाचार, प्रभाव और स्थिरता के माध्यम से कुपोषण से निपटने के लिए प्रदान किए जाते हैं, और इस कार्य के प्रति ग्लेनमार्क की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। ये पुरस्कार ग्लेनमार्क के प्रक्रिया साझेदार इडोब्रो, स्थिरता साझेदार यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया और पारिस्थितिकी तंत्र साझेदार इम्पैक्ट फॉर न्यूट्रिशन के सहयोग से प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों को भारी प्रतिक्रिया मिली है और 22 राज्यों के 168 जिलों से आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें 403 प्रविष्टियाँ थीं। स्नेह फाउंडेशन के साथ-साथ ग्रामीण एनजीओ पुरस्कार पश्चिम बंगाल के सुंदरबन स्थित बैकुंठपुर तरुण संघ को देने की घोषणा की गई है, जबकि अन्य श्रेणियों में पुरस्कार राजस्थान के जयपुर स्थित महावीर इंटरनेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट को देने की घोषणा की गई है। तीनों विजेता संगठनों को अपने जिलों में परिवर्तनकारी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए 2 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है। शहरी एनजीओ श्रेणी में स्नेह फाउंडेशन को विजेता घोषित किया गया। "यह पुरस्कार जीतना हमारी टीम, खास तौर पर सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बाल कुपोषण को खत्म करने के अथक प्रयासों का प्रमाण है।

# 'एमआईटी एडीटी' के 'पर्सोना महोत्सव' का शुभारंभ



महानगर नेटवर्क

पुणे

एमआईटी आर्ट, डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय के सातवें 'पर्सोना फेस्ट-25', वर्ष 2025 के सबसे बड़े कला महोत्सव के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक पद्मश्री डॉ. जब्बार पटेल ने कहा कि कला जीवन की संजीवनी; उसमें सफलता का मंत्र है। पद्मश्री डॉ. जब्बार पटेल ने कहा कि कला सार्वभौम होती है और इसे किसी एक ढांचे में सीमित नहीं किया जा सकता। कला व्यक्ति को सामाजिक रूप से जीवंत बनाए रखती है। यह मनुष्य को सुखी, समृद्ध और आनंदित जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है। इसलिए विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ किसी एक कला में भी दक्षता प्राप्त करनी चाहिए।

वर्तमान समय में फिल्म उद्योग 200, 500 करोड़ रुपये के कारोबार तक पहुंच चुका है। मनोरंजन क्षेत्र के लिए यह स्वर्ण युग है,जिसमें कलाकारों के लिए अपार करियर के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

# अग्रवाल समाज फेडरेशन द्वारा 14 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

महानगर नेटवर्क

पुणे

पुणे में अग्रवाल समाज फेडरेशन के युथ विंग एवं महिला समिती की ओर से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। होली मिलन कार्यक्रम का 14 मार्च शुक्रवार को जिम लाईफ टर्फ कपिल नगर नोवोटेल होटल के सामने नगर रोड खराडी में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया है। यह रंगारंग कार्यक्रम फेडरेशन के अध्यक्ष श्री कृष्णकुमार गोयल की अध्यक्षता में संपन्न होगा। पिछले वर्ष हजारों अग्रवाल समाज के लोगों ने इस आयोजन में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया था। इस वर्ष इसे और भी भव्य बनाने के लिए अग्रवाल फेडरेशन समाज महिला समिति एवं युवा समिति ने विशेष तैयारियाँ की गई है।




इसका सफल आयोजन विनोद बंसल, सीए के. एल. बंसल, श्याम गोयल, श्रीमती नीता अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मीना गोयल, लक्ष्मी बंसल, नितीन अग्रवाल, पंकज, हितेश और शिवसागर अग्रवाल के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। फेडरेशन के अध्यक्ष कृष्णकुमार गोयल ने कहा,"हमारा उद्देश्य समाज को एक मंच पर लाना और प्रेम, सौहार्द और एकता के रंगों में रंगना है। यह आयोजन समाज की एकजुटता और परंपराओं को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के उद्देश्य से किया गया है। सभी अग्रवाल परिवारों को इस भव्य समारोह में आमंत्रित किया गया है। सभी के लिए सुखद यादें संजोने, नए संबंध बनाने और समाज की एकता को और मजबूत करने का होगा।

## झुग्गीवासियों के लिए 400 वर्ग फीट के फ्लैट की मांग

**पुणे।** झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग 14 या 17 मंजिला इमारतों और उनकी लिफ्टों के रखरखाव और मरम्मत का खर्च वहन नहीं कर पाएंगे। इसलिए, पुणे शहर जिला झुग्गी सुधार समिति ने सरकार से झुग्गीवासियों को 400 वर्ग फीट के फ्लैट उपलब्ध कराने की मांग की है। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग मेहनती होते हैं।

यदि झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण की इमारतों को 14 या 17 मंजिलों तक बनाने की अनुमति दी जाती है, तो झुग्गीवासी उनके रखरखाव और मरम्मत का खर्च कैसे वहन करेंगे? यह प्रश्न उठता है।

## उंदवाडी क्षेत्र में जियो नेटवर्क नहीं

**उंदवाडी।** उंडवाडी सुपे (ता. बारामती) क्षेत्र में पिछले दो दिनों से जिओ कंपनी की मोबाइल सेवा बाधित है। इससे जियो ग्राहकों की परेशानी बढ़ गई है। उंदवाडी सुपे, जराडवाडी, खराडेवाडी, सोनवाडी सुपे आदि गांवों के इलाकों में पिछले कुछ दिनों से जियो कंपनी के नेटवर्क में तकनीकी खराबी आ रही है। जियो ग्राहक गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। जियो ग्राहकों को कॉल करने या रिसीव करने के बाद साफ आवाज न आना, इंटरनेट की धीमी स्पीड और नेटवर्क होने के बावजूद कॉल न कर पाना जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।


**पुणे महानगरपालिका, पुणे**

**शुद्धीपत्रक**

जाहिरात क्र. 1/1637
दिनांक 12/03/2025

पुणे महानगरपालिकेच्या विद्युत विभागाकडील निविदा जाहिरात क्र. 1/1619 व प्रसिद्धी दिनांक 12/03/2025 खाली नमूद केलेल्या टेंडरची कामाची मुदत ही खालीलप्रमाणे वाचावी.

| अ.क्र. | कामाचे नाव | टेंडर क्रमांक | कामाची मुदत |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रभाग क्र. 35 मधील राजीव गांधी ई-लर्निंग स्कूल मध्ये विविध विद्युत विषयक उर्वरित कामे करणे. | PMC/ELECTRICAL/2024/337 | 60 दिवस |

1) वरील बदला व्यतिरिक्त बाकी सर्व मजकूर पूर्वी प्रसिद्ध केल्याप्रमाणे राहील.

सही/-
कार्यकारी अभियंता (विद्युत)
पुणे महानगरपालिका


महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड ऑफिस नं. 12, अ और ब, सी.टी.एस. नं. 40/1, बी 2, संगम प्रोजेक्ट फेस 1, डॉ आंबेडकर रोड, आर.टी.ओ के पास पुणे-411001, से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित. ● फोन नंबर: 020-26059198 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# इस्लाम से भी पहले के ग्रंथों में है संभल, 1526 में विष्णु मंदिर तोड़ा गया: योगी



महानगर संवाददाता

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि इस्लाम से भी पहले के ग्रंथों में संभल का उल्लेख है। संभल में श्री हरि विष्णु मंदिर को 1526 में तोड़कर नष्ट कर दिया गया था। संभल का उल्लेख 5000 साल पुराने ग्रंथों में किया गया है। उनमें भगवान विष्णु के भावी अवतार का उल्लेख है। दूसरी ओर इस्लाम का उदय केवल 1,400 साल पहले हुआ। मैं ऐसी चीज़ की बात कर रहा हूं जो इस्लाम से कम से कम 2,000 साल पुरानी है। इन बातों के सबूत सदियों से मौजूद हैं।

### हर धर्म और पूजा पद्धति में कुछ अच्छे गुण

सीएम योगी ने कहा कि 1526 में संभल में भगवान विष्णु का मंदिर तोड़ा गया और दो साल बाद 1528 में अयोध्या में राम मंदिर को भी तोड़ दिया गया था। आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका 'ऑर्गनाइजर' द्वारा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम 'मंथन : कुंभ और उसके आगे' में बोलते हुए उन्होंने कहा कि दोनों कृत्य एक ही व्यक्ति द्वारा किए गए थे। आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में हर धर्म और पूजा पद्धति में कुछ अच्छे गुण होते हैं। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि किसी की आस्था को जबरन छीनना और उनकी मान्यताओं को कुचलना अस्वीकार्य है। खासकर जब हम संभल के बारे में सच्चाई जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल एक ऐतिहासिक सत्य का प्रतिनिधित्व करता है और उन्होंने हमेशा इसके बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि मैं योगी हूं। मैं हर संप्रदाय, समुदाय और पूजा पद्धति का सम्मान करता हूं। अगर आप गोरखनाथ पीठ जाएं, तो आप देखेंगे कि वहां किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं है। सभी जाति, क्षेत्र और संप्रदाय के लोग एक साथ बैठकर एक ही थाली में भोजन करते हैं। हमारे पूज्य संत, चाहे वे किसी भी धर्म से जुड़े हों, एक साथ बैठकर भोजन करते हैं और उन्हें समान सम्मान मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए मैं कहता हूं कि भारत की वैदिक परंपरा की भावना, जैसा कि उपनिषदों में व्यक्त किया गया है, हमारे अंदर गहराई से समाहित है। पूजा की हर पद्धति, चाहे वह सनातन धर्म से जुड़ी हो या दुनिया के किसी भी अन्य धर्म से, उसमें कुछ अंतर्निहित अच्छाइयां होती हैं, यही वजह है कि इतने सारे लोग उनका पालन करते हैं। विपक्षी दलों और आलोचकों की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों को पहले धर्मग्रंथों को पढ़ना चाहिए, उसके बाद ही मुझे उन पर बहस करने की चुनौती देनी चाहिए।

## होली से पहले CM योगी का तोहफा

# 1.86 करोड़ परिवारों को फ्री सिलेंडर

महानगर संवाददाता

लखनऊ



होली के ठीक पहले बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। तब से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा। सीएम ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपये की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना गरीब माताओं को धुएं से बचाने के लिए शुरू की गई है और इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा।

### बेटियों और किसानों के लिए भी चल रहीं कई योजनाएं

सीएम योगी ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्पबद्धता के साथ काम कर रही है। प्रदेश में अबतक 22 लाख बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रति बेटी 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जबकि 4 लाख बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराई गई है। अप्रैल से बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट आने के बाद मेधावी बेटियों को स्कूटी और कामकाजी महिलाओं को अहिल्याबाई होलकर के नामपर आवासीय सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। वहीं, किसानों के लिए गेहूं की खरीद दर को 150 रुपये बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

**15 करोड़ लोगों को मिल रहा मुफ्त राशन**

मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में 80 हजार राशन डीलर 3 करोड़ 60 लाख राशन कार्डधारकों के जरिए 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांट रहे हैं। 2017 में ई-पॉश मशीनों के जरिए राशन वितरण में पारदर्शिता लाई गई, जिससे कालाबाजारी पर रोक लगी। कोविड काल में जब लोग परेशान थे, तब से लगातार लगातार पांच साल हो गये हर महीने देश में 80 करोड़ लोगों को और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

# संविदाकर्मियों के लिए भी लागू हो आरक्षण

## धर्मेंद्र यादव ने लोस में उठाया मामला



महानगर संवाददाता

लखनऊ

समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने बुधवार को लोकसभा में संविदाकर्मियों का मामला उठाया। धर्मेंद्र यादव ने संविदाकर्मियों को नियमित करने और उनके लिए आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि 'आउटसोर्सिंग' के माध्यम से आरक्षण को खत्म किया जा रहा है। धर्मेंद्र ने कहा कि संविदाकर्मियों को कुछ हजार रुपये का मानदेय मिलता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि हम लगातार पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की बात करते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में 18 लाख कर्मचारी और पूरे देश में लगभग एक करोड़ कर्मचारी संविदा के चलते दुर्दशा के शिकार हैं। कहा कि 'आउटसोर्सिंग' कर्मचारियों का शोषण किया जाता है।

### संविदाकर्मियों को सरकारी कर्मचारी बनाया जाए

उन्होंने कहा कि संविदाकर्मियों को सरकारी कर्मचारी बनाया जाए और उनके लिए आरक्षण लागू हो। धर्मेंद्र यादव यूपी की आजमगढ़ सीट से सांसद हैं। इस सीट से कभी सपा संरक्षण मुलायम सिंह यादव और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी सांसद बने थे। अखिलेश यादव ने 2019 का लोकसभा चुनाव भी इसी सीट से जीता और संसद में आए थे। इस बार अखिलेश ने कन्नौज को चुना और आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव को उतारा था। दोनों ने अपनी-अपनी सीटें जीतीं और सांसद बने हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने शून्यकाल में मादक पदार्थों की समस्या का विषय उठाया और कहा कि इसे लेकर सरकार तथा सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता का समर्थन करते हुए कहा, "जो विषय वेणुगोपाल जी ने उठाया, वह बहुत गंभीर है।

# ईद पर यूपी में खुले रहेंगे कोषागार और बैंक

## जिलाधिकारियों को व्यवस्था का निर्देश

महानगर संवाददाता

लखनऊ



यूपी में ईद पर भी कोषागार और सरकारी लेन-देन करने वाले बैंक खुले रहेंगे। इस बाबत शासना की तरफ से आदेश जारी हो गया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सभी जिलाधिकारियों और कोषाधिकारियों को जारी आदेश मे कहा है कि इस बारे में व्यवस्था कर ली जाए। दरअसल वित्त वर्ष की समाप्ति का अंतिम दिन होने के कारण ऐसा हो रहा है। हर साल 30 और 31 मार्च को भारी लेन-देन होता है। सरकारी कार्यालयों और बैंकों को इस वजह से देर रात तक खोला जाता है। इस बार ईद भी 30 या 31 मार्च को ही पड़ने की संभावना है। ऐसे में ईद पर भी कोषागार और बैंक खुले रहेंगे। बैंकों को खोलने को लेकर शासन की तरफ से भी आदेश जारी हो गया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को इस बाबत व्यवस्था करने के लिए कहा है। दीपक कुमार की तरफ से आदेश में कहा गया है कि 30 मार्च 2025 को रविवार और 31 मार्च 2025 को ईद का त्यौहार होने के कारण क्रमशः साप्ताहिक व सार्वजनिक अवकाश है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के कारण 31 मार्च 2025 को अत्यधिक लेन-देन होना स्वाभाविक है। इसलिये शासकीय कार्य करने वाली सभी बैंक शाखाओं और कोषागारों को दिनांक 30 और 31 मार्च 2025 को खोला जाना आवश्यक है।

### 31 मार्च को सरकार के वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन

दीपक कुमार ने आगे अपने आदेश में लिखा है कि कोषागारों के साथ-साथ वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-2 के प्रस्तर-503 के अधीन ऐसे बैंकों की सभी शाखाएं जो सरकारी लेन-देन का कार्य करतीं हों को भी खोलने की व्यवस्था की जाए। इससे पहले केंद्रीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर की छुट्टी कैंसिल करते हुए बैंकों को आदेश दिया है कि वो यह सुनिश्चित करें कि 31 मार्च को बैंक खुला रहे। आरबीआई ने भी स्पष्ट किया है कि 31 मार्च 2025 को सभी बैंक जो सरकारी लेन-देन संभालते हैं वो खुले रहेंगे। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि सभी सरकारी लेन-देन, रसीदें और भुगतान वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही दर्ज किए जाएं। गौरतलब है कि 31 मार्च को सरकार के वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होता है

## हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को राहत

# संभल जामा मस्जिद के बाहरी हिस्से में रंगाई-पुताई की इजाजत



**लखनऊ।** यूपी के संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद के बाहरी हिस्से में रंगाई-पुताई की इजाजत इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दे दी है। इसे मुस्लिम पक्ष को राहत के तौर पर देखा जा रहा है। हाईकोर्ट ने एक हफ्ते के अंदर रंगाई-पुताई करा लेने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि रंगाई-पुताई सिर्फ मस्जिद के बाहरी हिस्से में होगी। बता दें कि मस्जिद कमेटी ने भी सिर्फ मस्जिद के बाहरी हिस्से में ही रंगाई पुताई की इजाजत मांगी थी। अगली सुनवाई आठ अप्रैल को होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई की। संभल जामा मस्जिद कमेटी ने रमजान का महीना शुरू होने से पहले एएसआई से मस्जिद की रंगाई-पुताई की इजाजत मांगी थी। इसे खारिज किए जाने के बाद मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मस्जिद की रंगाई-पुताई की मांग को लेकर हिंदू पक्ष का आरोप था कि इसके बहाने मस्जिद के निर्माण से छेड़छाड़ की जा सकती है।

# होली पर यूपी में तीन दिन की छुट्टी

## बेसिक शिक्षा परिषद का बड़ा फैसला




**लखनऊ।** होली के मौके पर उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में तीन दिन का अवकाश घोषित किया गया है। शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर 13 और 14 मार्च को सार्वजनिक अवकाश के साथ 15 मार्च को भी छुट्टी की घोषणा की है। ऐसे में अब स्कूल सीधे सोमवार यानी 17 तारीख को खुलेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार, प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 13 मार्च (होली का पहला दिन) और 14 मार्च (होली का दूसरा दिन) को पहले से ही अवकाश निर्धारित था। अब 15 मार्च (निर्बंधित अवकाश) को भी स्कूल बंद रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को कुल तीन दिन की छुट्टी मिलेगी। वहीं 16 मार्च को रविवार है। ऐसे में देखा जाए तो अगले 4 दिन तक स्कूल बंद रहेंगे। यानी सीधे सोमवार को स्कूल खुलेंगे। इसे लेकर यूपी बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने पत्र जारी किया है। इससे पहले शासन ने अवकाश की सूची में होली की सिर्फ 2 दिन की छुट्टी घोषित की थी।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह और शाम एक-एक घंटे बढ़ेगा फ्लाइटों के लिए समय




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ एयरपोर्ट प्रबंधन से रनवे बंदी का समय दो घंटे कम करने का निर्देश दिया है। सीएम के इस निर्देश पर डीजीसीए यानी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। एयरपोर्ट प्रबंधन से जवाब तलब कर लिया। इसके बाद अब निजी प्रबंधन रनवे बंद रखने के समय में परिवर्तन की तैयारी कर रहा है। सुबह और शाम एक-एक घंटे फ्लाइटों के लिए समय बढ़ना तय माना जा रहा है। सूत्र के अनुसार एयरपोर्ट प्रशासन दिन में 11 से शाम 5 बजे तक रनवे बंदी की नई फाइल तैयार कर रहा है। डीजीसीए से एक दो दिन में इसकी मंजूरी मिल सकती है। नई समय सारिणी 21 मार्च से लागू करने की तैयारी है। इसके पूर्व डीजीसीए महानिदेशक फैज अहमद किदवई ने लखनऊ एयरपोर्ट निजी प्रबंधन से पूछ लिया कि लम्बे समय तक रनवे बंद रखने की क्या वजह है। सूत्रों ने बताया कि जवाब में एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया है कि कई बड़े कार्य जरूरी थे जिनको कराया जा रहा है। इसमें रनवे यानी हवाई पट्टी की रीकार्पेटिंग शामिल है। जहाज के पहियों का रबर उड़ान भरने और उतरने के दौरान रनवे पर चिपकता जाता है।

## फॉर्च्यूनर सवार युवक की गुंडई,पिस्टल लहराकर दी धमकी

# मां-बेटे पर गाड़ी चढ़ाने के लिए दौड़ाया

महानगर संवाददाता

लखनऊ




यूपी की राजधानी लखनऊ में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। पीजीआई क्षेत्र की एक कालोनी स्थित मंदिर में पूजा करने गई महिला, उसके बेटे और मंदिर के पुजारी पर फॉरच्यूनर सवार दबंग ने गाड़ी चढ़ाने के लिए दौड़ाया। आरोप है कि दबंग ने पिस्टल लहरा कर सभी को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। दबंग पर महिलाओं से छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

कालोनी निवासी एक अधिवक्ता का कहना है कि रविवार को उनकी पत्नी व बेटा कालोनी स्थित मंदिर में पूजा करने गई थीं। वहां कालोनी की अन्य महिलाएं भी थीं। आरोप है कि तभी मनोज शर्मा अपने कुछ अन्य साथियों के साथ फॉरच्यूनर से वहां पहुंच गया। आरोप है कि बिना किसी वजह के मनोज शर्मा ने उनकी पत्नी, बेटे और पुजारी से गाली गलौच की। विरोध करने पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। दबंग ने उनकी पत्नी के साथ छेड़खानी भी की।

मोहल्ले के लोगों ने जब शोरगुल किया तो दबंग वहां से निकल गए। घटना को लेकर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। हालांकि इस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, लेकिन घटना फर्जी है। वीडियो फुटेज निकाल लिए गए हैं। आपस में सिर्फ तकरार हुई है और कोई बात नहीं है। उधर, लखीमपुर खीरी जिले के मिश्राना मोहल्ले में एक पुलिस चौकी के पास करीब पांच हमलावरों ने 20 वर्षीय एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना सोमवार शाम को हुई, जब लखनऊ रेंज के महानिरीक्षक (आईजी) प्रशांत कुमार होली से पहले कानून-व्यवस्था की समीक्षा को लेकर शहर में ही थे।पुलिस के अनुसार, हाथीपुर के सेठ कॉलोनी निवासी अमोघ सेठ नामक युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी पर रिश्वत लेने का गंभीर आरोप

## यूपी सरकार के मंत्री ने दिए जांच के आदेश



**अमेठी।** अमेठी जिले में तैनात जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पर विभाग के बाबू गोकुल प्रसाद ने रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया है। बाबू ने जिलाधिकारी अमेठी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा डरा धमका कर मोबाइल से 40 हजार रुपये बलपूर्वक अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कराया गया है। मामले की जानकारी पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। अयोध्या मंडल के उपनिदेशक को जांच सौंपी गई है। अमेठी जिले के समाज कल्याण विभाग में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। यहां लंबे समय से तैनात बाबू ने जिला समाज कल्याण अधिकारी पर दबंगई और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनका आरोपी है समाज कल्याण अधिकारी ने अपने पत्नी के खाते में उनसे 40000 जमा कर लिए और अब उन्हें धमकी दे रहे हैं। प्रधान सहायक गोकुल ने डीएम एसपी के दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गत 26 दिसंबर को समाज कल्याण अधिकारी मनोज शुक्ला ने उन्हें चेंबर में बुलाया और उनसे मोबाइल छीनकर फोनपे का पासवर्ड प्राप्त कर लिया। अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ला के खाते में पहले एक रुपये और उसके बाद 39999 रुपए अंतरित कर लिए।

आय और आजीविका का जरिया बन सकती है आस्था

# योगी बोले-प्रयागराज को माफिया से मुक्त किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में महाकुंभ पर आयोजित पाञ्चजन्य और ऑर्गनाइजर के 'मंथन' कार्यक्रम में बुधवार को सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज हुए महाकुंभ ने भारत की वास्तविक पहचान को दुनिया को रखा कि ये भारत है और ये उसका सामर्थ्य है। योगी ने कहा कि जनता के हित में जो होगा जो देश के हित में होगा वह किया जाएगा। मौनी अमावस्या पर संतों का सहयोग एक उदाहरण है। मैं व्यक्तिगत तौर पर संतों का आभारी रहूंगा। मेरे भगवा वस्त्रधारी होने का लाभ तो मिला कि संतों ने हमारा आग्रह स्वीकार किया और हमें सहयोग किया। योगी ने कहा कि संस्कृति ही समृद्धि का आधार है। आस्था आय और आजीविका का जरिया बन सकती है।

योगी विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने प्रयागराज को माफियाओं के हवाले कर दिया था। माफ़िया वहां कोई विकास नहीं होने देते थे। प्रयागराज की संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश की गई।सरस्वती के दर्शन नहीं करने दिए जाते थे। लैंड जिहाद के नाम पर ज़मीनों के कब्जे किए गए।

## जैकेट पर लिखकर पेड़ पर टांग दी अंतिम इच्छा

# प्रेमिका के साथ मिला दो बच्चों के पिता का शव

**लखनऊ।** लखनऊ में इटौंजा के अटेसुवा स्थित बाग में दो बच्चों के पिता और प्रेमिका का शव पड़ा मिला। दोनों के गले में रस्सी बंधी हुई थी। रस्सी का दूसरा सिरा पेड़ से बंधा था। इसी पेड़ पर टंगी एक जैकेट पर चाक से लिखा था कि हमारी अंतिम इच्छा है कि हमें एक साथ दफनाया जाए। क्योंकि हम शादीशुदा हैं। प्रेमी युगल का शव मिलने की सूचना एडीसीपी, एसीपी समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने पहुंच कर जांच पड़ताल की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका जताई जा रही है कि प्रेमी युगल ने फांसी लगाई है। इटौंजा के अटेसुआ निवासी मजदूर दीपू (38) की पत्नी की दो वर्ष पहले मौत हो चुकी है। दीपू के दो बेटे हैं। वह दो माह से काकोरी के चकौली गांव के किसान राजदेव के यहां काम कर रहा था। इस बीच दीपू की नजदीकी राजदेव की बेटी लक्ष्मी (18) से हो गई। लक्ष्मी 12 की छात्रा थी। सात मार्च शाम को दीपू और लक्ष्मी दोनों घर से गायब हो गए। राजवेद के मुताबिक उन्होंने बेटी की तलाश की पर उसका कुछ पता नहीं चला। नौ मार्च को उन्हें पता चला कि बेटी लक्ष्मी दीपू के साथ अटेसुआ में हैं। उन्होंने बीकेटी पुलिस को सूचना दी। बीकेटी पुलिस 10 मार्च को खोजते हुए दीपू के घर पहुंची पर वहां वह नहीं मिले।

# दूल्हे को लेकर भिड़ गए घराती-बाराती

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार रात हरियाणा से आई बारात में उस समय विवाद छिड़ गया जब घराती पक्ष को दूल्हे के बदले जाने की आशंका हो गई। विवाह की रस्मों को रोक दोनों पक्षों में वाद विवाद हुआ। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने बाराती पक्ष के सात लोगों को हिरासत में ले लिया है।घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र के राधनपुर गांव में मंगलवार की रात की है । जहां गांव में एक कन्या का विवाह हरियाणा के एक युवक के साथ निश्चित हुआ था। रात में हरियाणा से बारात रायबरेली के राधनपुर गांव पहुंची। बारात पहुंचने के बाद विवाह की कार्यक्रमों की शुरुआत की गई।

## ● गोकशी पर हंगामे का खेल पलटा ●

# मुस्लिम से पैसे लेकर हिंदूवादी नेता ने किया प्रदर्शन, गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

सहारनपुर





यूपी के सहारनपुर में हिन्दू संगठन ने सड़क पर गोवंश के सिर (कंकाल) रखकर गोकशी के खिलाफ हंगामा किया। हिन्दू योद्धा परिवार संगठन के संस्थापक विश सिंह कांबोज के नेतृत्व में गोवंश की हत्या करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कहकर किसी तरह मामला शांत किया। अब पूरा खेल ही पलट गया है। हिंदूवादी कंबोज ने अपने मुस्लिम दोस्त टीपू कुरैशी से 50 हजार रुपए लेकर पूरा हंगामा किया था। टीपू कुरैशी अपने एक परिचित को गोकशी में फंसाना चाहता था। गोवंश के कंकाल का इंतजाम भी टीपू ने कराया था। पुलिस ने विश सिंह कंबोज को गिरफ्तार कर लिया है। टीपू की तलाश की जा रही है। सरसावा थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को सहारनपुर के नगर कोतवाली क्षेत्र के राधागोपाल नगर निवासी विश सिंह कांबोज उर्फ शैंकी को अंबाला रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक साजिश के तहत हिंदू योद्धा परिवार के संस्थापक विश सिंह कांबोज ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर लोगों में वैमनस्य फैलाने और दो समुदाय के बीच माहौल खराब के उद्देश्य से भी जाम लगाया है। आरोपी का दोस्त टीपू कुरैशी निवासी 62 फुटा रोड भी मुकदमें नामजद है, जो फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी आरोपी ने कई माह पुराने गोवंश के मुंह के कंकाल विश सिंह कांबोज को उपलब्ध कराए थे, जिनको हाईवे पर रखकर विश सिंह कांबोज ने जाम लगाया।

### कुरैशी ने पूरी साजिश रची : इंस्पेक्टर

टीपू कुरैशी अपने दुश्मन को फंसाना चाहता था। इसलिए उसने विश सिंह कांबोज के जरिए अपने दुश्मन को गोकशी में फंसाने के लिए जाम लगवाया। इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने बताया कि विश सिंह कांबोज और उसके दोस्त टीपू कुरैशी ने पूरी साजिश रची है। दरअसल, टीपू कुरैशी की सरसावा क्षेत्र में रहने वाले गोकशी करने वाले एक व्यक्ति से रंजिश चल रही थी। उसको फंसाने के लिए टीपू कुरैशी ने प्लान तैयार किया। उसने विश सिंह कांबोज से कहा कि तुम सरसावा में गोकशी होने का आरोप लगाते हुए जाम लगा दो। इसी बीच वह भी मौके पर पहुंच जाएगा और अपने दुश्मन का नाम गोकशी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस के सामने बोलेगा। ताकि पुलिस उसके दुश्मन को गिरफ्तार कर ले। इसके बदल विश सिंह कांबोज ने 50 हजार रुपये पेशगी के तौर पर लिए थे। बाकी रुपये पूरा काम होने के बाद देने का सौदा तय हुआ था। इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा ने बताया कि विशं कांबोज ने हिंदू योद्धा परिवार के नाम से संगठन बना रखा है, जिसमें कई युवाओं को भी संगठन से जोड़ रखा है। पुलिस के मुताबिक, एक ऑडियो भी विश सिंह कांबोज के पास से बरामद हुआ है, जिसमें पूरी साजिश को लेकर चर्चा की जा रही है।

# एमपी में 2025-26 के लिए चार लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश

महानगर नेटवर्क

भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा में मोहन यादव सरकार की ओर से बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया गया। सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है।



वित्त मंत्री देवड़ा ने बजट भाषण की शुरुआत कविता से की। उन्होंने कहा- यही जुनून, यही एक ख्वाब मेरा है, वहां चिराग जला दूं जहां अंधेरा है...जनता और जनप्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं, कर सकें हम सब पूरी, ये हमारी कोशिशें हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमने वर्ष 2025-26 का बजट जोरी बेस्ट बेस्ड प्रक्रिया से तय किया है। सरकार का लक्ष्य विकसित मध्य प्रदेश है।

### कोई नया टैक्स नहीं

सरकार की ओर से कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। टैक्स की सभी प्रक्रिया को पहले जैसा ही रखा गया है। 2025-26 के बजट में प्रदेशवासियों के लिए यह सबसे बड़ी राहत है।

### तीन लाख से अधिक को रोजगार का दावा

2025-26 का वर्ष सरकार 'उद्योग और रोजगार वर्ष' के रूप में मनाएगी। प्रदेश में 14 हजार 500 एकड़ भूमि पर 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित किया जा रहा है। इन उद्योगों के जरिए तीन लाख से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे।

### लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ा

प्रदेश की लाडली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने की घोषणा की गई है। इसके अलावा लाडली बहना योजना के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना और अटल पेंशन योजना से भी जोड़ा गया है। 1.27 करोड़ लाडली बहनों के लिए 18 हजार 669 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### उद्योगों को 30 हजार करोड़ का इंसेंटिव

उद्योगों की स्थापना और विस्तार के लिए प्रोत्साहन नीतियों के तहत इंसेंटिव दिए जाने का भी ऐलान किया गया है। इससे भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सरकार की ओर से पांच साल में उद्योगों को करीब 30 हजार करोड़ का इंसेंटिव दिया जाना प्रस्तावित है, जबकि इस साल इंसेंटिव के लिए तीन हजार 250 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह पिछले साल से 551 करोड़ अधिक है।

### गरीबों को योजनाओं का पैकेज देगी सरकार

बजट में 'मुख्यमंत्री समृद्ध परिवार योजना' की घोषणा की गई। इसके तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन जीने वाले परिवारों को एक-दो योजनाओं की जगह, उनकी पात्रता अनुसार योजनाओं का पैकेज दिया जाएगा।

# कर्नाटक में सरकारी खजाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सैलरी, भड़की भाजपा

महानगर नेटवर्क

बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार से पहले ही अपनी पांच गारंटी योजनाओं के लिए 52,000 करोड़ रुपये आवंटित करने को लेकर आलोचना का सामना कर रही थी। अब एक नए विवाद में घिर गई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि सरकार ने गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए 4000 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया है। इन कार्यकर्ताओं के लिए सालाना 60 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। हालांकि सरकार ने इस खर्च का आकार सार्वजनिक नहीं किया है। सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में गारंटी योजना कार्यान्वयन पैनल के वेतन और बैठक शुल्क के बारे में जानकारी दी, जिसके बाद विपक्षी दलों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।



विपक्ष ने इसे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को करदाताओं के पैसों से इनाम देने का स्पष्ट प्रयास बताया।

कर्नाटक सरकार ने गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए 38 पैनल बनाए हैं, जिनमें प्रत्येक पैनल में एक अध्यक्ष, पांच उपाध्यक्ष, 31 सदस्य और एक सदस्य-सचिव शामिल होंगे। इन पैनल के अध्यक्ष को कैबिनेट रैंक मिलेगा, जबकि उपाध्यक्षों को जूनियर मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। इन पैनल को राज्य, जिला और तालुका स्तरों पर कार्यालय प्रदान किए जाएंगे। इन पैनल के अध्यक्षों को मासिक रूप से 40,000 रुपये, उपाध्यक्षों को 10,000 रुपये, और तालुक स्तर पर अध्यक्षों को 25,000 रुपये की तनख्वाह दी जाएगी। इसके अलावा, बैठक के लिए भी सदस्य को शुल्क मिलेगा। जिला और BBMP स्तर पर सदस्यों को 1,200 रुपये प्रति बैठक, जबकि तालुक स्तर पर 1,100 रुपये प्रति बैठक मिलेंगे।

### विपक्ष ने किया सरकार पर हमला

इस फैसले का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का बचाव किया और कहा कि गारंटी योजनाओं की निगरानी के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई थी। उनका यह बयान विपक्ष के गुस्से को और बढ़ा गया और भाजपा व जेडी (एस) के विधायक सदन में पहुंच गए। विपक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जन कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन पर अत्यधिक नियंत्रण दिया जा रहा है।

# ममता बोलीं- लोकतंत्र परमानेंट है, कुर्सी नहीं

**सुवेंदु को समझाइश दी, उन्होंने कहा था- सत्ता में आए तो मुस्लिम विधायकों को बाहर फेंकेंगे**

महानगर नेटवर्क

कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विधानसभा में भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा- 'लोकतंत्र स्थायी है, कुर्सी नहीं। इसका सम्मान करें।'



दरअसल सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा था कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से बाहर फेंक देंगे। इसके जवाब में ममता ने कहा- 'आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं। आप मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि यह रमजान का महीना है। सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापारिक घाटे से हटाने की कोशिश कर रहे हैं।'

### सुवेंदु बोले- चोर ममता हटाओ

सुवेंदु ने TMC को हिंदू विरोधी बताते हुए कहा था कि हिंदू हितों के लिए जो भी जरूरी होगा, मैं करूंगा। अगर एक सुवेंदु मर जाता है, तो एक करोड़ सुवेंदु पैदा होंगे। ममता हटाओ, चोर ममता हटाओ। इससे पहले सुवेंदु ने 2024 में कहा था कि भाजपा को अल्पसंख्यक मोर्चा बंद कर देना चाहिए। पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में उन्होंने कहा था कि सबका साथ, सबका विकास कहना बंद करो।

# HC बोला-तमिलनाडु में सरकारी नौकरी के लिए तमिल जरूरी

- याचिकाकर्ता ने कहा था- मैं CBSE में पढ़ा
- बिजली विभाग ने तमिल न सीख पाने पर निकाला था

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने एक फैसले की सुनवाई करते हुए कहा कि तमिलनाडु में सरकारी नौकरी चाहने वालों को तमिल पढ़ना और लिखना आना चाहिए। बेंच ने ये टिप्पणी तमिलनाडु बिजली बोर्ड के एक जूनियर सहायक से जुड़े मामले में की, जो अनिवार्य तमिल भाषा की परीक्षा पास करने में विफल रहा। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि उनके पिता नेवी में थे, जिसके चलते उन्होंने CBSE स्कूल में पढ़ाई की है। इसलिए वह कभी तमिल नहीं सीख पाए। कोर्ट अगले महीने फैसला सुनाएगा। पूरा मामला तमिलनाडु बिजली बोर्ड के कर्मचारी थेनी के एम जयकुमार से जुड़ा है। जयकुमार को दो साल के भीतर तमिल भाषा की परीक्षा पास नहीं करने के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था।



# राजौरी में सीमा पार से फायरिंग, एक जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू में राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सीमा पार से हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया। जवान की पहचान मन कुमार बेगा के रूप में हुई है। वह गोरखा रेजीमेंट का है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बॉर्डर पार से स्नाइपर अटैक हुआ है। LoC पर ब्लास्ट भी हुआ, जिसके बाद तीन राउंड फायरिंग हुई। फिलहाल सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। पिछले 20 दिनों में LoC पर फायरिंग की ये पहली घटना है। दरअसल 21 फरवरी को भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच फ्लैग मीटिंग हुई थी। यह मीटिंग पुंछ सेक्टर के चाका दा बाग (LoC ट्रेड सेंटर) में आयोजित की गई थी, जिसमें दोनों सेनाओं के ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी शामिल हुए थे। पिछले चार सालों में दोनों देशों के बीच इस तरह की पहली मीटिंग थी। आखिरी फ्लैग मीटिंग 2021 में हुई थी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों के बीच बॉर्डर पर शांति बनाए रखने और सीजफायर पर सहमति बनी थी।

# उस्मानिया यूनिवर्सिटी के खाने में मिला ब्लेड

- पहले कीड़े और कांच के टुकड़े मिले थे
- छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया

**हैदराबाद।** हैदराबाद के उस्मानिया यूनिवर्सिटी के न्यू गोदावरी हॉस्टल के खाने में रेजर ब्लेड मिला। घटना मंगलवार रात की है।



ब्लेड मिलने के बाद गुस्साए छात्र सब्जी का बर्तन और प्लेट लेकर यूनिवर्सिटी के मेन गेट पर विरोध प्रदर्शन करने लगे। छात्रों ने प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि यूनिवर्सिटी उनके जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। साथ ही कुलपति प्रो. एम. कुमार और चीफ वार्डन सहित विश्वविद्यालय प्राधिकारियों से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की।


## महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण
### ई-निविदा सुचना क्र. ७४ सन २०२४-२५

महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण जल व्यवस्थापन विभाग, अंबरनाथ मार्फत अंबरनाथ पाणी पुरवठा योजना देखभाल व दुरुस्ती अंतर्गत **उपविभाग, अंबरनाथ** येथील अंबरनाथ पुर्व व पश्चिम क्षेत्रातील कामाकरीता आवश्यक अर्धकुशल व अकुशल फिटर/ सुपरवायझर व व्हॉल्व ऑपरेशन, जलवाहीनीची देखभाल दुरुस्ती करणे इ. कामांकरीता मनुष्यबळ पुरविणे (कालावधी २ वर्षाकरीता) या कामाची ई-निविदा म.जी.प्रा. कडून मागविण्यात येत आहे. या कामाची अंदाजित किंमत ₹ ४,००,०४,७४५/- (रुपये चार कोटी चार हजार सातशे पंचेचाळीस मात्र) इतकी आहे.

सदर निविदेचा सविस्तर तपशिल **दि.१३/०३/२०२५** पासून www.mahatenders.gov.in. व www.mjp.maharashtra.gov.in या वेबपोर्टलवर उपलब्ध करुन देण्यात आलेला आहे. निविदा प्रक्रिया कार्यक्रमाच्या सर्व तारखा या वेबपोर्टलवर अपलोड करण्यात आलेल्या ऑनलाईन निविदा सुचनेनुसार राहतील.

ठिकाणी :- अंबरनाथ
दिनांक :- ०७/०३/२०२५

सही/-
कार्यकारी अभियंता,
मजीप्राजव्य विभाग अंबरनाथ

DGIPR/2024-25/7053


# विपक्ष बोला- भारत-पाक बॉर्डर पर एनर्जी प्रोजेक्ट क्यों

- ये देश की सुरक्षा के लिए खतरा
- सरकार बोली- एजेंसियों से मंजूरी के बाद लाइसेंस दिया



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि इन प्रोजेक्ट से नेशनल सिक्योरिटी का खतरा है। उन्होंने दावा किया कि ये प्रोजेक्ट बॉर्डर से एक किलोमीटर के दायरे तक लगेंगे। जबकि नियमों के तहत बॉर्डर एरिया से 10 किमी तक किसी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं होती है। दरअसल गुजरात सरकार ने भारत-पाक सीमा से एक किमी के दायरे में एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए अडाणी ग्रुप को 25 हजार हेक्टेयर जमीन दी है। कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि क्या इस प्रोजेक्ट को कोई छूट दी गई थी। इस पर सरकार ने कहा कि केंद्र, राज्य और संबंधित एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद किसी भी प्रस्ताव को मंजूरी और लाइसेंस दिए जाते हैं।

मंगलवार को मल्लिकार्जुन खड़गे के 'ठोकेंगे' वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमैन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा- 'ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं।'

इस पर हरिवंश ने कहा- अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। जब हरिवंश ने खड़गे के बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा कि हम सरकार की नीतियों को ठोकने की बात कर रहे हैं।

# योगी सरकार के मंत्री के खिलाफ बिहार में मामला दर्ज

**मुस्लिम समुदाय पर दिया था विवादित बयान**

महानगर नेटवर्क

मुजफ्फरपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रघुराज सिंह के विवादित बयान को लेकर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की अदालत में उनके खिलाफ आपराधिक परिवाद दायर किया गया है। यह मामला सामाजिक कार्यकर्ता एम. राजू नैयर द्वारा दायर किया गया, जिसमें मंत्री पर मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत करने और सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का आरोप लगाया गया है। अदालत ने मामले को संज्ञान में लेते हुए 22 मार्च 2025 को सुनवाई की तारीख तय की है। परिवाद के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह ने होली पर्व के अवसर पर मुस्लिम समुदाय को लेकर एक आपत्तिजनक बयान दिया था। उसमें उन्होंने कहा था कि होली के दिन कोई बाहर न निकले और अगर निकले तो ट्रिपल और कपड़े पहनकर निकले। इस बयान से मुस्लिम समुदाय के लोग आहत हुए हैं और इसे दो धर्मों के बीच वैमनस्य पैदा करने की साजिश करार दिया गया है।



परिवादी एम. राजू नैयर ने कहा कि मंत्री का बयान जानबूझकर समाज में तनाव फैलाने और सांप्रदायिक भावना भड़काने की नीयत से दिया गया था। उन्होंने कहा कि होली जैसे पवित्र पर्व पर इस तरह का बयान न केवल असंवेदनशील है बल्कि सामाजिक सौहार्द पर चोट है। परिवादी के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला सीजेएम कोर्ट में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 259, 124, 418, 120बी के अंतर्गत दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि मंत्री का बयान संविधान के मूल मूल्यों और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ है, इसलिए


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री गणपत शंकर कदम**, शिवप्रेमी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड के सदस्य हैं और खोली नंबर-२३६, साईनाथ निवास चाल, महाराष्ट्र नगर, अप्पा पाडा, मालाड (पूर्व), मुंबई – ४०००९७ के स्वामी एवं कब्जाधारी हैं। साथ ही, उनके पास शेयर प्रमाणपत्र संख्या - ५५ (अंतर ०२७१ से ०२७५ तक) सदस्यता संख्या १३१ है, जिसे आगे "उक्त संपत्ति" कहा जाएगा।

अब, वे उक्त संपत्ति से संबंधित आगे की प्रक्रिया करना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने हमें सूचित किया है कि उनका मूल शेयर प्रमाणपत्र जो सोसायटी द्वारा जारी किया गया था, वह खो गया है।

इसलिए, सोसायटी द्वारा यह दावा किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को उक्त खोली के संबंध में कोई दावा, अधिकार, रुचि या स्वामित्व प्राप्त हो, या यदि सदस्य की सोसायटी की पूंजी/संपत्ति में किसी प्रकार की रुचि या स्वामित्व को लेकर कोई आपत्ति हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **१४ दिनों** के भीतर सोसायटी कार्यालय में सुबह **१०:३० बजे से शाम ५:३० बजे** तक दस्तावेजों और प्रमाणों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो सोसायटी के उपनियमों और महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव सोसायटीज एक्ट, १९६० के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**शिवप्रेमी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड**
**सही/-**
**सचिव की ओर से**

दिनांक : १३/०३/२०२५ स्थल : मुंबई



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग
### मुंबई जिला क्षय नियंत्रण समिति
### ई-निविदा सूचना

संख्याः एमडीटीसीएस/3179 /टीबी, दिनांक - 12/03/2025

बृहन्मुंबई महानगरपालिका, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की मुंबई जिला क्षय नियंत्रण समिति द्वारा **एनटीईपी कार्यक्रम के तहत एमडीटीसीएस के सीडीएसटी प्रयोगशाला के लिए प्रयोगशाला उपकरणों की आपूर्ति हेतु ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है.

निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी और ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 13/03/2025 है. बोलीदाताओं के पात्रता मापदंड, वस्तुओं की विशिष्टताओं और अन्य आवश्यक जानकारी के लिए कृपया https://mahatenders.gov.in पर जाएं या फिर किसी भी कार्यदिवस पर सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मुंबई जिला क्षय नियंत्रण समिति, उप कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी (टीबी) का कार्यालय, 1ली मंजिल, बावलावाडी मनपा कार्यालय भवन, डॉ. बी.ए. रोड, वोल्टास हाउस के सामने, चिंचपोकली, मुंबई- 400012 पर संपर्क करें. इस निविदा से संबंधित किसी भी शुद्धिपत्र की जानकारी केवल महा-टेंडर्स पोर्टल पर प्रकाशित की जाएगी.

हस्ता./-
सदस्य सचिव,
एमडीटीसीएस

पीआरओ/2802/विज्ञा. /2024-25

खिडकियों के लिये जालियां और मच्छरदानी का करें इस्तेमाल


# सीएम के खिलाफ बोला तो भड़क गई कांग्रेस

**दो महिला पत्रकार गिरफ्तार, मोहब्बत की दुकान पर विपक्षी वार**

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी के खिलाफ लिखना-बोलना दो महिला पत्रकारों को भारी पड़ गया। हैदराबाद पुलिस की साइबर सेल ने उन्हें बुधवार को तड़के 5 बजे गिरफ्तार कर लिया। सुबह-सुबह पुलिस ने दोनों महिला पत्रकारों पी रेवती और थानवी यादव को उनके घरों से गिरफ्तार किया। दोनों पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ अपमानजनक और गाली-गलौज वाली पोस्ट लिखने के आरोप हैं। वरिष्ठ पत्रकार रेवती पल्स न्यूज की मैनेजिंग डायरेक्टर हैं, जबकि थानवी यादव उसी मीडिया संगठन में रिपोर्टर हैं। कांग्रेस नेता की शिकायत सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो के बारे में है, जिसमें पल्स न्यूज के एक रिपोर्टर ने एक व्यक्ति का साक्षात्कार लिया है, जिसमें कथित तौर पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की गई है। इसके खिलाफ कांग्रेस की राज्य सोशल मीडिया इकाई के प्रमुख ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी पर पुलिस ने तड़के ऐक्शन लिया है।



कुछ दिन पहले उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस शासन में अपनी मुश्किलों के बारे में बात करते हुए एक किसान का वीडियो पोस्ट किया था, जो बाद में वायरल हो गया था।

इनके अलावा एक तीसरे व्यक्ति 'निप्पूकोडी' नामक एक एक्स अकाउंट के उपयोगकर्ता को भी हिरासत में लिया गया है। इन सभी पर अश्लील सामग्री प्रकाशित करने से लेकर संगठित अपराध और आपराधिक साजिश रचने, नफरत फैलाने के लिए अफवाह फैलाने और शांति भंग करने के गंभीर आरोप हैं।

# शादीशुदा हिंदू महिला से रेप

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक शादीशुदा हिंदू महिला का यौन शोषण करने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपी रफीक पर महिला को जबरन बंधक बनाने और कथित रूप से इस्लाम धर्म में परिवर्तन कराने का भी आरोप है। न्यायमूर्ति एस. रचैया की एकल पीठ ने कहा कि आरोपी का कृत्य "अक्षम्य" है और इस मामले में कड़ी कार्रवाई आवश्यक है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट ने कहा, "चार्जशीट की डिटेल को देखने से यह स्पष्ट होता है कि आरोपी ने पीड़िता पर नजर रखने के लिए एक महिला को लगाया था ताकि वह उसकी गतिविधियों पर नजर रख सके। उसने पीड़िता को इस्लाम अपनाने के लिए मजबूर किया। यह कार्य अक्षम्य है। किसी भी व्यक्ति को जबरन धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करना एक गंभीर मुद्दा है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई आवश्यक है।" सरकारी वकील के अनुसार पीड़िता अपनी सास के साथ किराने की दुकान चलाती थी। इसी दौरान आरोपी रफीक दुकान पर आता-जाता था। वह पीड़िता से बातचीत करने लगा। उसने अपने राजनीतिक संबंधों के जरिए नौकरी दिलाने का वादा किया और पीड़िता के साथ सेक्स संबंध बनाए।


## पनवेल महानगरपालिका
### ता. पनवेल जि. रायगड, पनवेल - ४१० २०६

दुरध्वनी कार्यालय ०२२ - २७४५८०४०/४१/४२ | फॅक्स नं. : ०२२-२७४५२२३३
आयुक्त कार्यालय : ०२२ - २७४५२३३९ | उपायुक्त कार्यालय : ०२२ - २७४५५७५१
ई-मेल : panvelcorportation@gmail.com | वेबसाईट : www.panvelcorporation.com

जा.क्र/प.महा/पर्या./२८२५/प्र.क्र./३८/२०२५ | दिनांक : १२/०३/२०२५

### -: जाहिर सूचना :-

Selection of well experienced & qualified agency for Real Time Ambient Air Quality Monitor and Display Board one years warranty and annual Maintenance for a period of four years in Panvel Municipal corporation, Maharashtra, India. बाबींकरीता ई निविदा मागविण्यात येत आहे.

| अ.क्र. | कामाचे नाव | नग | दर (GST सह व सर्व करांसहित) |
|---|---|---|---|
| १. | Selection of well experienced & qualified agency Ambient Air Quality Display Board one for Real Time Monitor and years warranty and annual Maintenance for a period of four years in Panvel Municipal corporation, Maharashtra, India. खरेदी करणेबाबत. | ०१ | |

या निविदेबाबतची माहिती शासनाच्या WWW Mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. १२/०३/२०२५ ते ०४/०४/२०२५ रोजी दुपारी ०३.०० वाजे पर्यत उपलब्ध होईल. संबंधित निविदा धारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
अतिरिक्त आयुक्त
पनवेल महानगरपालिका


# अमेरिकी शर्तों पर नहीं, हमारी शर्तों पर हो समझौता

**रूस-यूक्रेन युद्ध विराम में नया ट्विस्ट**

महानगर नेटवर्क

मॉस्को

सउदी अरब के जेद्दा में यूक्रेन और अमेरिकी उच्चाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने रूस-यूक्रेन के बीच पिछले तीन साल से जारी जंग में 30 दिनों के लिए तत्काल युद्धविराम पर सहमति जताई है। यूक्रेन ने इस मीटिंग में अमेरिकी प्रस्ताव पर हामी भर दी। हालांकि इस अहम समझौते में रूस शामिल नहीं था लेकिन इस समझौते ने यूक्रेन को राहत दी है, क्योंकि अमेरिका ने अब उसे सैन्य और खुफिया जानकारी मुहैया कराना शुरू कर दिया है, जिसे उसने पिछले महीने 28 फरवरी को वाइट हाउस में हुई गरमागरी के बाद रोक दिया था। मंगलवार को हुए समझौते में तत्काल 30-दिवसीय युद्ध विराम का प्रस्ताव है, जिसे आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की ने कीव द्वारा इस समझौते को स्वीकार किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि हम यह कदम उठाने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह भी कहा कि इसके प्रभावी होने के लिए रूस को भी सहमत होना पड़ेगा।



### रूस को वाशिंगटन से ब्रीफिंग का इंतजार

रॉयटर्स ने एक वरिष्ठ रूसी सांसद के हवाले से कहा, "अगर कोई समझौता जरूरी हुआ भी तो वह हमारी शर्तों पर होना चाहिए, अमेरिकी शर्तों पर नहीं।" बता दें कि क्रेमलिन ने पहले भी मांग की है कि यूक्रेन उन चार क्षेत्रों से हट जाए, जिन पर रूस अपना दावा करता है। इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी इसी भावना को दोहराते हुए कहा है कि गेंद अब रूस के पाले में है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि रूस वाशिंगटन से ब्रीफिंग का इंतजार कर रहा है।


महाराष्ट्र शासन
जलसंपदा विभाग,
**महाराष्ट्र कृष्णा खोरे विकास महामंडळ, पुणे.**
**(महाराष्ट्र शासनाचा अंगीकृत उपक्रम)**
निविदा क्र. ०५ सन २०२४- २०२५
**निविदा सुचना**

कार्यकारी अभियंता, भामा आसखेड धरण विभाग, पुणे हे सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचेकडील शासकीय अधिकृत नोंदणीकृत असलेल्या व्यावसायीक व अनुभवी संस्थेकडून खालील कामाकरिता निविदा मागवित आहे. सदरील निविदा दि. १३.०३.२०२५ ते दि. २०.०३.२०२५ या कालावधीमध्ये या शासकीय कार्यालयामध्ये उपलब्ध राहील.

तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, भामा आसखेड धरण विभाग, पुणे यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

काम क्र. १ :- टेमघर धरणस्थळी असलेल्या गेटच्या दुरुस्तीबाबत व मुख्य प्रवेशद्वार नव्याने बसविणेबाबत

₹ १.६९ लक्ष

सही/-
(ना.शं.करे)
कार्यकारी अभियंता,
भामा आसखेड धरण विभाग,
पुणे ३७

जिमाका/पुणे/जाहिरात /६८५/२०२४-२५

# WPL : गुजरात जॉइंट्स पर मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी

**मुंबई।** हरमनप्रीत कौर की मुश्किल परिस्थितियों में आगे बढ़कर नेतृत्व करने की अद्भुत क्षमता के कारण मुंबई इंडियंस की टीम गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (WPL) क्रिकेट टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम लीग चरण में सर्वाधिक 10 अंक लेकर पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है। ऐसे में अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने के लिए निगाहें भारत की कप्तान हरमनप्रीत और गुजरात जॉइंट्स की कप्तान एशले गार्डनर पर टिकी हैं। यह मैच ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा और मुंबई इंडियंस की टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेगी। मुंबई ने सोमवार को इसी मैदान पर लीग चरण के मैच में गुजरात को नौ रन से हराया था। इस मैच में हरमनप्रीत ने 33 गेंद पर 54 रन की तूफानी पारी खेली थी। मुंबई इंडियंस के अपनी टीम में किसी तरह का बदलाव करने की संभावना नहीं है। हेली मैथ्यूज ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी है और साथ ही अपनी ऑफ स्पिन से विरोधी टीम को परेशान भी किया है। वेस्टइंडीज की इस ऑलराउंडर ने गुजरात के खिलाफ लीग चरण के दोनों मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह फिर से मैच विजेता बन सकती है। गुजरात के खिलाफ पिछले दोनों मैच में उन्होंने तीन-तीन विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के लिए बल्लेबाजी में नैट साइवर-ब्रंट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आठ मैच में 416 रन बनाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज है। गुजरात के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से भी अच्छा योगदान दिया है। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत इस सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है लेकिन गुजरात के खिलाफ सोमवार को खेले गए मैच में अर्धशतक बनाने से उनका मनोबल बढ़ा होगा।




### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, संस्कृति गुप्ता, सैका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, एस. कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेली मैथ्यूज, सजीवन सजना, नैट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

**गुजरात जॉइंट्स:** एशले गार्डनर (कप्तान), हरलीन देयोल, डिआंड्रा डॉटिन, भारती फुलमाली, काशवी गौतम, डेनिएल गिब्सन, दयालन हेमलता, तनुजा कंवर, मन्नत कश्यप, फोबे लिचफील्ड, मेघना सिंह, बेथ मूनी, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे, शबनम शकील, सिमरन शेख, लौरा वोल्वार्ड्ट।

# IPL 2025 से पहले हेड कोच राहुल द्रविड़ को पैर में लगी चोट

## राजस्थान रॉयल्स कैंप से जल्द जुड़ेंगे



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2025 के शुरू होने से पहले बड़ा झटका लगा है। भारत के पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ को एक क्रिकेट मैच के दौरान चोट लगी है, जिसके कारण वह राजस्थान के कैंप से काफी समय तक दूर रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को कंफर्म किया है कि मुख्य कोच राहुल बुधवार को रॉयल्स के कैंप में शामिल होंगे। संजू सैमसन के नेतृत्व वाली टीम आईपीएल 2025 के लिए जमकर तैयारी कर रही है। राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें राहुल द्रविड़ की चोट के बारे में खुलासा किया है। राहुल द्रविड़ के को बेंगलुरु में एक क्रिकेट मैच खेलने के दौरान पैर में चोट लगी थी। राजस्थान रॉयल्स द्वारा शेयर तस्वीर में राहुल द्रविड़ को बाएं पैर में प्लास्टर लगा हुआ है। राजस्थान रॉयल्स ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बेंगलुरू में क्रिकेट मैच खेलने के दौरान चोट लग गई थी। वह ठीक हो रहे हैं और जयपुर में आज हमसे जुड़ेंगे।" 52 वर्षीय द्रविड़ ने हाल ही में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है और अपने 16 वर्षीय बेटे अन्वय के साथ कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ ग्रुप लीग सेमीफाइनल में विजया क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए नजर आए। राहुल द्रविड़ को आईपीएल 2025 के मेगा नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स का हेड कोच बनाया गया।

## संन्यास लेने से पहले

# रोहित शर्मा की नजर वनडे विश्व कप खिताब पर होगी



**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में) अच्छी पारी खेली थी।' पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है।' पोंटिंग ने कहा, 'मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए।' रोहित ने 2021 में 34 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में भारत ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इससे पहले भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में ही वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

# अगर मेरे पास पावर होती तो IPL का यह नियम बदल देता : संजू सैमसन



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 सीजन से पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि अपने करीबी दोस्त विकेटकीपर-ओपनर जोस बटलर को जाने देना उनके लिए सबसे मुश्किल काम था और अगर उनके पास आईपीएल में कोई नियम बदलने की शक्ति होती तो वह खिलाड़ियों को कभी रिलीज न करने का होता। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले सैमसन, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और शिमरोन हेटमायर को रिटेन किया जिसका मतलब था कि उनके पास बटलर को रिटेन करने के लिए कोई स्लॉट नहीं था, जो अब 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सीजन में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलेंगे। सैमसन ने कहा, 'आईपीएल आपको एक टीम का नेतृत्व करने और उच्चतम स्तर पर खेलने का अवसर देता है, लेकिन यह आपको घनिष्ठ मित्रता बनाने की भी अनुमति देता है। जोस बटलर मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक हैं। हमने सात साल तक एक साथ खेला, एक लंबी बल्लेबाजी साझेदारी बनाई। हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह से जानते थे और हमेशा संपर्क में रहते थे। वह मेरे लिए बड़े भाई की तरह थे।' उन्होंने कहा, 'जब मैं कप्तान बना, तो वह मेरे उप-कप्तान थे और उन्होंने टीम का नेतृत्व करने में मेरी बहुत बड़ी भूमिका निभाई। उन्हें जाने देना मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण चीजों में से एक रहा है। यहां तक कि इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान मैंने उन्हें रात के खाने पर बताया कि मैं अभी भी इससे उबर नहीं पाया हूं।

## रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर पहुंचे

# शुभमन गिल वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार



**दुबई।** हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जिसमें उनके साथी सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल पहले स्थान पर हैं। भारत ने दुबई में न्यूजीलैंड पर 4 विकेट से रोमांचक जीत के साथ अपना तीसरा चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीता। बुधवार को जारी रैंकिंग अपडेट में दोनों टीमों के स्टार खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया है। फाइनल में 83 गेंदों पर मैच विजयी 76 रन बनाने वाले रोहित दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। इस बीच टूर्नामेंट में 218 रन बनाने वाले विराट कोहली टूर्नामेंट में 218 रन बनाने के बाद शीर्ष पांच (पांचवें स्थान) पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने भी उल्लेखनीय प्रगति की है। डेरिल मिशेल एक पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि युवा सनसनी रचिन रवींद्र 14 पायदान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन फिलिप्स भी छह पायदान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर गेंदबाजी में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे, उन्होंने टूर्नामेंट में 9 विकेट लिए, जिसमें फाइनल में दो विकेट शामिल हैं। उनके प्रयासों से वह छह पायदान ऊपर चढ़कर वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो श्रीलंका के महेश थीक्षाना से ठीक पीछे है। न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल ने भी महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया है, जो 10 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की स्पिन जोड़ी कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने भारत के अपराजित अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। 7 विकेट लेने वाले कुलदीप तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि जडेजा 5 विकेट लेने के बाद 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई वनडे ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी में उनके ठीक नीचे एक बड़ा बदलाव हुआ। मिशेल सेंटनर चौथे स्थान पर पहुंच गए, जबकि माइकल ब्रेसवेल (7वें स्थान पर) और रचिन (8वें स्थान पर) ने अपने हरफनमौला प्रदर्शन के बाद छलांग लगाई।

## चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद

# पाकिस्तानी क्रिकेटरों को झटका



मैच फीस में भारी कटौती, सुविधाओं में भी कमी

**लाहौर।** पाकिस्तान ने चैम्पियंस ट्रॉफी को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और हाईब्रिड मॉडल के तहत (भारत के सभी मैचों सहित फाइनल दुबई में) टूर्नामेंट सफल भी रहा। लेकिन अब घरेलू क्रिकेटरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गाज गिराई है और खिलाड़ियों की मैच फीस में भारी कटौती व सुविधाओं में कटौती कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी ने आगामी राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में भाग लेने वाले क्रिकेटरों की मैच फीस 100,000 पाकिस्तानी रुपए प्रति मैच से घटाकर 10,000 प्रति मैच कर दी है जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को प्रति मैच 5000 रुपए मिलेंगे। टूर्नामेंट 14 मार्च से शुरू हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी में घरेलू क्रिकेट के प्रमुख अब्दुल्ला खुर्रम नियाज़ी पिछले कुछ महीनों में घरेलू खिलाड़ियों के लिए ₹सुविधाओं में कटौती₹ कर रहे हैं। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, 'जिन खिलाड़ियों को पहले पांच और चार सितारा होटलों में रहने की सुविधा दी जा रही थी, उन्हें अब सस्ते आवास की सुविधा दी जा रही है। फीस के अलावा उनके लिए हवाई यात्रा भी कम कर दी गई है।' इतना ही नहीं खिलाड़ियों और अंपायरों को पिछले सीजन का बकाया भुगतान अभी तक नहीं मिला है। बोर्ड ने बोर्ड की नीति के अनुसार पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वार्षिक पेंशन वृद्धि भी लागू नहीं की है। हालांकि बोर्ड के भीतर प्रशासक उच्च वेतन प्राप्त करना जारी है। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और यहां तक कि हाल ही में संपन्न चैंपियंस कप के लिए 5 टीमों के साथ नियुक्त किए गए।

# आयरलैंड ने अफगानिस्तान के साथ होने वाली सीरीज को किया रद्द



**हैदराबाद।** एशिया की पांच बेहतरीन क्रिकेट टीमों में से एक आफगानिस्तान पिछले कुछ सालों से शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही है. चाहे वो आईसीसी टूर्नामेंट हो या द्विवपक्षी सीरीज. हाल में खत्म होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भी अफगानिस्तान ने अच्छे खेल का मुजाहरा किया था और उन्होंने इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था. इससे पहले उन्होने 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल मैच खेला था. आईसीसी इवेंट में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद आफगानिस्तान को बड़ी टीमों के साथ द्विवपक्षी सीरीज खेलने का मौका नहीं मिल रहा है.

अगर किसी टीम से मिल भी जाता है तो वो टीम अफगानिस्तान में महिला विरोधी नियमों का हवाला देते हुए खेलना मना कर देते हैं. अब आयरलैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ मल्टी-फॉर्मेट सीरीज रद्द कर दी है. आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार, 11 मार्च को घोषणा की कि उन्होंने वित्तीय संकट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ अपनी मल्टी-फॉर्मेट सीरीज रद्द कर दी है. बता दें कि आयरलैंड को मई-जून 2025 के दौरान वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 3 टी20 मैच और सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ एक टी20 सीरीज खेलनी है. हालांकि, उन्होंने जुलाई में एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी करने की योजना बनाई थी. लेकिन क्रिकेट आयरलैंड ने खुलासा किया कि अब यह सीरीज नहीं होगी क्योंकि वे अपने निवेश संतुलित करना चाहते हैं, और देश भर में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को डेवेलप करने के लिए निवेश करना चाहते हैं।

# शेन बॉन्ड की जसप्रीत बुमराह को सलाह

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज और मुंबई इंडियंस (एमआई) के पूर्व गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सर्जरी जिस जगह हुई थी, उसी जगह पर एक और चोट लगने से उनका करियर खत्म हो सकता है और उन्होंने कहा कि भविष्य में वह उन्हें एक बार में दो से ज़्यादा टेस्ट मैच खेलते हुए नहीं देखना चाहेंगे। बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से वह रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के लिए मशहूर अभियान से बाहर हो गए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा 'राष्ट्रीय खजाना' कहे जाने वाले इस गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भारत के लिए अकेले संघर्ष किया, जिसमें उन्होंने पांच मैचों में 32 विकेट लिए, इससे पहले इस साल जनवरी में सिडनी में अंतिम टेस्ट मैच में वह तनाव से संबंधित चोट से पीड़ित हो गए थे। उन्होंने तब से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है और भारत के विजयी ICC चैंपियंस ट्रॉफी अभियान को भी मिस किया है। बुमराह बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब पूरा कर रहे हैं और 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के दौरान मुंबई इंडियंस (MI) के लिए उनकी उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है। बुमराह को पहली बार पीठ में चोट नहीं लगी है, क्योंकि मार्च 2023 में उनकी इसके लिए सर्जरी हुई थी। शेन बॉन्ड ने पहले MI के साथ गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था और वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह के कार्यभार को एक और चोट से बचने के लिए सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता है। बुमराह के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'जब वह स्कैन के लिए सिडनी गए थे, तो कुछ संदेश आ रहे थे कि उन्हें मोच और इस तरह की अन्य चीजें हैं। मुझे चिंता थी कि यह मोच नहीं होगी, यह उस क्षेत्र (पीठ) के आसपास की हड्डी की चोट हो सकती है। मुझे लगा कि अगर ऐसा था तो वह चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर सकते हैं।' बॉन्ड ने इस बात पर प्रकाश डाला कि टी20 से टेस्ट क्रिकेट में तेजी से बदलाव में खतरे का क्षेत्र है। पूर्व तेज गेंदबाज ने इसे एक चुनौती के रूप में उजागर किया क्योंकि भारत 25 मई को आईपीएल समाप्त होने के बमुश्किल एक महीने बाद पांच टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड दौरे की तैयारी कर रहा है। बॉन्ड ने कहा, 'देखिए, मुझे लगता है कि बूम ठीक हो जाएंगे, लेकिन यह सिर्फ (कार्यभार) प्रबंधन (मायने रखता है)। दौरों और आगे के कार्यक्रम को देखते हुए उन्हें आराम देने के अवसर कहां हैं।



यह कैरियर खत्म करने वाला हो सकता है



# पाकिस्तान के बैटिंग कोच मोहम्मद यूसुफ ने मन बदला

## NZ दौरे के लिए ना कहने के बाद लिया यू टर्न

**लाहौर।** पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच मोहम्मद यूसुफ ने मंगलवार को कुछ घंटे पहले न्यूजीलैंड दौरे से हटने का फैसला किया था लेकिन अब मन बदल लिया है और सफेद गेंद के मैचों के लिए टीम के साथ यात्रा करने का फैसला किया।

पूर्व कप्तान यूसुफ को दौरे के लिए बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सूचित किया कि वह अपनी बेटी की बीमारी के कारण इस दौरे से नाम वापस ले रहे हैं। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा, ''यूसुफ ने बोर्ड को सूचित किया कि उनकी बेटी की हालत अब ठीक है इसलिये वह टीम के साथ न्यूजीलैंड जाने के लिए उपलब्ध होंगे।'' चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के निराशाजनक अभियान के बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे वाले न्यूजीलैंड के दौरे के लिए यूसुफ को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था। टीम बुधवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी।

# मेमोरी कोच डॉ. महेश गौड़ को पद्मश्री सम्मान पुरस्कार

## युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा



**मुंबई।** डॉ. महेश गौड़, जो भारत के सबसे बड़े मेमोरी कोच और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं,को प्रतिष्ठित 'पद्मश्री सम्मान'पुरस्कार से नवाजा जाएगा। यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया हो। राजस्थान के नागौर जिले के एक छोटे से गाँव पालीयावास के रहने वाले डॉ. गौड़ पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उनके पास 11 डिग्रियाँ हैं। हाल ही में, उन्होंने 100 से अधिक छात्रों को पूरी किताब पेज नंबर सहित याद करवाकर एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। उनकी बनाई मेमोरी तकनीकें पूरी तरह से वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हैं, जिससे कोई भी व्यक्ति किसी भी विषय को आसानी से याद कर सकता है। उनकी शिक्षा अजमेर में चाचा-चाची के सानिध्य में हुई और स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वे मुंबई आ गए। आज वे भारत के सबसे बड़े मेमोरी कोच और मशहूर मोटिवेशनल स्पीकर हैं। डॉ. गौड़ GST विशेषज्ञ भी हैं और मुंबई सहित कई शहरों में GSTसेमिनार आयोजित करते हैं। वे अब तक 1.5 लाख से अधिक CA और CS छात्रों को पढ़ा चुके हैं और 10,000 से अधिक छात्रों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की है।

# 'जड्डू सिर्फ नाम नहीं, जड्डू मतलब ब्रैंड'

## CSK का प्रोमो देख लोग बोले–पुष्पा 3 का ट्रेलर है



**चेन्नई।** भारतीय टीम के खिलाड़ी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद अब आईपीएल में अलग-अलग फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ी अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी के कैंप में शामिल हो रहे हैं। भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भी हाल में चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़े हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है, जिसमें वह पुष्पा स्टाइल में एंट्री मारते हुए नजर आ रहे हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा पुष्पा 2 के सिग्नेचर गेस्चर की कॉपी करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान वीडियो में जडेजा ने कहा, "जड्डू सिर्फ नाम नहीं, जड्डू मतलब ब्रैंड।" वीडियो में जडेजा एक सफेद कार से उतर रहे हैं और उनके उतरने के दौरान बैकग्राउंड में पुष्पाराज मूवी का गाना चल रहा है। वहीं ये वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस वीडियो को नौ लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। सीएसके फैंस को ये वीडियो इतना पसंद आया है कि उन्होंने इसे पुष्पा-3 का ट्रेलर बता दिया है। दिग्गज ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा दुबई से लौटने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कैंप से जुड़ गए हैं। रविंद्र जडेजा के लिए ये टूर्नामेंट काफी शानदार रहा। भारत ने रविवार को न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार ट्रॉफी जीती। रविंद्र जडेजा ने खिताबी मुकाबले में विजयी चौका लगाया। रविंद्र जडेजा ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बल्ले से भी कई मैचों में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने पांच मैचों में 27 रन बनाए, हालांकि शुरुआती दो मैचों में उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। इससे पहले जडेजा 2024 टी20 विश्वकप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं।

# आमिर खान ने बताई कम फिल्में साइन करने की वजह




**आमिर खान बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट माने जाते हैं. वे उन चंद सुपरस्टार्स में से एक हैं जो एक ही समय में कई फिल्में करने में विश्वास नहीं करते और कुछ सालों में सिर्फ़ एक ही फिल्म में काम करते हैं. वहीं आमिर खान ने हाल ही में उस वजह का भी खुलासा किया जिसके चलते उन्होंने कम फिलमें करनी शुरू की थी.**

दरअसल जावेद अख्तर के साथ हाल ही में बातचीत में आमिर ने खुलासा किया कि डेब्यू फिल्म कयामत से कयामत के बाद उन्हें लगभग 400 ऑफर मिले थे. लेकिन उस समय उनके पास सही फिल्में चुनने की समझ नहीं थी. आमिर ने कहा, "उस समय, अभिनेता एक साथ 30 से 50 फिल्मों में काम करते थे. दिलचस्प बात ये है कि अनिल कपूर ने सबसे कम 33 फिल्में कीं. इसे देखते हुए, मैंने एक साथ 9-10 फिल्में साइन कर ली थीं. हालांकि, जिन निर्देशकों के साथ काम करने का मैंने सपना देखा था, उनमें से किसी ने भी मुझे कोई भूमिका नहीं दी. इन फिल्मों की शूटिंग शुरू होने के बाद ही मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ. मैं एक दिन में तीन शिफ्ट में काम कर रहा था, मैं खुश नहीं था. मैं घर जाकर रोता था." आमिर खान ने आगे कहा, 'लव लव लव, अव्वल नंबर और तुम मेरे हो जैसी फ़िल्में बॉक्स ऑफ़िस पर फ्लॉप रहीं. मीडिया ने मुझे वन फिल्म वंडर करार दिया. सही भी था, मैं उस लेबल के लिए किसी को दोषी नहीं मानता. तब तक, मुझे यकीन हो गया था कि न केवल ये तीन फ़िल्में असफल रहीं, बल्कि मेरी अगली छह फ़िल्में भी असफल होंगी क्योंकि वे और भी बुरी थीं. मुझे अपना करियर बर्बाद होता हुआ दिखाई दे रहा था. मैं दलदल में फंस गया था, बाहर निकलने में असमर्थ था." हालांकि, आमिर खान के करियर ने इसके ठीक उलट किया और आज, वह बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं. वह वर्तमान में लाहौर 1947 को प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म में सनी देओल और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में हैं. यह फिल्म प्रीति की बॉलीवुड में वापसी है. पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक लाहौर 1947 फिलहाल एडिटिंग फेज में है, और आमिर खान अगस्त 2025 में फिल्म को रिलीज करने के लिए एक्साइटेड हैं. एक निर्माता के रूप में, उन्हें लगता है कि महीने में छुट्टियों का मौसम फिल्म के लिए फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो अगस्त 1947 में हुआ था. हालांकि तारीख पर फाइनल फैसला एडिटिंग के बाद लिया जाएगा.

# फैमिली के साथ ट्रिप पर पति संग रोमांटिक हुईं रकुल प्रीत सिंह



**एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं. फिल्म, पर्सनल लाइफ से जुड़े पोस्ट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं. एक्ट्रेस ने छुट्टियों की नई और एडवेंचर से भरी झलक दिखाने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया. उन्होंने कहा, "एडवेंचर इज आर लव लैंग्वेज."**



इसके साथ ही उन्होंने अपने पति और निर्माता-अभिनेता जैकी भगनानी को उनकी सालगिरह के जश्न को यादगार बनाने के लिए आभार भी व्यक्त किया. वीडियो को शेयर करते हुए रकुल ने कैप्शन में लिखा, "एडवेंचर हमारी लव लैंग्वेज है. अमेजिंग और खुशियों से भरी जर्नी... पूरे परिवार को एक साथ छुट्टियां मनाते हुए देखकर दिल बहुत खुश है, इससे बेहतर सालगिरह का जश्न नहीं हो सकता था, जैकी भगनानी." क्लिप में रकुल और जैकी खुशनुमा पलों के बीच परिवार के साथ खूब मस्ती करते नजर आए. इससे पहले भी रकुल प्रीत ने जैकी भगनानी संग मालदीव में मनाई छुट्टियों की झलक फैंस को सोशल मीडिया के जरिए दिखाई थी.

एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पति के साथ रोमांटिक पोज देते हुए एक तस्वीर शेयर की थी. तस्वीर में दोनों फ्लोटिंग मील का लुत्फ उठाते हुए नजर आए. एक्ट्रेस लाल रंग के स्विमसूट और सनग्लास में बेहद स्टाइलिश नजर आईं, जबकि जैकी शर्टलेस हैं और उन्होंने भी सनग्लास पहन रखा है. दोनों एक पूल में समुद्र के पास कैमरे के लिए पोज देते नजर आए. फ्लोटिंग मील ट्रे में पेस्ट्री, ब्रेड, तले हुए अंडे, फल समेत अन्य चीजें नजर आईं. वर्कफ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत अपनी हालिया रिलीज 'मेरे हसबैंड की बीवी' में अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर के साथ नजर आईं. रकुल जल्द ही 'दे दे प्यार दे 2' में 'आयशा खुराना' के रोल में नजर आएंगी. 'दे दे प्यार दे 2' 14 नवंबर को रिलीज होगी.

# महवश का उड़ाया मजाक

**अली गोनी क्रिकेट के बड़े शौकीन हैं। मैच के बाद अक्सर सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ लिखते हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद उन्होंने कुछ ऐसा लिखा जिसे लोग आरजे महवश पर कमेंट मान रहे हैं।**



बता दें कि मैच के दौरान महवश क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के बगल में बैठी थीं। युजवेंद्र और धनश्री का हाल ही में तलाक हुआ है। अब महवश और युजवेंद्र के अफेयर के चर्चे शुरू हो गए हैं। क्रिकेट फैन अली गोनी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल के बाद इंस्टा पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन लोग इसे आरजे महवश की तरफ इशारा मान रहे हैं। अली ने लिखा है, 'इंडियन टीम और कोच की मेहनत नहीं। हर भारतीय लड़की जो स्टेडियम में थी...सोशल मीडिया पर लिखती है 'मैं लकी हूं।'' अली ने कई सारे लाफिंग इमोजी बनाकर मजाक भी उड़ाया है। बता दें कि मैच के बाद आरजे महवश सुर्खियों में आईं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर जो लिखा उस पर हर किसी का ध्यान गया। महवश ने इंस्टाग्राम पर लिखा था, 'कहा था ना जिता के आऊंगी। मैं टीम इंडिया के लिए गुड लक हूं।' साथ में जो फोटोज और वीडियो क्लिप्स लगाए थे उनमें युजवेंद्र चहल



भी थे। धनश्री और युजवेंद्र के तलाक के बाद कई लोग धनश्री के लिए अमर्यादित कमेंट्स कर रहे थे। मैच के बाद धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है, औरत को दोष देना हमेशा फैशन में रहा है।

# रश्मिका मंदाना का शूटिंग पर पहला दिन

## साझा किए 'सिकंदर' के सेट पर अपने पसंदीदा पल

**बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की अगली फिल्म 'बम बम भोले' होली से ठीक पहले रिलीज कर दिया गया है। लॉन्च के साथ ही यह गाना इंटरनेट पर वायरल होने लगा है। फिल्म में रश्मिका मंदाना सुपरस्टार सलमान खान के अपोजिट नजर आएंगी।**



'एनिमल' और 'पुष्पा-2' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट दे चुकीं रश्मिका की यह अगली बड़ी फिल्म होगी। 'बम बम भोले' सॉन्ग रिलीज होते ही हिट हो गया है और रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर इस सॉन्ग की शूटिंग के दौरान अपने पसंदीदा पल साझा किए हैं।

रश्मिका मंदाना ने बताया कि यह उनका शूटिंग का पहला दिन था। सिकंदर फेम एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने लिखा, "होली पर एक छोटा सा सरप्राइज। सिर्फ आपके लिए। बम बम भोले। सिकंदर की शूटिंग पर मेरा पहला दिन, और ये गाने की शूटिंग के दौरान मेरे पसंदीदा पल।" एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी साझा की हैं। बातों-बातों में रश्मिका ने यह भी बता दिया है कि सिकंदर के लिए उन्होंने पहला शॉट ही इस गाने के लिए दिया था जिसमें वह काफी क्यूट और ब्यूटीफुल अवतार में नजर आ रही हैं। रश्मिका मंदाना के अलावा इस सॉन्ग में काजल अग्रवाल भी नजर आ रही हैं। बता दें कि 'बम बम भोले' फिल्म 'सिकंदर' का दूसरा गाना है। इससे पहले 'जोहरा जबीं' सॉन्ग रिलीज हुआ था जो कि लॉन्च के साथ ही वायरल हो गया था। सलमान खान फिल्म सिकंदर में फिर एक बार दमदार एक्शन करते नजर आएंगे जिसकी झलक फिल्म के सॉन्ग और टीजर में भी दिखाई जा चुकी है। ईद पर भाईजान फिर एक बार अपने फैंस के लिए तोहफा लेकर आने वाले हैं। लेकिन दर्शकों को फिल्म के ट्रेलर का इंतजार है।

# एनालिसिस टूल ने बताई ऐश्वर्या राय के चेहरे की खासियत

**बॉलीवुड एक्ट्रेस और मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय दुनिया की सबसे खूबसूरत औरत मानी जाती हैं। देश -विदेश में उनकी खूबसूरती के चर्चे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं ऐश्वर्या के चेहरे में ऐसा क्या है जो उन्हें दुनिया की सबसे खूबसूरत महिलाओं में से एक माना जाता है?**



हाल में एक फेशियल एनालिसिस टूल ने एक्ट्रेस के चेहरे को डिकोड करते हुए ये पता लगाया कि ऐश्वर्या का चेहरा सबसे खूबसूरत क्यों माना जाता है। एक वीडियो भी शेयर किया गया है जिसमें बारीकी से एक्ट्रेस के चेहरे का जांचा गया है।

क्यूव्स स्टूडियो की एक पोस्ट में ऐश्वर्या के चेहरे की खासियत को जांचा गया है। शेयर की गई इस वीडियो में बताया गया है कि एक्ट्रेस के चेहरे की बनावट पीछे साइंस है। एक्ट्रेस की धनुषाकार आईब्रो, माथे की हेयरलाइन, बड़ी आंखे, भरे हुए होंठ, खूबसूरत फीचर्स हैं। एक्ट्रेस की आंखों में नीले और हरे रंग का मिश्रण हैं जो उनके चेहरे की खूबसूरती को और ज्यादा निखारता है। ऐश्वर्या का नारीत्व ही उन्हें दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला बनाता है।

एक्ट्रेस की खूबसूरती के बारे में विदेश के पॉपुलर एक्टर्स भी बात कर चुके हैं। दुनिया भर में नाम कमाने वाले एक्टर भी ऐश्वर्या की खूबसूरती के दीवाने हैं।

बता दें, 1994 में ऐश्वर्या ने मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद 1997 में उन्होंने फिल्मों में कदम रखा। पहली बार एक्ट्रेस मणि रत्नम की तमिल फिल्म इरुवर में एक्टिंग करती नजर आई। इसके बाद उन्होंने फिल्म और प्यार हो गया बॉलीवुड में कदम रखा। ये दोनों ही फिल्में उसी साल रिलीज हुई थीं। इसके अलावा एक्ट्रेस ने हम दिल दे चुके सनम, देवदास और जोधा अकबर जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाई। एक्ट्रेस लंबे समय से स्क्रीन से गायब हैं। उनके फैंस उन्हें वापस से फिल्मों में देखने का इंतजार कर रहे हैं।

# सलमान की फिल्म के सेट पर मुझे कुछ बोलने नहीं दिया जाता था: दीया मिर्जा



दीया मिर्जा ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि तब हर चीज मेल एक्टर के हिसाब से होती थी। फीमेल एक्टर पर ध्यान नहीं दिया जाता था। उन्होंने अपनी बात समझाने के लिए सलमान खान की फिल्म 'तुमको ना भूल पाएंगे' का उदाहरण दिया। दीया ने जूम को दिए इंटरव्यू में कहा, "तुमको ना भूल पाएंगे को पंकज पाराशर ने डायरेक्ट किया है। जब मेरे पास ये फिल्म आई थी तब मैंने सोचा कि वाह! पंकज ने तो चालबाज डायरेक्ट की है। वह तो कमाल के डायरेक्टर हैं। हीरो भी सलमान खान हैं और फिल्म को प्रोड्यूस भी बड़े लोग कर रहे हैं। आपको बताऊं, उन्होंने उस फिल्म की कहानी पर तो बहुत पैसे लगाए थे, लेकिन स्क्रिप्ट ही नहीं तैयार की थी।" उन्होंने आगे कहा, "न हमारी कोई वर्कशॉप हुई थी। न कोई रीडिंग हुई थी। सीन भी भोजपुरी में लिखे गए थे। मैं राजस्थानी लड़की का किरदार प्ले कर रही थी, लेकिन डायलॉग्स भोजपुरी बोल रही थी। शूटिंग पर जाने से कुछ मिनट पहले मुझे मेरी लाइन्स दी जाती थीं। मेरे कपड़े उसी समय सिलते थे और मेरे पास आते थे। कोई ट्रायल नहीं होता था। अगर मैं कुछ बोलती थी तो मुझे चुप करा दिया जाता था।"



# गोविंदा ने सलमान के एक फोन कॉल पर छोड़ दी थी फिल्म बीवी नंबर 1

एक वक्त था जब एक्टर गोविंदा फिल्ममेकर्स की पहली पसंद हुआ करते थे। लगातार हिट फिल्में देने वाले एक्टर के पास एक दिन सलमान खान ने भी फोन किया था। ये मामला फिल्म बीवी नंबर 1 से जुड़ा है। इस फिल्म में करिश्मा कपूर, सुष्मिता सेन, तब्बू और अनिल कपूर ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म डायरेक्टर डेविड धवन ने डायरेक्ट की थी जो गोविंदा के साथ कई नंबर 1 फिल्म हिट दे चुके थे। गोविंदा ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कि जिस समय वो फिल्म बीवी नंबर 1 करने वाले थी उसी समय सलमान खान ने उन्हें फोन कर फिल्म छोड़ने को कहा था। एक्टर ने बताया सलमान ने उन्हें फोन कर कहा कि ची ची भैया आप वो फिल्म छोड़ दीजिए। गोविंदा ने कहा था, "सलमान ने मुझसे उस समय फिल्म के बारे में बात की और मुझे लगा कि उन्हें यह फिल्म मिलनी चाहिए। मैंने सोचा कि अगर मैं यह फिल्म छोड़ देता हूं तो सलमान को एक अच्छा मौका मिलेगा और उनकी फिल्मों में सफलता बढ़ेगी।

# कार्तिक और श्रीलीला के अफेयर की अफवाहों पर नोरा ने लिए मजे



**कार्तिक आर्यन का कुछ दिनों से श्रीलीला के साथ नाम जोड़ा जा रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों रिलेशनशिप में हैं। खैर दोनों ने तो इस पर कुछ कमेंट किया नहीं, लेकिन हाल ही में नोरा फतेही ने जरूर कार्तिक की टांग जरूर खींची। यह सब नोहा ने आईफा अवॉर्ड्स के दौरान किया।**

दरअसल, करण जो शो को होस्ट कर रहे थे वो बोलते हैं नोरा से कि क्या वह कार्तिक के साथ लंदन जाएंगी फर्स्ट क्लास टिकट में? तो इस पर नोरा पूछती हैं कि क्या मैं आपके साथ जा रही हूं? करण बोलते हैं कि वह कार्तिक के बारे में बोल रहे हैं। करण फिर नोरा से पूछते हैं कि क्या वह सिंगल हैं? नोरा फिर कार्तिक को चिढ़ाती हैं कि कोई है इस इंडस्ट्री में जिसको आपने डेट नहीं किया? वैसे आईफा अवॉर्ड्स से कार्तिक की मां का भी एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें उन्होंने कंफर्म किया था कि वह श्रीलीला को डेट कर रहे हैं। दरअसल, कार्तिक की मां से पूछा जाता है कि उन्हें कैसी बहू चाहिए तो वह बोलती हैं कि कार्तिक की पत्नी को एक अच्छा डॉक्टर होना चाहिए। इससे फैंस को बड़ा हिंट मिला था क्योंकि श्रीलाल ने मेडिकल की पढ़ाई की है। वहीं कार्तिक और श्रीलाल के कई वीडियोज भी वायरल हुए हैं जहां दोनों साथ में टाइम स्पेंड करते दिखे हैं। दोनों के अफेयर की खबरें तब आईं जब कार्तिक, श्रीलाल के फैमिली फंक्शन में दिखे। दोनों साथ में काफी अच्छा टाइम स्पेंड कर रहे थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक कार्तिक और श्रीलाल अब साथ में फिल्म में काम करने वाले हैं जिसे अनुराग बसु डायरेक्ट कर रहे हैं। हालांकि फिल्म का नाम अभी फाइनल नहीं हुआ है।





# IIFA अवॉर्ड्स में नहीं मिला नॉमिनेशन तो भड़के सोनू निगम

**आईफा अवॉर्ड्स इन दिनों काफी चर्चा में है। कुछ दिनों पहले ही कई स्टार्स जयपुर में पहुंचे जहां उन्होंने पूरा फंक्शन अटेंड किया और कई स्टार्स को अवॉर्ड्स भी मिले। अब सिंगर सोनू निगम ने आईफा अवॉर्ड्स को लेकर पोस्ट किया है और खुद को कोई नॉमिनेशन ना मिलने पर नाराजगी जाहिर की है।**



सोनू के इस पोस्ट पर फैंस उन्हें खूब कमेंट्स कर रहे हैं। किसी ने लिखा कि आपको किसी अवॉर्ड की जरूरत नहीं, आप तो खुद अवॉर्ड हो। एक ने लिखा कि आप हम सके लिए अवॉर्ड हो कि हम आपको सुन सकते हैं। कम ही लोग जानते हैं भगवान के दिए हुए गिफ्ट की वैल्यू करना। आप खुद में अवॉर्ड हैं सर। एक ने यह कमेंट किया कि आप गॉड ऑफ म्यूजिक हैं आपको अवॉर्ड मिले ना मिले इससे कोई फर्क नहीं पड़ता आप इस अवॉर्ड के स्तर से बहुत ऊपर के व्यक्तित्व हैं। एक ने लिखा कि यह सब फेक अवॉर्ड हैं सर, इसको लेकर चिंता ना करें। वहीं की फैंस इस मामले को कुछ दिनों पहले हुई सोनू के राजस्थान के मुख्य मंत्री के साथ हुए विवाद से भी जोड़ रहे हैं। दरअसल, सोनू का कुछ दिनों पहले एक कॉन्सर्ट था जिसमें कई दिग्गज लोग आए थे जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री और बाकी कई मंत्री भी आए थे।

# विधि पूर्वक और नियमों के साथ करें होलिका दहन



**हो**लिका दहन 13 मार्च दिन गुरुवार को किया जाएगा और अगले दिन यानी शुक्रवार को रंगों वाली होली खेली जाएगी। हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन किया जा है और इस छोटी होली भी कहा जाता है। होलिका दहन में तिथि, भद्रा और शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखा जाता है। लेकिन होलिका दहन पर इस बार सुबह 10 बजकर 35 मिनट से रात 11 बजकर 26 मिनट तक भद्रा का साया रहने वाला है। शास्त्रों के अनुसार, होलिका दहन कभी भी भद्रा काल में नहीं करना चाहिए। इसलिए लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि आखिर पूरे दिन भद्रा का साया रहने से होलिका दहन के लिए शुभ समय क्या होगा, आइए जानते हैं...

### बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व

होलिका दहन का पर्व बुराई पर अच्छाई के जीत के तौर पर मनाया जाता है और हर वर्ष यह पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। कहा जाता है कि विधि पूर्वक और नियमों के साथ होलिका दहन किया जाए तो सभी चिंता व परेशानियां भी उसी अग्नि में स्वाहा हो जाती हैं और परिवार में सुख-शांति का वास होता है। इस पर्व का सभी बेसब्री से इंतजार करते हैं और दूर दूर से अपने घरों में जाते हैं। इस शुभ दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के साथ चंद्र देव की भी पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से मानसिक शांति मिलती है और धन धान्य की कभी कमी नही होती।

### 13 मार्च को होलिका दहन

***फाल्गुन पूर्णिमा प्रारंभ***
*13 मार्च, सुबह 10 बजकर 35 मिनट से*
***फाल्गुन पूणिमा समापन***
*14 मार्च, दोपहर 12 बजकर 24 मिनट तक*
*13 मार्च को दिन और रात को पूर्णिमा तिथि होने की वजह से होलिका दहन इसी दिन किया जाएगा।*

### भद्रा का समय

**भद्रा काल** – 13 मार्च, सुबह 10 बजकर 35 मिनट से 11 बजकर 26 मिनट तक.
**भद्रा की पूंछ** – शाम 6 बजकर 57 मिनट से रात 8 बजकर 14 मिनट से
**भद्रा का मुख** – रात 8 बजकर 14 मिनट से रात 10 बजकर 22 मिनट तक

**13 मार्च को चंद्रमा सिंह राशि में संचार करेंगे, जिसकी वजह से भद्रा का साया मृत्यु लोक में रहेगा। शास्त्रों के अनुसार, जब भद्रा मृत्यु लोक में होती है, तब सबसे ज्यादा हानिकारक मानी जाती है। होलिका दहन पर भद्रा करीब 12 घंटे 51 मिनट तक रहेगी।**

### होलिका दहन पूजा-मुहूर्त

13 मार्च को होलिका दहन वाले दिन दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से दोपहर 3 बजे तक राहुकाल का समय रहेगा इसलिए इस अवधि में होली पूजन से बचें।

शास्त्रों के अनुसार, राहुकाल में पूजन करना अशुभ माना गया है। इसलिए होली पूजन का समय 10 बजकर 35 मिनट से 1 बजकर 29 मिनट तक रहेगा।

### रात 11 बजकर 26 मिनट तक भद्रा

13 मार्च को होलिका दहन वाले दिन होलिका दहन के लिए 1 घंटा 4 मिनट का समय मिलेगा। दरअसल रात 11 बजकर 26 मिनट तक भद्रा व्याप्त रहने की वजह से होलिका दहन नहीं किया जा सकेगा।

**होलिका दहन मुहूर्त – रात 11 बजकर 27 मिनट से मध्य रात्रि 12 बजकर 30 मिनट तक।**

## होली का इतिहास

**होली वह दिन होता है जब होलिका, जिसे अग्नि में अखंड रहने का वरदान प्राप्त था उन्होंने प्रह्लाद को अपनी गोद में बैठाकरअग्नि में प्रवेश किया था। उस समय भगवान विष्णु प्रह्लाद की सहायता के लिए आए और परिणामस्वरूप, होलिका अग्नि में जल गई, जबकि प्रह्लाद को कोई नुकसान नहीं हुआ। पुराणों की कहानियां एक आम आदमी के लिए पौराणिक कथाएं प्रतीत होती हैं,क्योंकि उनमें वर्णित घटनाएं अक्सर उन चीजों का उल्लेख करती हैं,जो अलौकिक या असली लगती हैं, उदाहरण के लिए, आग में बेदाग रहने की शक्ति या विष्णु नामक ऊर्जा का आह्वान। पुराण वास्तव में हमारे पूर्वजों के साथ घटित वास्तविक घटनाओं का इतिहास होते हैं, जिन्होंने कई हजार साल पहले धरती पर निवास किया था। इसलिए होली का इतिहास भी पुराणों से जुड़ा हुआ है।**



**होली का त्योहार मुख्य रूप से रंगों का त्योहार होता है और इस दिन का हिंदू धर्म में विशेष महत्त्व है। होली दो दिनों तक मनाई जाती है जिसमें पहले दिन होलिका दहन होता है जिसे छोटी होली भी कहा जाता है और दूसरे दिन रंगों का त्योहार होता है जिसमें लोग मिल जुलकर रंग खेलते हैं और खुशियां मनाते हैं। पानी के गुब्बारों और पिचकारी से बहुत पहले से ही होली खेलने का चलन चला आ रहा है। बहुत पहले होली केवल हिन्दू धर्म का त्योहार था लेकिन अब ये दुनिया भर में एक उत्सव की तरह मनाया जाता है। भारत के सबसे प्राचीन त्योहारों में से एक, होली को "होलिका" के नाम से भी जाना जाता था।**

# होली खेलने से पहले रखें इन बातों का ख्याल...

## होली सेलिब्रेशन के टिप्स

होली, रंगों का त्योहार, हर किसी के लिए खुशी और उमंग का अवसर होता है। यह दिन होता है जब लोग एक दूसरे के साथ मिलकर रंग खेलते हैं, पुराने गिले-शिकवे भूलकर नए रिश्तों की शुरुआत करते हैं। हालांकि यह त्योहार आनंद और उल्लास से भरा होता है, लेकिन इसे सुरक्षित और मजेदार तरीके से मनाने के लिए कुछ तैयारियां करना जरूरी होता है। सही तैयारी से आप न केवल होली का पूरा आनंद उठा सकते हैं, बल्कि खुद को और दूसरों को सुरक्षित भी रख सकते हैं। होली खेलने से पहले कुछ साधारण लेकिन महत्वपूर्ण तैयारी करना जरूरी है, ताकि त्योहार का आनंद बिना किसी दिक्कत के लिया जा सके। त्वचा की सुरक्षा, रंगों से बचाव, और शरीर की हाइड्रेशन जैसी कुछ आवश्यक तैयारियां आपको होली के दौरान सुरक्षित रखने में मदद करती हैं।

### त्वचा की सुरक्षा

होली के रंग त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए, होली खेलने से पहले अपनी त्वचा पर अच्छे से तेल या मॉइश्चराइज़र लगाएं। नारियल तेल, जैतून का तेल, या किसी भी अच्छी गुणवत्ता वाला तेल इस्तेमाल करें। इससे रंग त्वचा में समा नहीं पाएंगे और बाद में आसानी से हट जाएंगे।

### आंखों की सुरक्षा

आंखों में रंग पड़ने से जलन हो सकती है। इसलिए होली खेलने से पहले आंखों के आसपास तेल या क्रीम लगाएं। साथ ही, ढीली और हल्की आँखों की सुरक्षा के लिए चश्मा पहनने का भी विचार करें। इससे आंखों में रंग का असर कम होगा और आपको जलन से राहत मिलेगी।

### पुराने कपड़े पहनें

होली खेलने के दौरान रंगों से कपड़े खराब हो सकते हैं। इसलिए, होली के दिन पुराने कपड़े पहनें, जिन्हें आप बाद में धोकर फेंक सकें। सफेद या हल्के रंग के कपड़े पहनने से रंग अच्छे से दिखते हैं,लेकिन यह कपड़े जल्दी गंदे हो सकते हैं।

### शरीर को हाइड्रेट रखें

होली के दौरान शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। रंग खेलते समय शरीर में पानी की कमी हो सकती है, जिससे थकान या चक्कर आ सकते हैं। इसलिए होली खेलने से पहले और दौरान खूब पानी पीएं।

### हैंड ग्लव्स और फुटवेयर

होली खेलने में हाथों और पैरों का भी ख्याल रखें। रगड़े से हाथों में चुट या घाव हो सकते हैं, इसलिए अच्छे से हाथों में ग्लव्स पहनें। साथ ही, पैरों के लिए पुराने फुटवेयर पहनें ताकि रंग या पानी से आपके जूतों को नुकसान न हो।

### आवश्यक सामान तैयार रखें

होली खेलते वक्त आपके पास पानी, गुलाल, बालों के लिए शैम्पू, साबुन, और तौलिया होना चाहिए। इस प्रकार की तैयारी से बाद में सफाई में समस्या नहीं आएगी। होली खेलने के बाद इन सभी चीजों का उपयोग करना बहुत जरूरी है।

## होली पर लग रहा साल का पहला चंद्र ग्रहण

साल 2025 का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण 13 मार्च 2025 की रात से शुरु होने वाला यह चंद्र ग्रहण 14 मार्च की दोपहर तक चलेगा। ग्रहण का समय अलग-अलग देशों के टाइम ज़ोन के हिसाब से अलग होगा।

पूर्ण चंद्र ग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया के सबसे अंधेरे हिस्से, जिसे उपच्छाया के रूप में जाना जाता है, से गुजरता है। जब यह चंद्र सतह के 100% हिस्से को पूरी तरह से कवर करने के लिए अलाइन होता है, तो फुल "Warm Moon" लाल-नारंगी रंग में दिखाई देने से पहले धीरे-धीरे पीला हो जाता है।



लगभग 65 मिनट तक चलने वाली इस शानदार खगोलीय घटना के दौरान "Blood Moon" भी दिखेगा, ऐसा तब होगा जब चंद्रमा में पूर्ण चंद्र ग्रहण लग रहा होगा। उत्तर और दक्षिण अमेरिका के लोगों को ब्रह्मांडीय घटना का सबसे अच्छा नजारा दिखाई देगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी NASA के अनुसार, यह ग्रहण पश्चिमी गोलार्ध के कुछ अन्य क्षेत्रों में भी साफ आसमान तले देखा जा सकेगा। आपको बता दें कि मार्च में लगने वाले इस चंद्र ग्रहण के बाद अगला Lunar Eclipse नवंबर में लगेगा। गौर करने वाली बात है कि दुनियाभर की कुल आबादी का केवल 13% हिस्सा ही पूर्ण चंद्र ग्रहण के इस नजारे को देख पाएगा।

# किचन का चमत्कारी मसाला है हल्दी

**भा**रतीय रसोई में कई ऐसे मसाले इस्तेमाल होते हैं, जो खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ सेहत को भी फायदा पहुंचाते हैं। हल्दी इन्हीं मसालों में से एक है, जो कई सारे भारतीय व्यंजनों में इस्तेमाल की जाती हैं। हल्दी अपने विशेष स्वाद और रंग के लिए जानी जाती है। साथ ही यह अपने औषधीय गुणों के लिए भी काफी मशहूर है। ये मात्र एक मसाला नहीं, बल्कि एक ऐसा सुपरफूड है, जो कि लंबे जीवन के लिए फायदेमंद होता है। ये घाव भरने में मददगार होती है, कोलेस्ट्रॉल लेवल संतुलित बनाए रखने में मदद करती है, एजिंग प्रोसेस को धीमा करती है और कैंसर से भी बचाव करती है। ये एक ब्लड प्यूरीफायर है और एक हिमास्टैटिक एजेंट का काम भी करती है और पीरियड्स के क्रैम्प्स से राहत दिलाती है। सेहत के साथ-साथ यह स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। खाने के अलावा दूध में हल्दी डाल कर पीने के भी ढेरों फायदे हैं। साथ ही अपनी सुबह की चाय में भी एक चुटकी हल्दी डालकर पिया जा सकता है।

### दर्द और सूजन से राहत दिलाए

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन अपने तेज एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण जाना जाता है। ऐसे में इसे डाइट में शामिल करने से शरीर में होने वाले दर्द और सूजन से राहत मिलती है।

### सेल डैमेज से बचाए

हल्दी में कुछ ऐसे एंटी-ऑक्सीडेंट भी पाए जाते हैं, जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से लड़ते हैं और शरीर में होने वाले सेल डैमेज से बचाव करते हैं।

### इम्युनिटी बूस्ट करे

हेल्दी रहने के लिए इम्युनिटी मजबूत रहना जरूरी है। ऐसे में हल्दी आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाकर आपको कई तरह की बीमारियों और इन्फेक्शन से बचाती है। अगर आप भी अपना इम्यून सिस्टम बूस्ट करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में हेल्दी जरूर शामिल करें।

### हार्ट हेल्थ बेहतर रखे

हल्दी एंडोथीलियम, जो ब्लड वेसल की लाइनिंग होती है, उसकी फंक्शनिंग में सुधार लाता है। इससे हार्ट हेल्थ बेहतर होती है।

### पाचन तंत्र में सुधार

हल्दी के नियमित सेवन से पाचन तंत्र में सुधार होता है। इससे ब्लोटिंग और गैस जैसी समस्या से राहत मिलती है। इसलिए अपने रोज की डाइट में हल्दी किसी न किसी रूप में जरूर शामिल करनी चाहिए।

### बेहतर स्किन

हल्दी को किसी मास्क या फेस पैक के रूप में स्किन पर लगाने से स्किन हेल्थ बेहतर होती है। इससे स्किन साफ होती है, डार्क सर्कल्स कम होते हैं, मुंहासों से छुटकारा मिलता है, ड्राई स्किन मॉइश्चराइज होती है और असमय एजिंग से बचाव होता है।



# बाजार से सब्जी खरीदते समय ध्यान देने योग्य बातें

**बाजार से सब्जी खरीदते समय कई बार लोग केवल उनके रंग और आकार को देखकर ही खरीदारी कर लेते हैं, लेकिन यह तरीका हमेशा सही साबित नहीं होता। कई बार बाहर से ताजी दिखने वाली सब्जियां अंदर से खराब निकलती हैं। अगर आप सही तरीके से सब्जियां पहचानना सीख लें, तो हमेशा ताजी और अच्छी क्वालिटी की सब्जियां खरीद सकते हैं। कुछ टिप्स दिए गए हैं, जिनकी मदद से आप बिना गलती किए ताजा और पोषक सब्जियां चुन सकते हैं।**

- शिमला मिर्च खरीदते समय उसके निचले हिस्से पर ध्यान दें। अगर इसमें चार गांठें (लाइन्स) हैं, तो यह मीठी होगी और सलाद के लिए बेहतर होगी। अगर तीन गांठें हैं, तो यह तीखी होगी और पकाने के लिए अच्छी मानी जाती है।
- भिंडी की ताजगी जांचने के लिए उसके ऊपरी सिरे (टॉप) को हल्का मोड़कर देखें। अगर यह आसानी से टूट जाता है, तो भिंडी ताजी है। अगर यह मुड़ रहा है लेकिन टूट नहीं रहा, तो भिंडी पुरानी हो सकती है।
- फूलगोभी खरीदते समय उसके पीछे देखें। अगर वहां कीड़े दिखाई दें, तो उसे न खरीदें। अच्छी क्वालिटी की गोभी पूरी तरह बंद और सख्त होती है, जबकि पुरानी गोभी ढीली और बिखरी हुई लगती है।



- आलू खरीदते समय उसकी बनावट पर ध्यान दें। गोल और चिकने आलू अच्छे होते हैं। अगर आलू पर हरा निशान दिखे, तो उसे न लें, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।
- कद्दू की ताजगी जांचने के लिए उस पर नाखून गड़ाकर देखें। अगर नाखून आसानी से गड़ जाता है, तो कद्दू ताजा है। यदि यह ज्यादा सख्त है, तो यह अधिक पुराना हो सकता है।
- बैंगन खरीदते समय उसका वजन देखें। हल्के और मुलायम बैंगन ज्यादा अच्छे होते हैं। भारी बैंगन में ज्यादा बीज हो सकते हैं, जो स्वाद को प्रभावित कर सकते हैं।
- प्याज को खरीदते समय ध्यान दें कि वह पूरी तरह सूखा हो और उसका डंठल अच्छी तरह बंधा हो। अगर प्याज गीला या नरम लगे, तो वह ज्यादा दिनों तक टिकेगा नहीं।
- टमाटर खरीदते समय उसके रंग पर ध्यान दें। अगर तुरंत इस्तेमाल करना है, तो पूरी तरह लाल टमाटर लें। अगर कुछ दिनों बाद उपयोग करना है, तो हल्के हरे टमाटर खरीदें, क्योंकि वे धीरे-धीरे पकेंगे।
- नींबू की ताजगी परखने के लिए उसे हल्का दबाकर देखें। अगर नींबू नरम है, तो इसका मतलब है कि उसमें अधिक रस होगा। बहुत ज्यादा सख्त नींबू सूखा हो सकता है और उसमें कम रस मिलेगा। इन आसान टिप्स को अपनाकर आप बाजार से हमेशा ताजा और अच्छी क्वालिटी की सब्जियां खरीद सकते हैं।

# अच्छी यादाश्त होना किसी भी इंसान के लिए बहुत जरूरी

**एक अच्छी यादाश्त होना किसी भी इंसान के लिए बहुत जरूरी है। वो चाहे रोजमर्रा के काम हों या फिर जीवन के खास मौकों को संजोकर रखना हो, सभी चीजों के लिए अच्छी मेमोरी होना बहुत जरूरी है। कोई व्यक्ति जीवन में कितना आगे जाएगा यह भी कहीं ना कहीं उसके दिमाग और उसकी यादाश्त पर ही निर्भर करता है। हमें अक्सर लगता है कि बढ़ती उम्र के साथ ही यादाश्त कमजोर होती है,लेकिन आजकल हमारा लाइफस्टाइल कुछ ऐसा हो गया है कि इसका सीधा-सीधा असर हमारे ब्रेन की फंक्शनिंग पर भी पड़ता है। जाने-अनजाने में हम रोजमर्रा के जीवन में कुछ ऐसे काम कर बैठते हैं जो हमारी यादाश्त को कमजोर बनाने का काम करते हैं। आज हम कुछ ऐसी ही आदतों का जिक्र कर रहे हैं जो यदि आपने अपना रखी हैं, तो उन्हें जल्द से जल्द छोड़ दें।**



### पर्याप्त नींद ना लेना

ओवरऑल हेल्थ के लिए पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी है। नींद से ना सिर्फ शरीर की थकान दूर होती है बल्कि दिमाग भी रिलैक्स होता है। वही आपने नोटिस किया होगा कि पर्याप्त नींद ना लेने पर दिमाग थका-थका सा रहता है और ठीक तरीके से काम नहीं कर पाता है। दरअसल जब हम सो रहे होते हैं तो उस समय दिमाग दिन भर की जानकारी को प्रोसैस्ड कर के याददाश्त को मजबूत करता है। लेकिन प्रॉपर नींद ना लेने पर यह प्रक्रिया बाधित होती है, जिससे धीरे-धीरे याददाश्त कमजोर होने लगती है। इसीलिए कहा जाता है कि डेली 7 से 8 घंटे की नींद लेना बेहद जरूरी है।

### ज्यादा स्ट्रेस मेमोरी को करता है वीक


जो लोग ज्यादा स्ट्रेस लेते हैं उनकी याददाश्त भी धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है। स्ट्रेस यानी तनाव ब्रेन सेल्स को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाता है। दरअसल जब कोई व्यक्ति स्ट्रेस लेता है तो उसके ब्रेन में 'कोर्टिसोल' नाम का हार्मोन पैदा होता है। ये हार्मोन ब्रेन फंक्शन को बुरी तरह से प्रभावित करता है, जिसकी वजह से याददाश्त कमजोर होने लगती है। स्ट्रेस से बचने के लिए नियमित तौर पर योग और मेडिटेशन को अपने रूटीन में जरूर शामिल करें।

### एक साथ कई काम करने से दिमाग पर असर

आज की भाग दौड़-भरी जिंदगी में वर्कलोड इतना बढ़ गया है कि कई बार एक साथ कई काम करने पड़ जाते हैं। हालांकि मल्टीटास्किंग खुद में एक टैलेंट है और ये हर किसी के बस की बात नहीं है। लेकिन एक समय पर एक साथ कई काम करने से आपके दिमाग पर गहरा असर पड़ सकता है। इससे ना सिर्फ कार्य क्षमता प्रभावित होती है बल्कि मेमोरी पर भी इसका बैड इंपैक्ट पड़ता है।

# हरी धनिया लंबे समय तक हरी-भरी रखने के सिंपल टिप्स

**हरी सब्जियां सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती हैं लेकिन, इन्हें सुरक्षित रखना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसी ही हरी पत्ती है जो सब्जियों और पकवान के स्वाद को बढ़ा देती है। खाने की सुंदरता और स्वाद बढ़ाने में हरा धनिया बहुत उपयोगी होता है। हालांकि, इसके साथ दिक्कत ये है कि इसे ज्यादा समय तक सुरक्षित रखना मुश्किल होता है। आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं जिन्हें ध्यान में रखकर आप हरी धनिया को भी लंबे समय तक सुरक्षित रख पाएंगे..**



धनिया को घर पर 4 से 5 दिनों के लिए स्टोर करने के लिए इसे पानी से धुल कर अच्छे से टिशू पेपर से सुखा लें। इसके बाद इसे फ्रीज में टिशू पेपर पर लपेटकर रख सकते हैं। इससे 4 से 5 दिनों तक हरी धनिया हरी और ताजी बनी रहेगी। हरी धनिया को घर पर स्टोर करने के लिए इसे एक गहरे बर्तन में पानी डालकर इसकी जड़ वाले हिस्से को पानी में डूबा कर रख दें। इससे हरी धनिया चार से पांच दिनों तक ताजी और हरी बनी रहेगी।

ऐसे में घर पर आप एक दिन लाई हुई धनिया को आराम से 4-5 दिन इस्तेमाल कर सकते हैं। हरी धनिया को घर में स्टोर करने के लिए इसकी जड़ को काटकर हटा दें। इसके बाद इसे अच्छे से कपड़े की सहायता से सुखा लें और हरी धनिया को एक एयर टाइट कंटेनर में एयर टाइट कर फ्रिज में रख दें।

इससे हरी धनिया 6 से 7 दिनों तक हरी और ताजी बनी रहेगी। हल्दी के प्रयोग धनिया को ताजा बनाए रखने के लिए सहायता मिलती है। हल्दी को पानी में डालकर एक घोल तैयार कर लें। घोल में हरी धनिया डाल कर रख दें।